
शारदीय नवरात्रि की शुभकामनाएं

04 अक्टूबर 2024 शुक्रवार

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज





पूर्व विधायक मुन्ना शुक्ला समेत दो लोगों को हाईकोर्ट ने सुनाई उम्रकैद की सजा

2



# मुंगेर में मॉर्निंग वाक कर रहे राजद के प्रदेश महासचिव को बदमाशों ने मारी गोली, हालत स्थिर

## बिहार में अपराधी बेखौफ
## नीतीश सरकार पर सवाल

- घात लगाए बैठे बदमाशों ने पंकज यादव को सीने में मारी गोली
- कासिम बाजार थाना क्षेत्र के साफियाबाद हवाई अड्डा इलाके की सुबह पांच बजे की घटना

**केटी न्यूज/पटना**



बिहार के मुंगेर में राष्ट्रीय जनता दल के बड़े नेता और प्रदेश महासचिव पंकज यादव को मॉर्निंग वॉक के दौरान बाइक सवार बदमाशों ने गोली मार दी। घटना में पंकज यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके सीने में गोली लगी है। स्थानीय लोगों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। घटना की जानकारी मिलते ही पार्टी के नेताओं में गुस्सा फैल गया। उन्होंने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल किया है। घटना कासिम बाजार थाना क्षेत्र के साफियाबाद हवाई अड्डा इलाके की है। पंकज यादव प्रतिदिन की तरह सुबह करीब 5 बजे वॉक के लिए निकले थे। तभी घात लगाए तीन बदमाशों ने उनपर फायरिंग कर दी। गोली की आवाज से टहलने निकले आसपास के लोग दहशत में आ गए। इधर, घटना को अंजाम देने के बाद सभी बदमाश बाइक से फरार हो गए। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। घायल पंकज यादव को मुंगेर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।



**दाहिने साइड सीने में लगी गोली:** गोली लगने से घायल हुए पंकज यादव को पहले सदर अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर उन्हें रेफर कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक, पंकज यादव के दाहिने साइड सीने में गोली लगी है। डॉक्टरों की टीम द्वारा उनका इलाज चल रहा है। घटना की जांच की जा रही है। आरोपियों की पहचान कर उन्हें तलाशा जा रहा है। पुलिस का कहना है कि घटना जिसने भी की है उसे जल्द पकड़ा जाएगा। केस दर्ज कर अपराधियों को पकड़ने के लिए छापेमारी की जा रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, इलाज के दौरान गोली निकाल दी गई है और पंकज यादव की हालत स्थिर बताई जा रही है। एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने दोनों आरोपियों में से एक की आपराधिक पृष्ठभूमि का दावा किया है। हालांकि पुलिस ने अभी तक अपराधियों की पहचान सार्वजनिक नहीं की है। घटना पर पंकज यादव का बयान भी आया है। उन्होंने कहा, मैं खेत में टहल रहा था तभी हमलावर आए और मुझ पर गोली चला दी। उसके बाद मैं बेहोश हो गया।

### पैसों की लेन देन को लेकर हमला की बात आ रही सामने

पंकज यादव राष्ट्रीय जनता दल के सक्रिय नेता हैं। वह मुंगेर के ही कासिम बाजार थाना क्षेत्र के नवटोलिया के रहने वाले हैं। परिजनों के मुताबिक, पंकज रोजाना सुबह साफियाबाद हवाई अड्डा मैदान में टहलने जाते हैं। गुरुवार की सुबह भी वह घर टहलने के लिए निकले थे। उन्हें खबर मिली कि पंकज को गोली मार दी गई है। ये सुनते ही घर में कोहराम मच गया। एसडीपीओ राजेश कुमार ने बताया कि उन्हें एक फोन कॉल प्राप्त हुआ, जिसमें राजद के महासचिव पंकज यादव को गोली मारे जाने की सूचना मिली। मैंने डॉक्टरों और दूसरे लोगों से बातचीत की, वह खतरे से बाहर हैं। मामले की तफ्तीश कर रहे हैं। कुछ लोगों का नाम सामने आया है। सूत्र बता रहे हैं कि पैसों की लेन देन को लेकर हमला किया गया है।

### विपक्षी के नेताओं को किया जा रहा टारगेट: राजद

बिहार में विपक्षी दलों के नेता-कार्यकताओं को टारगेट किया जा रहा है। सुशासन खत्म हो चुका है, जिस तरह उत्तर प्रदेश में खास लोगों को निशाना बनाया जा रहा है उसी रास्ते पर बिहार है। उत्तर प्रदेश और बिहार में कोई अंतर नहीं रह गया है। जानबूझकर विपक्षी नेताओं को टारगेट किया जा रहा है।

## खबरें फटाफट

### कोर्ट की मर्यादा का ध्यान रखें वकील: चीफ जस्टिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने एक वकील को फटकार लगा दी। अदालत में वकील को उस समय चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की नाराजगी का सामना करना पड़ा जब उसने बताया कि उसने कोर्ट के आदेश की जानकारी कोर्ट मास्टर से ली है। चीफ जस्टिस ने फटकार लगाते हुए कहा कि वकीलों को कोर्ट की मर्यादा का ध्यान रखना चाहिए। दरअसल सुप्रीम कोर्ट में एक वकील ने बताया कि उसने आदेश की जानकारी कोर्ट मास्टर से ली है तो चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ भड़क गए। उन्होंने कहा, 'तुम्हारी हिम्मत कैसे हुई कोर्ट मास्टर से पूछने की कि मैंने कोर्ट में क्या आदेश दिया? कल को तुम मेरे घर आकर मेरे निजी सचिव से पूछोगे कि मैं क्या कर रहा हूं? वकीलों को कुछ समझ है या नहीं?' चीफ जस्टिस ने आगे कहा, 'ये हरकतें दोबारा मत करना, मेरे पास अब ज्यादा समय नहीं है।' उन्होंने यह भी कहा कि वह अभी भी थोड़े समय के लिए ही सही वे चीफ जस्टिस हैं। यह टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि 10 नवंबर को वह रिटायर हो रहे हैं।

## केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में लिये गए कई महत्वपूर्ण फैसले

# पीएम राष्ट्रीय कृषि विकास योजना और कृषि उन्नति योजना को मंजूरी

- किसानों से जुड़ी दोनों योजनाओं के लिए तय किया गया है 101321 करोड़ रुपये का बजट

**एजेंसी/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में गुरुवार को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें कई बड़ी योजनाओं को मंजूरी दी गई। दिवाली से पहले जहां किसानों की आय बढ़ाने के लिए दो बड़ी योजनाओं को मंजूरी दी गई है तो वहीं रेलवे कर्मचारियों को भी बोनस देने पर सहमति जताई गई है। बैठक में लिए गए फैसलों की विस्तृत जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि पीएम राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अलावा किसानों से जुड़ी कई योजनाओं को मंजूरी दी गई है। इसके अलावा चेन्नई मेट्रो फेज-2 को भी मंजूरी दी गई है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बैठक में जो सबसे बड़ा फैसला लिया गया, वह किसानों की आय बढ़ाने और मध्यम वर्ग के लोगों को खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने से जुड़ा है. इसके दो स्तंभ हैं- पीएम राष्ट्रीय कृषि विकास योजना और कृषोन्ति योजना। इन दोनों योजनाओं के लिए 1,01,321 करोड़ रुपये का बजट तय किया गया है। इन दोनों के अंतर्गत 9-9 योजनाएं शामिल की गई हैं। इसमें से कई चीजें उनका सीधा कनेक्शन किसानों की आय और मिडिल क्लास परिवारों की थाली से है। केंद्र सरकार ने भारत को खाद्य तेलों के मामले में आत्मनिर्भर बनाने के लिए 10,103 करोड़ रुपये के आउटले के साथ खाद्य तेल-तिलहन पर राष्ट्रीय मिशन को मंजूरी दी है।

### किसानों की आय बढ़ाने के लिए मोदी सरकार ने लिया बड़ा फैसला



### रेलवे कर्मचारियों को 78 दिनों के बोनस के भुगतान को मंजूरी

रेलवे कर्मचारियों को बोनस का तोहफा देने की मंजूरी कैबिनेट ने दे दी है। रेलवे में उत्कृष्ट प्रदर्शन को मान्यता देते हुए कैबिनेट ने 11,72,240 रेलवे कर्मचारियों को 2028.57 करोड़ रुपये के 78 दिनों के बोनस के भुगतान को मंजूरी दी है। यह राशि विभिन्न श्रेणियों के रेलवे कर्मचारियों जैसे ट्रैक मेंटेनर, लोको पायलट, ट्रेन मैनेजर (गार्ड), स्टेशन मास्टर, पर्यवेक्षक, तकनीशियन, तकनीशियन हेल्पर, पॉइंट्समैन, मंत्रालयिक कर्मचारी और अन्य ग्रुप एक्ससी कर्मचारियों को दी जाएगी।

**चेन्नई मेट्रो फेज 2 को भी मंजूरी:** अश्विनी वैष्णव ने बताया कि चेन्नई मेट्रो फेज 2 को भी मंजूरी मिली है। इस पर 63,246 करोड़ रुपये खर्च होंगे। ये फेज 119 किलोमीटर का होगा. इसमें 120 स्टेशन होंगे। इसके निर्माण के लिए केंद्र और राज्य का 50-50 फीसदी शेयर होगा। इसके साथ ही 5 भाषाओं को क्लासिकल भाषा मे दर्जा दिया गया है। मराठी, पाली, प्राकृत, असमिया और बंगाली भाषा को क्लासिकल भाषा का दर्जा दिया गया है। तमिल, संस्कृत, तेलगु, कन्नड़, मलयालम, ओड़िया को पहले से ही क्लासिकल भाषा का दर्जा प्राप्त था।

### बिहार में बाढ़ का मंजर भयंकर होता जा रहा है: खरगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बिहार में बाढ़ से जानमाल के नुकसान पर गुरुवार को दुख जताया और केंद्र एवं राज्य सरकार से आग्रह किया कि राहत तथा बचाव कार्यों में तेजी लाई जाए। खरगे ने यह भी कहा कि बाढ़ पीड़ितों को पीएम केयर्स' कोष से मुआवजा दिया जाना चाहिए।

खरगे ने एक्स' पर पोस्ट किया, बिहार में बाढ़ का मंजर भयंकर होता जा रहा है। 17 ज़िलों में करीब 15 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हैं और पिछले कुछ दिनों में कई लोगों की मृत्यु का समाचार बेहद पीड़ादायक है। पुल टूट गए हैं और खासकर उत्तरी बिहार में आपदा के चलते नागरिकों के घर उजड़ गए हैं। उन्होंने कहा, केंद्र और राज्य सरकार से हमारी मांग है कि राहत और बचाव कार्यों में तेजी लाई जाए ताकि पीड़ितों को त्वरित मदद मिल सके। विषम परिस्थितियों में भारतीय वायुसेना, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें जो मदद कर रही है, उनका हम तहे दिल से धन्यवाद करते हैं। पर अभी भी राज्य सरकार की एजेंसियों द्वारा काफी मदद की बेहद जरूरत है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र सरकार को पीएम केयर्स' कोष से हर बाढ़ पीड़ितों को पर्याप्त मुआवजा देना चाहिए और राज्य सरकार की सहायता करनी चाहिए।

## राहुल बोले... भाजपा-आरएसएस के लोग केवल नफरत फैलाते हैं

**एजेंसी/नूंह**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को हरियाणा की जनता से भारतीय जनता पार्टी को सत्ता से उखाड़ फेंकने का आह्वान किया तथा कहा कि कांग्रेस धर्म, भाषा और जाति के आधार पर भाजपा द्वारा फैलाई जा रही नफरत को सफल नहीं होने देगी। नूंह में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने भाजपा पर तीखे हमले किए और कहा कि आज मोहब्बत और नफरत के बीच लड़ाई है। पिछले साल नूंह में विश्व हिंदू परिषद के जुलूस पर भीड़ द्वारा हमला किए जाने के बाद हिंसा भड़क गई थी जिसमें दो होम गार्ड और एक मौलवी सहित छह लोगों की मौत हो गई थी। राहुल गांधी ने विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार के आखिरी दिन आरोप लगाया कि कि कांग्रेस प्यार फैलाती है जबकि भाजपा नफरत फैलाती है। हरियाणा की सभी 90 विधानसभा सीट के लिए पांच अक्टूबर को मतदान होगा। मतणना आठ अक्टूबर को होगी।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, सबसे महत्वपूर्ण चीज भाईचारा है। भाजपा और आरएसएस के लोग जहां भी जाते हैं, नफरत फैलाते हैं। वे जिस भी राज्य में जाते हैं, कहीं भाषा के बारे में बात करते हैं, कहीं वे धर्म के बारे में बात करते हैं और कहीं वे जाति के बारे में बात करते हैं। गांधी का कहना था, नफरत को खत्म करना होगा। भारत नफरत का देश नहीं है, यह मोहब्बत का देश है। आपने यह पूरे देश को दिखाया है। उन्होंने कहा कि भारत मोहब्बत की दुकान' का देश है, नफरत का बाजार' का नहीं है। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा, हम देश में इस नफरत को जीतने नहीं देंगे। देश में प्यार, भाईचारा और एकता की जीत होगी।



उनका कहना था, नफरत से देश कमजोर होता है। नफरत से दुख और डर फैलता है। प्यार ही है जो नफरत की दवा है। प्यार से भाईचारा फैलता है और प्यार से देश आगे बढ़ता है। हम प्यार की बात करते हैं लेकिन वे (भाजपा) नफरत फैलाते हैं और देश को तोड़ने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा कि संविधान ने गरीबों, किसानों और मजदूरों के अधिकारों की रक्षा की है, लेकिन भाजपा और आरएसएस संविधान पर हमला करने पर तुले हुए हैं।

## अयोध्या में 161 फुट ऊंचे राम मंदिर के शिखर का निर्माण कार्य शुरू

**एजेंसी/अयोध्या**

अयोध्या में राम मंदिर के शिखर का निर्माण कार्य गुरुवार को शुरू हो गया। मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने जानकारी दी कि 161 फुट ऊंचे राम मंदिर के शिखर का निर्माण अगले चार महीनों में पूरा होने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि इस निर्माण के साथ ही परिसर में सात ऋषियों को समर्पित सात मंदिरों के निर्माण में भी तेजी लाई गई है, और इन मंदिरों के भी अगले चार महीने में तैयार होने की संभावना है। आपको बता दें कि अयोध्या में निमार्णाधीन राम मंदिर का शिखर नागर शैली में बनाया जा रहा है। इस शिखर का डिजाइन सोमपुरा आर्किटेक्ट्स ने तैयार किया है, जिसे ट्रस्ट द्वारा पहले ही अंतिम रूप दिया जा चुका है। शिखर पर धर्म ध्वज भी लगाया जाएगा, जो मंदिर के धार्मिक महत्व को दर्शाता है। मंदिर का शिखर निर्माण सबसे चुनौतीपूर्ण कार्यों में से एक माना जाता है।

## आरजी कर अस्पताल में लगी मूर्ति पर विवाद

**एजेंसी/कोलकाता**

आरजी कर अस्पताल और मेडिकल कॉलेज में जिस ट्रेनी डॉक्टर का बलात्कार और हत्या की गई थी, उसी कैम्पस में उसकी मूर्ति लगाई गई है। इसे लेकर विवाद खड़ा हो गया है। जूनियर डॉक्टर्स के इस कदम का विरोध हो रहा है। मूर्ति का नाम क्राई ऑफ द आवर है। इसे उस इमारत के पास रखा गया है, जिसमें आरजी कर के प्रिंसिपल का दफ़्तर है।

जिन्होंने ये मूर्ति बनाई है, उनका नाम असित सैन है। उनके मुताबिक, इस मूर्ति में पीड़िता की ज़िंदगी के अंतिम क्षणों की पीड़ा और भय दिखाने का प्रयास है। प्रतिमा को एक पेडेस्टल पर जड़ा गया है। इसमें एक महिला रो रही है। हालांकि, सोशल मीडिया पर इस मूर्ति की बहुत निंदा की जा रही है। इसे अपमानजनक और विचलित करने वाला बताया जा रहा है। तृणमूल कांग्रेस के नेता कुणाल घोष ने भी मूर्ति लगाने के लिए डॉक्टरों की आलोचना की है। कहा कि यह पीड़िता का नाम और पहचान उजागर करता है, जो सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों के खिलाफ है। उन्होंने पोस्ट किया कि कोई भी ज़िम्मेदार व्यक्ति ऐसा नहीं कर सकता। कला के नाम पर भी नहीं। हालांकि, आरजी कर अस्पताल के डॉ देबदत्त का तर्क है कि उन्होंने कोई नियम नहीं तोड़ा है, न अदालत के आदेश की अनदेखी की है।



## उप्र में 65 हजार से अधिक हेक्टेयर है गोचर भूमि, 27 हजार से अधिक अब तक कब्जा मुक्त

# गोचर भूमि को कब्जा मुक्त कराने के लिए चलेगा विशेष अभियान

**केटी न्यूज/लखनऊ**

सरकार प्रदेश भर में गोचर भूमि को अवैध कब्जाधारियों से मुक्त कराने के लिए विशेष अभियान चलाने जा रही है। सीएम योगी ने इसके लिए नोडल अधिकारियों को नियुक्त करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही अभियान की रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को उपलब्ध कराने के भी आदेश दिये हैं। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान लापरवाही बदार्शत नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोवंश को हरा चारा, भूसा और पौष्टिक पशुआहार उपलब्ध कराने के लिए फैसला लिया है। इसी क्रम में प्रदेश के 12 जिलों में 27 हजार से अधिक गोचर भूमि को शत प्रतिशत कब्जामुक्त किया जा चुका है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में एक उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों को गोचर भूमि को अवैध कब्जाधरियों से मुक्त कराने के निर्देश दिये हैं। ऐसे में सीएम योगी की मंशा के अनुरूप अभियान को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए नोडल अधिकारियों की सूची तैयार की जा रही है ताकि अभियान की प्रॉपर मानीटरिंग हो सके। वहीं नोडल अधिकारियों को प्रतिदिन अभियान की रिपोर्ट शासन को सौंपनी होगी। सीएम योगी के निर्देश पर प्रदेश भर में गोचर भूमि की सूची तैयार की जा रही है ताकि यह स्पष्ट हो सके कि कितनी गोचर भूमि पर कब्जा है। इसी के अनुसार जिलावार अभियान को चलाया जाएगा। बता दें कि समय-समय पर गोचर भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त करने के लिए अभियान चलाया जाता है। इसी क्रम में एक बार फिर वृहद स्तर पर अभियान चलाया जाएगा। सीएम योगी ने यह भी निर्देश दिये हैं कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में निराश्रित गोवंश का वास्तविक आंकलन करें और गो-आश्रय स्थलों में अतिरिक्त शेड का निर्माण करें। गोआश्रय स्थलों की साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था हो, कहीं पर भी कीचड़ और जल भराव की स्थिति उत्पन्न न हो। सभी आश्रय स्थलों में भूसा, हरा चारा, पानी आदि की समुचित व्यवस्था होनी चाहिये। मृत गोवंश को ससम्मान एवं ठीक विधि से दफनाने की व्यवस्था हो।



### प्रदेश के 37,488.25 हेक्टेयर गोचर भूमि पर है अतिक्रमण

प्रदेश भर में राजस्व अभिलेखों के अनुसार 65,177 हेक्टेयर गोचर भूमि है। इनमें हरदोई में 4,599 हेक्टेयर, कानपुर नगर में 3,678 हेक्टेयर, रायबरेली में 3349 हेक्टेयर, लखनऊ में 3,077 हेक्टेयर, फतेहपुर में 2805 हेक्टेयर और अमेठी में 2,005 हेक्टेयर गोचर भूमि है। वहीं अब तक 27,688.75 हेक्टेयर गोचर भूमि कब्जामुक्त करायी जा चुकी है, जिसका प्रतिशत कुल गोचर भूमि का 42.48 प्रतिशत है। वहीं 37,488.25 हेक्टेयर गोचर भूमि को कब्जामुक्त कराने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा।



# सीएम ने जेपी गंगा पथ के कृष्णा घाट लिंक रोड और गायघाट अप रैंप का किया लोकार्पण

- दीघा से गायघाट और कृष्णा घाट तक आना-जाना होगा आसान
- अशोक राजपथ पर लगने वाले जाम से लोगों को मिलेगी निजात
- अब आने-जाने के लिए लोग कृष्णा घाट लिंक पथ से जेपी गंगा पथ का कर सकेंगे उपयोग





**केटी न्यूज/पटना**

अब दीघा से गायघाट और कृष्णा घाट तक आना-जाना आसान हो जाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को पटना जेपी गंगा पथ के गाय घाट पर कृष्णा घाट कनेक्टिविटी और अपरैंप कनेक्टिविटी का लोकार्पण किया। इस कार्यक्रम में दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा के अलावे जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का जेपी गंगा पथ यानी गंगा मरीन ड्राइव ड्रीम प्रोजेक्ट है, जिसमें दीघा से दीदारगंज के बीच 20.5 किलोमीटर जेपी गंगा पथ का निर्माण होना है। गंगा के किनारे बन रहे इस पथ में अब तक दीघा से कंगन घाट तक 17 किलोमीटर का जेपी गंगा पथ आवागवन शुरू है। दीदारगंज तक अगले साल की शुरूआत में बनकर तैयार हो जाएगा। कोईलवर तक इसके विस्तार को लेकर भी काम हो रहा है। डीपीआर बनाने का मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया है। जेपी गंगा पथ 90 किलो मीटर में निर्माण होना है। वैसे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मोकामा तक जेपी गंगा पथ को बढ़ाने का निर्देश दिया है। मोकामा से आरा-कोईलवर तक केवल पटना के लोगों को बल्कि गंगा के उस पार जाने में भी काफी सहूलियत होगी। मुख्यमंत्री ने जेपी गंगा पथ के कृष्णा घाट सम्पर्कता और गायघाट अप रैम्प का उद्घाटन करके पटनावासियों को यातायात की सुविधा प्रदान की है। इनके शुरू होने से अशोक राजपथ पर लगने वाले जाम से लोगों को निजात मिलेगी। अब लोग कृष्णा घाट लिंक पथ से जेपी गंगा पथ का उपयोग कर सकेंगे। गायघाट में बने अप रैंप से भी लोगों को जेपी गंगा पथ पर आने-जाने में आसानी होगी।

**पटना सिटी में नवनिर्मित आईटीआई भवन का उद्घाटन:** बिहार के 87 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में सात निश्चय-2 के अन्तर्गत सेंटर ऑफ एक्सिलेंस की स्थापना की योजना है। गुरुवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इनके भवन निर्माण के लिए 408.75 करोड़ रुपये की योजनाओं का शिलान्यास किया। इस क्रम में मुख्यमंत्री ने गुरुवार को पटना सिटी में नवनिर्मित आईटीआई के भवन का उद्घाटन किया। इसके पश्चात उन्होंने प्रशासनिक भवन, मेकेनिकल वर्कशॉप, टेक्निकल वर्कशॉप जाकर वहां की कार्य पद्धतियों एवं व्यवस्थाओं की शिक्षकों एवं छात्रों से जानकारी ली। इससे राज्य के आईटीआई में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को आधुनिक प्रशिक्षण मिल सकेगा जिसके आधार पर बेहतर नौकरी, रोजगार या अपना उद्योग लगाने का अवसर मिलेगा।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी व विजय कुमार सिन्हा, विधानसभा अध्यक्ष नन्दकिशोर यादव, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, भवन निर्माण मंत्री जयंत राज, विधानपार्षद रवीन्द्र प्रसाद सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, भवन निर्माण विभाग के सचिव सह मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, श्रम संसाधन विभाग के सचिव दीपक आनंद, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, पटना के जिलाधिकारी डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, एसएसपी राजीव मिश्रा उपस्थित थे।

## रेप केस में बिहार के पूर्व मंत्री वृषिण पटेल को मिली जमानत

**पटना।** बिहार के पूर्व मंत्री वृषिण पटेल को पटना हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। उन पर मुजफ्फरपुर की एक नाबालिग लड़की ने रेप का आरोप लगाया था। पटना हाई कोर्ट ने उन्हें अग्रिम जमानत दे दी है। पूर्व मंत्री वृषिण पटेल पर दो साल तक रेप करने का गंभीर आरोप लगा है। लड़की मुजफ्फरपुर की रहने वाली है। पीड़िता ने साल 2023 में मुजफ्फरपुर के पॉक्सो अदालत में शिकायत दर्ज कराई थी। उसने आरोप लगाया था कि वृषिण पटेल उसे पटना ले जाकर उसके साथ रेप और शारीरिक शोषण करते थे। वृषिण पटेल ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर उसका वीडियो भी बनाया और उसे वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करते रहे।

# पूर्व विधायक मुन्ना शुक्ला समेत दो लोगों को उम्रकैद की सजा

**पूर्व मंत्री बृज बिहारी प्रसाद की हत्या का मामला**

**केटी न्यूज/पटना**

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को बिहार के पूर्व मंत्री बृज बिहारी प्रसाद की 1998 में हुई हत्या के मामले में सजा का एलान किया। कोर्ट ने पूर्व विधायक मुन्ना शुक्ला समेत दो लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। जस्टिस संजीव खन्ना, संजय कुमार और आर महादेवन की पीठ ने सभी आरोपियों को बरी करने के पटना हाईकोर्ट के फैसले को आंशिक रूप से खारिज कर दिया।

कोर्ट ने दोषियों मंटू तिवारी और पूर्व विधायक शुक्ला को 15 दिनों के भीतर आत्मसमर्पण करने को कहा। हालांकि, शीर्ष कोर्ट ने पूर्व सांसद सूरजभान सिंह समेत छह अन्य आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुए हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार उन्हें बरी करने के फैसले को बरकरार रखा। पीठ ने कहा कि मंटू और विजय कुमार शुक्ला उर्फ मुन्ना शुक्ला के खिलाफ आईपीसी की धारा 302 (हत्या) और 307 (हत्या का प्रयास) के तहत आरोप साबित होते। उन्हें 15 दिनों के अंदर आत्मसमर्पण करना होगा।

इससे पहले 24 जुलाई 2014 को हाईकोर्ट ने कहा था कि अभियोजन पक्ष के सबूतों और गवाहों को मद्देनजर रखते हुए सूरजभान सिंह उर्फ सूरज सिंह, मुकेश सिंह, लल्लन सिंह, मंटू तिवारी, कैप्टन सुनील सिंह, राम निरंजन चौधरी, शशि कुमार राय, मुन्ना शुक्ला और राजन तिवारी संदेह का लाभ पाने के हकदार हैं। कोर्ट ने निचली अदालत के 12 अगस्त 2009 के उस आदेश को खारिज कर दिया था, जिसमें उन्हें दोषी ठहराया गया था और सभी आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी।



### भाजपा की पूर्व सांसद ने दी थी फैसले को चुनौती

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पूर्व सांसद और बृज बिहार प्रसाद की पत्नी रमा देवी सीबीआई ने साक्ष्य के अभाव में आरोपियों को बरी करने के फैसले को चुनौती दी थी। उन्होंने कोर्ट के 2014 के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

**मोतिहारी के चकिया प्रखंड क्षेत्र का मामला, युवकों की मौत से मचा कोहराम**

# मोतिहारी में हादसा...नदी में डूबने से दो युवकों की मौत, दो की बची जान

**केटी न्यूज/पटना**

मोतिहारी के चकिया प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बूढ़ी गंडक नदी स्थित नरहर पकड़ी पुल के पास दो युवकों की पानी में डूब जाने से मौत हो गई। जबकि डूब रहे दो अन्य युवकों को ग्रामीणों ने बचा लिया। सूचना पर पहुंची एनडीआरएफ की टीम लापता युवकों की तलाश में जुटी है।

बता दें कि दुर्गा पूजा को लेकर पूजा स्थल से भव्य कलश यात्रा निकाली गई थी। वहीं, श्रद्धालु जलबोझी कर अपने गंतव्य को लौट चुके थे। इसी बीच चार युवक स्नान करने के लिए नदी में उतर गए। देखते ही देखते चारों युवक गहरे पानी में चले गए। युवकों को डूबता देख मौजूद ग्रामीणों ने तैरकर ग्राम भरथुहियां वार्ड नंबर-13 निवासी रंभू साह के 13 वर्षीय पुत्र प्रिंस कुमार तथा विजय राय के 25 वर्षीय पुत्र सुधांशु कुमार को बचा लिया गया। साथ ही ग्राम चकवारा वृत वार्ड नंबर-7 निवासी रंजीत भगत का 16 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार और मुकेश कुमार ठाकुर का 17 वर्षीय पुत्र यतेंद्र कुमार उर्फ सत्यम नदी की तेज धारा में बह गया। सूचना पर पहुंचे एनडीआरएफ इंस्पेक्टर राजीव कुमार के नेतृत्व में दो बोट के साथ डूबे हुए युवक के तलाश में जुटी है। घटना की खबर क्षेत्र में तेजी से फैल गई तथा घटना स्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। वहीं, मुखिया पति सह समाजसेवी सुरेंद्र राय ने बताया कि बच्चों के डूबने की खबर से पर्व का उत्साह मातम में बदल गया है। पूरे गांव में शोक की लहर है।



## दरभंगा में पॉलिथिन वितरण के दौरान नदी में डूबने से युवक की मौत

**पटना।** दरभंगा के कुशेस्वरस्थान अरराही गांव में बाढ़ पीड़ितों के बीच पॉलिथिन वितरण के दौरान एक युवक की मौत नदी मे डूबकर हो गई है। स्थानीय लोगों ने घटना स्थल से शव को निकालकर सीएचसी ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया है। स्थानीय अंचल अधिकारी ने थाना के माध्यम से शव डीएमसीएच भेजकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। मृतक की पहचान बुचो ठाकुर (32) के रूप में कई गई है। बाढ़ के पानी में डूबने से एक व्यक्ति की मौत की पुष्टि खुद दरभंगा के जिलाधिकारी राजीव रौशन ने अपने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान मीडिया को देते हर कहा कि एक दिन पहले किरतपुर में एक बच्ची का शव पानी में मिला था जबकि आज दरभंगा के कुशेश्वरस्थान में बूचो ठाकुर की मौत बाढ़ के पानी में डूबने से हुई है। वह अपने घर से कही जा रहे थे, तभी उनका पांव फिसल जाने के कारण नदी में गिर गए। इस कारन उनकी मौत हो गयी है। इसके आलावा बाढ़ में मौत की कोई बड़ी घटना की सूचना नहीं है। वहीं किरतपुर प्रखंड में एक बच्चे की डूबने से मौत हुई है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि बहुत लोग बेवजह अपने मोबाइल में सेल्फी बनाने और वीडियो बनाने नदी किनारे या बाढ़ के पानी के पास जाते हैं और बड़ी घटना हो जाती है। ऐसे में बेवजह ऐसे जगहों पर जाने से बचे और यह काम बिल्कुल न करें। ऐसी में थोड़ी सी चूक से बड़ी घटना होने की सम्भावना बनी रहती है। इसे टाला जा सकता है। उन्होंने छोटे-छोटे बच्चों के माता पिता से भी आग्रह किया कि वह अपने बच्चों पर नजर रखें ताकि ज्यादा पानी की जगह बच्चे न जा सके।

**एक नजर**

## समस्तीपुर में महिला शिक्षक की पांच साल की बेटी से दुष्कर्म का प्रयास, आरोपी गिरफ्तार

**पटना।** समस्तीपुर जिले के शिवाजी नगर थाना क्षेत्र के एक गांव में उत्तर प्रदेश की रहने वाली एक महिला शिक्षक के पांच साल की पुत्री से एक शिक्षक ने ही दुष्कर्म का प्रयास किया। महिला शिक्षक की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी शिक्षक रामरतन शाह को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी शिक्षक और पीड़ित बच्ची का गुरुवार को सदर अस्पताल में मेडिकल चेकअप कराया गया। इस मामले में बच्ची के पिता के बयान पर शिवाजी नगर थाने में प्राथमिक की दर्ज की गई है। घटना के संबंध में बताया गया है, यूपी की रहने वाली महिला शिक्षक शिवाजी नगर के स्कूल में पोस्टेड है। वह शिवाजी नगर के ही रतन साह नामक जो खुद 10+2 में शिक्षक है एवं कोचिंग का भी संचालन करता है। उन्हीं के मकान में अपने पति व पांच साल की पुत्री के साथ किराए के रूप में रहती थी। बुधवार को उसकी पांच साल की पुत्री छत से रोती हुई उसके पास पहुंचकर बताया कि उसके साथ रतन साह ने गलत करने का प्रयास किया। इसके बाद महिला शिक्षक द्वारा मामले की जानकारी शिवाजी नगर पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची शिवाजी नगर की पुलिस ने आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया।

## सहरसा में सांप के काटने से मां बेटे की मौत, झाड़ फूंक के चक्कर में गई जान

**पटना।** सहरसा में सांप काटने से मां बेटे की मौत हो गई। घटना सदर थाना क्षेत्र के भेरधड़ी वार्ड संख्या 25 की है। मृतकों की पहचान राम प्रवेश शर्मा की पत्नी चांदनी देवी (27) और चार वर्षीय पुत्र पवन कुमार के रूप में की गई है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि चांदनी देवी अपने बेटे पवन के साथ सोई थी। तभी किसी जहरीले सांप ने मां और बेटे दोनों को डस लिया। इस बात की जानकारी जब परिजनों को हुई तब आनन फानन में परिजन दोनों को गंभीर अवस्था में गांव में ही झाड़-फूंक करवाने लगे, लेकिन बात नहीं बनी। स्थिति लगातार बिगड़ती ही जा रही थी, तब ग्रामीणों के कहने पर परिजन दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल ले गये, जहां इलाज के दौरान दोनो मां-बेटे की मौत हो गयी। प्रभारी थानाध्यक्ष सह अंचल इंस्पेक्टर अभिषेक अंजन ने बताया कि मां-बेटे को सांप ने काट लिया था। इलाज के दौरान दोनो मां-बेटे की मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि सांप डसने के बाद परिजन उन्हें झाड़ -फूंक कराने लगे और इसी लापरवाही से दोनों की मौत हो गई। फिलहाल दोनों मां बेटे के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

# चुनाव के बाद प्रशांत किशोर की राजनीतिक दुकान पर ताला लग जाएगा: श्रवण कुमार

**केटी न्यूज/पटना**

जनसुराज को पार्टी बनाने के एलान के बाद बिहार में सियासत तेज हो गई है। बिहार सरकार के मंत्री और सीएम नीतीश कुमार के करीबी श्रवण कुमार ने तंज कसते हुए कहा कि चुनाव के बाद प्रशांत किशोर की राजनीतिक दुकान पर भी ताला लग जाएगा। उनका राजनीतिक शटर डाउन हो जाएगा। श्रवण कुमार ने कहा कि प्रशांत किशोर चुनाव प्रबंधन के पेशेवर ठेकेदार हैं। जहां से उन्हें ठेकेदारी मिलेगी, वहीं चले जाएंगे। वहीं सारण विकास मंच के संयोजक शैलेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि बापू का नाम लेकर शराब शुरू कराने का संकल्प प्रशांत किशोर ले रहे हैं, जो पाप है। कहा कि प्रशांत किशोर ने शराबबंदी खत्म कर अपनी राजनीति का अर्थ स्पष्ट कर दिया है कि वे बिना नीति के राज करना चाहते हैं। बापू की कर्मभूमि चंपारण से उन्होंने अपना अभियान शुरू किया और बापू के विचारों को ही कुचलते हुए राजनीति करने की कोशिश प्रशांत किशोर कर रहे हैं। प्रशांत किशोर का यह सपना कभी पूरा नहीं होगा।

शैलेंद्र सिंह ने कहा कि शराब के बारे में बापू की सोच स्पष्ट थी कि यह शरीर और आत्मा दोनों को नष्ट कर देती है। इस विचार के बाद बापू को मानने वाला कोई व्यक्ति कैसे शराब को सही ठहरा सकता है। प्रशांत किशोर शराबबंदी खत्म कर बिहार को फिर से नशे के नाले में बहाना चाहते हैं। कहा कि प्रशांत किशोर ने कहा कि शराबबंदी खत्म कर शराब पर आने वाले टैक्स का इस्तेमाल वे बिहार की शिक्षा में करेंगे। नशे में कौन सा युवा कैसी शिक्षा लेगा और नशे के कारण कौन सा समाज शिक्षित और सभ्य बन सकता है? प्रशांत किशोर शराबबंदी का विरोध सस्ती लोकप्रियता के लिए कर रहे हैं।

## भागलपुर में गंगा नदी में बह गई पुलिया

**पटना।** भागलपुर में गुरुवार को एक पुलिया गंगा नदी में बह गई। बाढ़ से पहले जल संसाधन विभाग और जिला प्रशासन ने पुलिया को जर्जर बताते हुए लोगों के आवाजाही पर रोक लगाई थी। गुरुवार को हादसे के बाद चार पंचायत का मुख्यालय से संपर्क टूट गया है। हादसे के बाद अधिकारी मौके पर पहुंचे हुए हैं। गंगा में विलीन हुए मुस्तफापुर स्थित चौखंडी पुल बाखरपुर, बाबूपुर तिलकधारी टोला, मोहनपुर गोविंदपुर और अन्य गांवों को बाजार और प्रखंड मुख्यालय से जोड़ता था। ध्वस्त हो जाने के कारण आवाजाही में लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**किरतपुर और गोड़ाबोराम प्रखंड क्षेत्र के बाद प्रभावित इलाकों का किया दौरा**

# बाढ़ से बचाव के लिए स्थायी समाधान पर बात हो: संजय झा

**केटी न्यूज/पटना**

जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा और बिहार के समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी नाव से किरतपुर और गोड़ाबोराम प्रखंड क्षेत्र के बाद प्रभावित इलाकों का दौरा किया। उन्होंने जिला प्रशासन के द्वारा पीड़ितों को दिए जा रहे राहत के विषय में अधिकारियों और पीड़ितों से जानकारी ली। बाढ़ पीड़ितों ने बिजली सहित पीने की पानी और शौचालय की व्यवस्था नहीं होने की शिकायत की। उनकी शिकायत सुनकर उन्होंने तत्काल जिलाधिकारी से समस्या को शीघ्र दूर करते हुए दोनो समय बाढ़ पीड़ितों को समय पर भोजन देने का निर्देश दिया।

जदयू नेता संजय झा ने कहा कि मिथिला में आने वाली बाढ़ से होने वाली तबाही से बचाव की व्यवस्था करनी पड़ेगी। इस दिशा मे पड़ोसी देश नेपाल के साथ केंद्र सरकार बिहार की सरकार को स्थायी समाधान के लिए बात करनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि नेपाल में हाइडेम बनाने से इस समस्या का निदान हो पाएगा। अभी जो कोसी नदी में बराज बना हुआ है वह 661000 क्यूसेक पानी में बराज के स्लैब में सट गया था पानी के तेज बहाव के कारण पानी बराज के ऊपर से गुजरने लगा था। यह आने वाले समय के लिए खतरनाक संकेत है।



संजय झा ने कहा कि जिस स्तर का पानी आया उस हिसाब से बहुत कम क्षति हुई है। कोसी, कमला, गंडक और बागमती नदियों में हाईडैम बनाने की सख्त जरूरत है तभी बिहार को बाढ़ से बचाया जा सकता है। इसके लिए हमने बिहार की सरकार और के केंद्र की सरकार ने बातचीज की है। उन्होंने कहा कि भारत के तरफ जो कुछ काम होना है उसके लिए केंद्र की सरकार से बातचीत चल रही है। संजय झा ने कहा कि काफी कुछ इस दिशा में कार्य भी जयनगर में किया गया है। लेकिन इस वर्ष जो बाढ़ का पानी आया, अगर काम नही हुआ होता तो विरोध करने वाले तो लोगों को गुड़ चूड़ा भी नही दे पाते। इस विकट आपदा की घड़ी में केंद्र और राज्य की नीतीश कुमार की सरकार बाढ़ पीड़ितों की हर समस्या को दूर करने का प्रयास कर रही है।

## सम्राट चौधरी और दिलीप जायसवाल ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा

**पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल दरभंगा जिले के गोड़ाबोराम और किरतपुर प्रखंड के बाढ़ पीड़ित इलाको का दौरा किया और बाढ़ पीड़ितों को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया है। उपमुख्यमंत्री ने किरतपुर के सीओ को कहा कि बाढ़ पीड़ितों को किये जा रहे मदद से वह सन्तुष्ट नहीं हैं। बाढ़ राहत कार्य और अच्छे तरीके किया जाय। किसी तरह की कोई दिक्कत न हो। शिकायत आने पर कार्रवाई होगी। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने इलाके का दौड़ा किया। इधर, जिला प्रशासन के द्वारा बाढ़ पीड़ितों के हरसंभव मदद किया जाने का दावा किया जा रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर सूखे फूड पैकेट का बाढ़ पीड़ितों के बीच वितरण किया गया था। बता दें कि कोसी नदी के जमालपुर के भूभौल गांव में तटबंध टूटने से इलाके हड़कम्प मच गया था। इसके बाद सभी बाढ़ पीड़ित खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं।



# फाइलेरिया मरीजों को एमएमडीपी किट दिलाने के साथ अन्य सुविधाएं की जायेंगी मुहैया

- फाइलेरिया मरीजों की नए सिरे से तैयार होगी लाइन लिस्ट
- हाइड्रोसील के मरीजों को चिह्नित करते हुए कराया जायेगा ऑपरेशन

**केटी न्यूज/बक्सर**



जिले के फाइलेरिया मरीजों के लिए अच्छी खबर है। सरकार व जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यालय के द्वारा जिले के पुराने और नए फाइलेरिया मरीजों की लाइन लिस्ट तैयार करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। जिले बाद फाइलेरिया के मरीजों को विभाग और सरकार की ओर से मिलने वाली सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इस क्रम में ग्रेड दो से ऊपर के फाइलेरिया मरीजों के बीच एमएमडीएप किट का भी वितरण किया जाएगा। साथ ही, फाइलेरिया के हाइड्रोसील के मरीजों को चिह्नित करते हुए उनका ऑपरेशन भी कराया जायेगा। जिसके लिए जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. शैलेंद्र कुमार ने सभी प्रखंडों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी (एमओआईसी) के नामित एक पत्र निर्गत किया है। जिसमें सभी एमओआईसी को आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से जल्द से जल्द फाइलेरिया मरीजों की लाइन लिस्ट तैयार करने का निर्देश जारी किया गया है। ताकि, वर्ष 2024-25 के लिए नए सिरे से मरीजों की लाइन लिस्ट तैयार कर उन्हें सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

### फाइलेरिया के कारण अंगों में सूजन आ जाती है

डॉ. शैलेंद्र कुमार ने बताया कि फाइलेरिया एक मच्छर जनित रोग है। जिसमें सबसे अधिक हाथीपांव रोग ग्रसित मरीज होते हैं। फाइलेरिया के अंतर्गत हाथीपांव एक दर्दनाक रोग है। जिसके कारण शरीर के अंगों में सूजन आ जाती है। यह क्यूलेक्स नामक मच्छर के काटने से फैलता है। आमतौर पर बचपन में होने वाला यह संक्रमण लसिका (लिम्फैटिक) प्रणाली को नुकसान पहुंचाता है। फाइलेरिया से जुडी विकलांगता जैसे लिंफोइडिमा (पैरों में सूजन) एवं हाइड्रोसील (अंडकोश की थैली में सूजन) के कारण पीड़ित लोगों को इसके कारण आजीविका एवं काम करने की क्षमता प्रभावित होती है।

**अभियान में लें बढ़ चढ़ कर हिस्सा :** डॉ. शैलेंद्र कुमार ने बताया कि केंद्र सरकार ने 2027 तक फाइलेरिया उन्मूलन का लक्ष्य रखा है। स्वास्थ्य समिति व सहयोगी संस्थान जिले को फाइलेरिया मुक्त करने में प्रयासरत है। इस अभियान में सामुदायिक स्तर पर लोगों का जागरूक होना जरूरी है। फाइलेरिया कभी न ठीक होने वाली बीमारी है। यदि एक बार हो गया तो उसे ठीक नहीं किया जा सकता है। इसलिए जरूरी है कि समय पर इसकी पहचान कर इस बीमारी को रोका जा सके। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया से बचाव और रोकथाम के लिए साल में एक बार फाइलेरिया रोधी दवा अल्बेंडाजोल और डीईसी का सेवन कराया जाता है। वहीं, फाइलेरिया से ग्रसित मरीजों के बीच एमएमडीपी किट का वितरण करते हुए उन्हें इसके इस्तेमाल की जानकारी भी दी जाती है। ताकि, वो अपने प्रभावित अंगों में फाइलेरिया को बढ़ने से रोक सकें।

# नोनियापुरा बवाल के बाद दो पर एफआईआर दर्ज, एक गिरफ्तार



- नोनियापुरा के जख्मी ग्रामीण तथा पेट्रोल पंप संचालक ने दर्ज कराए अलग-अलग एफआईआर
- घटना में शामिल लोगों की शिनाख्त व गिरफ्तारी में जुटी पुलिस

**केटी न्यूज/डुमरांव**

कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के नोनियापुरा गांव के पास हुए हिंसक संघर्ष व गोलीबारी मामले में एक तरफ नोनियापुरा के एक जख्मी ने ढेंका, छतनवार तथा नाटा डेरा के करीब दर्जन भर नामजदों पर प्राथमिकी दर्ज करायी है तो दूसरी तरफ ढेंका मोड़ के पास स्थित पेट्रोल पंप संचालक ने भी पंप पर तोड़फोड़ करने, नोजल मैन से मारपीट आदि का अरोप लगा मामला दर्ज कराया है। पुलिस अबतक एक आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है, जबकि अन्य की शीघ्र गिरफ्तारी का दावा पुलिस कर रही है। इधर गुरूवार को भी इस घटना को ले दोनों पक्षों के बीच तनाव बना रहा है।

बता दें कि नोनियापुरा के युवकों तथा छतनवार व ढेंका के युवकों के बीच मामूली बात पर मंगलवार से ही विवाद जारी है। बुधवार को यह विवाद हिंसक रूख अख्तियार कर लिया था। ढेंका पेट्रोल पंप के पास आमने सामने आए दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर जमकर ईंट पत्थर बरसाए थे। इस दौरान फायरिं भी हुई थी, जिसमें आधा दर्जन लोग जख्मी हुए है। गुरूवार को पुलिस ने छतनवार के संजय कुमार यादव को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

**मजदूरी कर लौटने के दौरान घेरकर पिटा :** पुलिस को दिए आवेदन में नोनियापुर के राजू प्रसाद ने बताया है कि वे लोग खेत से मजदूरी कर वापस अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान ढेंका मोड़ के पास स्थित पेट्रोल पंप के पास पहले से घात लगाए बैठे छतनवार, ढेंका व नाटा बाबा डेरा गांव के दर्जनों युवकों ने उनके ई-रिक्शा को रूकवा मारपीट शुरू कर दिया। इस दौरान वे लोग हमे तीन ओर से घेर लिए थे। हमलोगों को छुड़ाने आए गांव के अन्य लोगों को भी पिटा गया। राजू ने दर्जन भर युवकों को नामजद किया है। वहीं दूसरी तफर पेट्रोल पंप संचालक दीपक कुमार ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया है कि शाम करीब पांच बजे वे अपने पंप पर पहुंचे तो देखे कि पंप का शीशा, खड़ी वहानों, सीसीटीवी आदि को तोड़ा गया है। दो-तीन नोजल मैन के साथ भी मारपीट की गई है। मामले मं नोनियापुरा के ग्रामीणों पर मारपीट व तोड़फोड़ का आरोप लगाया है।

**पुलिस की उदासीनता से बना तिल का ताड़ :** नोनियापुरा बवाल के पीछे स्थानीय पुलिस की उदासीनता को बड़ी वजह बताई जा रही हैं। जानकारों का कहना है कि दो तीन दिन पहले से विवाद चल रहा था। जिसकी जानकारी मिलने के बाद भी पुलिस ने सख्त कदम नहीं उठाया। जिससे दोनों पक्षों का मनोबल बढ़ा तथा बात इतनी बढ़ गई कि इलाके में जातीय तनाव चरम पर पहुंच गया। जानकारों का कहना है कि यदि पुलिस ने त्वरित कदम उठाए होते तो इतना बड़ा बवाल नहीं होता।

**स्थिति नियंत्रित है : थानाध्यक्ष**

“ नोनियापुरा की घटना में दो एफआईआर दर्ज किए गए है। एक आरोपित को गिरफ्तार किया गया है। जल्दी ही घटना में शामिल अन्य शरारती तत्वों को दबोच लिया जाएगा। स्थिति नियंत्रित है तथा मामले पर पुलिस की पैनी नजर है।

**- नीतीश कुमार, थानाध्यक्ष, कृष्णाब्रह्म**

## खबरें फटाफट

### शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

डुमरांव। कोरानसराय पुलिस ने गुप्त सूचना पर एक घर में छापेमारी कर शराब की खेप के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार कारोबारी मनीष कुमार अपने घर से शराब की तस्करी कर रहा था। उसके घर से 8 पीएम ब्रांड की 34 तथा टेट्रा पैक के दो पीस शराब के साथ ही कुल 38 शीशी शराब बरामद हुई। जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। मामले में थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि सूचना मिल रही थी कि उक्त युवक अपने घर से रात में शराब तस्करी कर रहा है। जिसके बाद छापेमारी की गई।

### 27 वाहनों से वसूला 80 हजार जुर्माना

डुमरांव। स्थानीय व कोरान सराय पुलिस ने अपने-अपने थाना क्षेत्र में वाहन जांच अभियान चला बिना वैध कागजात व हेलमेट के वाहन चलाने या ओवर लोड परिचालन करने और नो इंट्री तोड़ने वालों से जुर्माना वसूला। बताया जाता है कि डुमरांव थानाध्यक्ष शंभु कुमार भगत के नेतृत्व में चले वाहन जांच अभियान में 12 बड़े वाहनों तथा तीन बाइक से कुल 67 हजार रूपया का जुर्माना वसूला गया। वहीं कोरान सराय पुलिस ने थाना गेट के पास अभियान चला 12 वाहनों से 13 हजार रूपए का जुर्माना वसूला है। एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसरी ने इसकी पुष्टि की है।

## डीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुई स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक

# बिना सूचना अनुपस्थित रहने वाले चिकित्सकों पर करें कार्रवाई: डीएम

- कई बिंदुओं पर डीएम ने स्वास्थ्य अधिकारियों को लगाई फटकार
- एनक्यूएस सर्टिफिकेशन में बेहतर करने का दिया निर्देश

**केटी न्यूज/बक्सर**




जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक समाहरणालय परिसर स्थित सभाकक्ष में की गई। इस समीक्षा बैठक में मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत संस्थागत प्रसव की समीक्षा के क्रम में आशाओं का योगदान संतोषजनक पाया गया। डीएम ने इसे गंभीर मामला बताया। डीएम ने इस योजना में लापरवाही बरतने वाली कितनी आशा के विरुद्ध कारवाई की गई या उन्हें चयन मुक्त किया गया, इस संबंध में अद्यतन प्रतिवेदन देने का निर्देश बक्सर सिविल सर्जन को दिया।

**चिकित्सकों की अनुपस्थिति पर नाराज दिखे जिलाधिकारी :** समीक्षा के दौरान डीएम को यह जानकारी मिली कि सदर अस्पताल बक्सर में कार्यरत शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. हरेराम तथा डॉ. विवेकानंद बिना सूचना अनुपस्थित हैं। जबकि इस संबंध में सिविल सर्जन अब तक कोई भी कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं किए है। इस लापरवाही पर जिलाधिकारी काफी नाराज दिखे तथा अनुपस्थित चिकित्सकों के विरुद्ध अब तक कोई कार्रवाई नहीं किए जाने के संबंध में स्पष्ट मंतव्य सहित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश सिविल सर्जन को दिया।

**महिना बंध्याकरण पर लगाई सिविल सर्जन को फटकार :** महिला बंध्याकरण की समीक्षा के क्रम में प्रगति असंतोषजनक पाया गया। डीएम के पूछने पर सिविल सर्जन महिला बंध्याकरण में वृद्धि के लिए कोई कार्य योजना भी प्रस्तुत नहीं कर सकें, जिस पर डीएम ने उन्हें फटकार लगाई तथा निर्देश दिया कि आशा कार्यकर्ता, बीएचएम, बीसीएम एवं जनप्रतिनिधि इत्यादि के सहयोग से महिला बंध्याकरण में वृद्धि के लक्ष्य के साथ कार्य योजना तैयार कर एक सप्ताह के अंदर समर्पित करेंगे।

**एनक्यूएएस सर्टिफिकेशन में बेहतर का निर्देश :** अस्पताल प्रबंधन के छह संकेतकों में बेहतर प्रदर्शन पर केंद्र सरकार द्वारा एनक्यूएएस सर्टिफिकेशन प्रदान किया जाता है। राज्य स्तरीय टीम द्वारा इस सर्टिफिकेशन के आंकलन के दौरान सिमरी की जीएनएम किरण कुमारी अनुपस्थित पाई गई। जिस कारण आंकलन कार्य नहीं किया जा सका। इस संबंध में पिछली बैठक में उक्त जीएनएम के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया था, लेकिन कारवाई के नाम पर खानापूर्ति की गई है। पुनः सिविल सर्जन को निर्देशित किया गया कि किरण कुमारी के खिलाफ कठोर कार्रवाई करें। सिविल सर्जन बक्सर को राज्य स्तर से समन्वय स्थापित कर एनक्यूएएस सर्टिफिकेशन के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। कायाकल्प सर्टिफिकेशन, एनक्यूएएस व एलएक्यूएसएचएवाई में अपेक्षित प्रगति नहीं होने के कारण जिला गुणवत्तायनिक सलाहकार से स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया गया।

### अवैध नर्सिंग होम पर कार्रवाई का निर्देश

समीक्षा के दौरान डीएम ने रघुनाथपुर में अवैध नर्सिंग होम में डॉक्टर की लापरवाही के कारण एक बच्चे की मौत पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी रघुनाथपुर के द्वारा अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने पर नाराजगी जताई। उन्होंने रघुनाथपुर सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी से पूछा है कि अभी तक उक्त अवैध नर्सिंग होम के विरूद्ध कार्रवाई क्यों नहीं की गई है। डीएम ने इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को स्पष्टीकरण समर्पित करने का निर्देश दिया है।

### इटाढ़ी में शनिवार को आयोजित होगा डीएम का जनता दरबार

**बक्सर।** शनिवार को इटाढ़ी प्रखंड कार्यालय में जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाला का जनता दरबार आयोजित होगा। जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा इसकी जानकारी दी गई है। बताया जाता है कि जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल पांच अक्टूबर को सुबह 11 बजे से इटाढ़ी प्रखंड परिसर में जनता दरबार आयोजित करेंगे। इस जनता दरबार में जिलाधिकारी के अलावे अपर समाहर्ता बक्सर, उप विकास आयुक्त बक्सर, जिले के वरीय पदाधिकारी, सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी व कर्मी मौजूद रहेंगे। जनता दरबार कार्यक्रम में संबंधित प्रखंड के आम लोग अपनी समस्या जिलाधिकारी एवं वहां उपस्थित अन्य पदाधिकारियों के समक्ष रख सकते है, जिसका त्वरित निष्पादन किया जायेगा। डीएम के जनता दरबार को ले प्रखंड व अंचल प्रशासन द्वारा तैयारियां तेज कर दी गई है। स्थानीय प्रशासनल पूरी चौकसी बरता रहा है कि डीएम के समक्ष उनकी किरकिरी न हो जाए। इसको ले कर्मियों की कवायद भी बढ़ी रही।

## एक नजर

### हम सबके प्रेरणा स्त्रोत थे रामसागर: विधायक



**डुमरांव।** भाकपा माले में गुरूवार को दिवंगत रामसागर राम की श्रद्धांजलि सभा मनाई। श्रद्धांजलि सभा की शुरूआत स्व. रामसागर के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर और एक मिनट का मौन धारण कर किया गया। श्रद्धांजलि सभा नगर के दक्षिण टोला वार्ड नं 35 में आयोजित की गई, जिसका संचालन माले नेता शंकर तिवारी ने किया। श्रद्धांजलि सभा में पार्टी जिला सचिव सह केंद्रीय कमिटी सदस्य नवीन कुमार, पार्टी राज्य कमिटी नेता व डुमरांव विधायक अजीत कुमार कुशवाहा तथा कामरेड रामसागर राम की पत्नी तेतरी देवी, भाई व्यास राम और बेटी उपस्थित रहीं। विधायक अजीत कुमार कुशवाहा ने कहा कि रामसागर राम एक प्रेरणा श्रोत है। हमेशा जनता के लिए और संघर्ष में सबसे आगे खड़ा होकर लड़ा करते थे। आज जिस गरीबों दलितों अल्पसंख्यकों के खिलाफ बुलडोजर सरकार का समय चल रहा है, वैसे समय में राम सागर राम का जाना पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है। सभा में वरिष्ठ किसान नेता अलख नारायण चौधरी, ऐपवा नेत्री पूजा कुमारी, जगनारायण शर्मा, वीरेंद्र सिंह, धर्मेंद्र, संजय शर्मा, ओम प्रकाश आदि शामिल रहे।

### रामरेखाघाट पर नाला का निर्माण शुरू



**बक्सर।** रामरेखाघाट को सुंदर एवं स्वच्छ बनाने की प्रक्रिया को अमली जामा पहनाना नगर परिषद ने शुरू कर दिया है। महावीर मंदिर से रामरेखाघाट तक नाला का निर्माण शुरू करा दिया गया है। जिसके तहत नाला निर्माण को लेकर खुदाई कर दिया गया है। वहीं इसके फूटपाथ एवं रामरेखाघाट के सड़क किनारे खाली जगहों पर लाल टाइल्स लगाई जाएगी। जिससे घाट को सुंदर एवं आकर्षक बनाया जा सके। ज्ञात हो कि रामरेखाघाट के आस-पास के घरों से निकलने वाला पानी का निस्तारण सीधे घाट पर गंगा में हो रहा था। वहीं पूर्व से बने नाला से जल निकासी को लेकर समस्या हो रही थी। जिसको ध्यान में रखते हुए नाला निर्माण का कार्य गुरूवार को शुरू करा दिया गया है। इसके साथ ही घाट पर पहुंचने वाले सड़क के फुटपाथ पर लाल टाईल्स लगाया जाएगा। नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी आशुतोष गुप्ता ने बताया कि ऐतिहासिक एवं धार्मिक महता वाले रामरेखाघाट पर काफी भीड़ त्योहारों पर स्नान के लिए लगता है। जिनकी सुविधा को देखते हुए कई विकास के कार्य कराये जाएंगे। जिसको देखते हुए फिलहाल नाला निर्माण का कार्य शुरू करा दिया गया है। इसके साथ ही घाट तक फुटपाथ एवं खाली जगहों पर वाहन पार्किंग को ध्यान में रखते हुए लाल टाईल्स लगाया जाएगा।

# संदेहास्पद परिस्थिति में विवाहिता की मौत, हत्या की जताई आशंका

- मृतका के भाई ने पति, सास-ससुर समेत चार पर दर्ज कराई प्राथमिकी

**केटी न्यूज/नावानगर**

सोनवर्षा थाना के मणिया गांव में एक विवाहिता की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई। मृतक महिला के भाई बिरेंद्र यादव ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाते हुए मृतका के पति, सास, ससुर सहित चार लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है। इधर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। साथ ही मृतका के पति अरविंद यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

मृतका के भाई द्वारा दी गई आवेदन के अनुसार कोरान सराय थाना के मोतीसाबाद गांव निवासी मृतका मिन्ता देवी की शादी मणिया गांव निवासी कामेश्वर यादव के पुत्र अरविंद यादव के साथ हुई थी। शादी के बाद से उनकी वैवाहिक जीवन ठीक - ठाक चल रहा था। दो दिन पूर्व सूचना मिली की आपके बहन की मौत हो गई है। सूचना पर जब वह बहन के ससुराल पहुंचे, तो मृतका के शरीर पर अनेकों गहरा जख्म के कई निशान देख इसकी सूचना पुलिस को दिया। वहीं ससुराल वालों ने बताया कि अचानक पेट में दर्द होने से महिला की मौत हुई है। जबकि गांव में दबे जुबान मृतका के पति का गलत आचरण को लेकर पति - पत्नी के बीच काफी दिनों से अनबन एवं विवाद होने की चर्चा है। थानाध्यक्ष नवीन कुमार ने बताया कि मृतका के पति को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की करवाई की जा रही है।

# पैक्स चुनाव: 2441 अस्वीकृत आवेदनों की हुई सुनवाई

- 1884 आवेदनों पर हुआ निर्णय, 969 को मिली स्वीकृति
- 2 लाख 40 हजार पैक्स के है कुल मतदाता

**केटी न्यूज/बक्सर**



आवेदन की गड़बड़ी को लेकर कार्यालय में पहुंची महिलाएं।

जिले में पैक्स चुनाव की तैयारी जोरों पर शुरू हो गई है। चुनाव में वोटिंग करने के लिए किसान मतदाता अपना जोड़वाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे है। इसके लिए प्रखंड से लेकर जिला सहकारिता पदाधिकारी कार्यालय का चक्कर तक लगा रहे है। जिला सहकारिता पदाधिकारी चंद्रमा राम ने बताया कि 24 सिंतबर तक जिन किसानों का नाम वोटर लिस्ट में जुड़ा है। वहीं पैक्स चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग कर पाएंगें। इसके बाद वाले इसमें भागीदार नहीं बनेंगे। उन्होंने बताया कि जिले के विभिन्न पैक्स अध्यक्षों ने 2448 आवेदन अस्वीकृत किए है। इसमें 2441 आवेदन की सुनवाई कर दी गई है। 1884 आवेदन पर निर्णय लिया जा चुका है। इसमें 969 आवेदन को स्वीकृत कर लिया गया है। जबकि 915 आवेदन का अस्वीकृत कर दिया गया है।

**मतदाता सूची में नाम जोड़ने की प्रक्रिया :** मिली जानकारी के अनुसार पैक्स चुनाव में वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने के लिए अध्यक्ष को ऑनलाइन या ऑफ लाइन आवेदन देना होता है। पैक्स अध्यक्ष जब आवेदन को अस्वीकृत कर देते है। तब पोर्टल पर आवेदन करना होता है। पोर्टल पर अपलोड आवेदन के आलोक में जिला सहकारिता पदाधिकारी कार्यालय से मोबाइल पर मैसेज आता है। जिसमें निर्धारित तिथि किसान को पूरे दस्तावेज के साथ बुलाया जाता है। सभी दस्तावेज चेक करने के बाद वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने का निर्देश दिया जाता है।

**एक रुपये में बनना होता है सदस्य :** जिला सहकारिता पदाधिकारी ने बताया कि वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने के आदेश देने के बाद पोर्टल पर भी अपलोड होता है। पोर्टल पर अपलोड होते ही किसान वोटर को संबंधित को-ऑपरेटिव बैंक में जाकर एक रुपये का रसीद कटाना होता है। इसके बाद वह पैक्स का सदस्य व वोटर बन जाता है। बैंक से ही दस रुपये का शेयर खरीदना होता है। शेयर खरीदने के बाद ही पैक्स का सदस्य चुनाव में अपना भाग्य आजमा सकते है। यदि शेयर नहीं खरीदते है। तब वह केवल वोट दे सकते है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2019 के चुनाव में 2 लाख 35 हजार वोटर थे। वहीं इस बार 2 लाख 40 वोटर बन पाए है।

## किला मैदान के रामलीला मंच पर आयोजित हो रहा है विजयादशमी महोत्सव

# कैकेयी-मंथरा संवाद : दो वरदानों की कथा व सुदामा चरित्र का हुआ मंचन

**केटी न्यूज/बक्सर**



श्रीरामलीला समिति के तत्वावधान में किला मैदान स्थित रामलीला मंच पर आयोजित 21 दिवसीय विजयादशमी महोत्सव के अंतर्गत देर रात्रि मंचित रामलीला के दौरान गुरुवार को कैकेयी-मंथरा संवाद एवं दो वरदानों की कथा नामक प्रसंग का मंचन किया गया।

जिसमें वृंदावन से पधारे श्रीराधा माधव रासलीला एवं रामलीला मंडल के सुरेश उपाध्याय व्यास के सफल निर्देशन में कलाकारों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दिखाया गया कि अपना मुकुट धारण करते वक्त राजा दशरथ को सिर में सफेद बाल दिखाई दिया। उन्होंने मन में यह विचार किया कि मुझे राज्य करते हुए काफी उम्र हो गया, इसलिए अब श्रीराम को राज्य का भार सौंपकर तपस्या के लिए वन में जाना चाहिए। वे अपने विचार को मंत्रिमंडल में रखते हैं, सबकी राय व सहमति के बाद वह राज्याभिषेक की तैयारी की घोषणा करते हैं। यह सुनकर अवधपुरी के वासी नगर को सजाने लगते हैं।

इधर श्रीराम के राज्याभिषेक की बात मंथरा के कानों में पड़ी तो वह बेचैन हो गई। मंथरा ने कैकेयी को ये समाचार सुनायो। लेकिन मंथरा ने कैकेयी को राम के विरुद्ध खूब भड़काया, लेकिन कैकेयी मंथरा की बात नहीं मानी। तब मंथरा के बहकाने पर कैकेयी को अपने दो वरदान की याद आई, कैकेयी के मन में कपट समा गया। मंथरा के कहने पर वे कोप भवन में जाकर बैठ गईं। राजा दशरथ को अपने दो वरदान की याद दिलाई और अपने वरदान के रूप में राम का वनवास और भरत के लिए राज्य मांगा। ये सुनकर राजा दशरथ भीतर से टूट सा जाते हैं।

**सुदामा श्रीकृष्ण के मित्रता का प्रसंग देख भाव विभोर हुए श्रद्धालु :** वहीं दिन की कृष्णलीला के दौरान सुदामा चरित्र नामक प्रसंग दिखाया गया। जिसमें दिखाया कि महाराज वासुदेव विद्या ग्रहण करने के लिए श्रीकृष्ण को गुरु संदीपन की पाठशाला में भेजते हैं। मार्ग में उसी पाठशाला में जाते समय सुदामा से मुलाकात होती है। सुदामा के पैर में एक कंटक चुभ जाता है और उनके मुख से प्रभु के नाम की चीख निकलती है। जिसे सुनकर श्रीकृष्ण सुदामा के समीप आकर कंटक को पैर से निकालते हैं और वहीं से दोनों में मित्रता हो जाती है। आगे दिखाया गया कि सुदामा अपना पाठ भूल जाते हैं, जिससे गुरुदेव संदीपन दण्ड स्वरूप उनको वन में जाकर लकड़ी लाने को कहते है यह देखकर मित्रता निभाने के लिए श्रीकृष्ण भी जानबूझ कर अपना पाठ भूल जाते हैं। गुरुदेव दोनों को वन से लकड़ी लाने को भेजते हैं और साथ में भूख लगने पर खाने के लिए चना की पोटली भी देते हैं। वन में सुदामा को भूख लगती है तो वह कृष्ण के हिस्से का भी चना खा जाते हैं, परन्तु, इसकी जानकारी जब गुरुदेव को होती है तो वे सुदामा को दरिद्रता का श्राप दे देते हैं। उक्त लीला को देख दर्शक भाव विभोर हो जाते हैं।

# कलश स्थापना के साथ नौ दिवसीय अनुष्ठान शुरू, माता के जयकरों से गूंज उठा शहर

◆ देवी मंदिरों के कपाट खुलते ही दर्शन और पूजा को उमड़े श्रद्धालु

**केटी न्यूज/डुमरांव**

गुरुवार को शारदीय नवरात्र के शुभारंभ के साथ ही संपूर्ण वातावरण देवीयम हो गया है। माता के जयकारे से मंदिर से लेकर घर आंगन तक गूंज उठे हैं। वहीं देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी है। माता के भक्त जयकारा लगाने के साथ ही देवी की आराधना में लीन हो गए है। नवरात्र के पहले दिन सूर्योदय के साथ ही शहर के विभिन्न देवी मंदिरों के कपाट खुले श्रद्धालु देवी दर्शन-पूजन के लिए मंदिरों में उमड़ पड़े। आदिशक्ति मां दुर्गा के प्रथम रूप शैलपुत्री की पूजा-अर्चना के साथ लोगों ने नवरात्र के पहले दिन की शुरूआत की। माता के जयकारों से संपूर्ण वातावरण गुंजयमान रहा।

शहर के रेलवे स्टेशन स्थित दुर्गा मंदिर, डुमरेजनी मंदिर, काली मंदिर समेत अन्य मंदिरों में आचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यजमानों से कलश स्थापना कराया। वहीं शहर के विभिन्न पूजा-पंडालों में पंडितों के नेतृत्व में विधि-विधान से कलश स्थापना कराया गया। भक्तों द्वारा दुर्गा सप्तशती का पाठ किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार और शंख, घंटा-घड़ियाल की ध्वनि से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। इस मौके पर मां के मंदिरों की रौनक देखते बन रही थी। मंदिरों को काफी आकर्षक तरीके से सजाया गया था। मां की प्रतिमाओं का मनमोहक श्रृंगार किया गया था। शहर के मंदिरों में सुबह से लेकर शाम तक काफी भीड़ देखी गयी। रात में मां की आरती के वक्त भी जय-जयकार की ध्वनि सुनाई पड़ती रही।

**फल और फूल के दाम चढ़े :** आम दिनों में दो से तीन रुपये में बिकने वाला माता रानी का प्रिय फूल अड़हुल पांच रुपये में एक मिल रहा था। दस बजते-बजते बाजार से अड़हुल का फूल गायब हो गया था। इसके पहले दिन ही फल व मेवे के दाम में भी इजाफा हो चुका है। इससे श्रद्धालुओं की जेब पर महंगाई का बोझ देखने को मिला। बाजार में खरीदारी के लिए आये श्रद्धालुओं की भीड़ रही। केला 40 से 50 रुपये दर्जन बिका तो सेब 80 से 100 रुपये प्रति किलो मिल रहा था।





## पूजा पंडालों में सर्व प्रथम कराया गया मां जगदंबे का आह्वान

पूजा-पंडालों पर मां जगदंबे का आह्वान सर्वप्रथम कराया गया। इसके बाद दीप जलाकर कलश की विधिवत पूजा हुई। पंडित आदित्य तिवारी ने बताया कि मां आदिशक्ति के स्वरुपों के साथ शारदीय नवरात्र पर मां की रोजाना पूजा-अर्चना होगी। उन्होंने बताया कि नवरात्र के पहले दिन मां के प्रथम स्वरुप मां शैलपत्री की पूजा की जाती है। माता पार्वती को शैलपुत्री कहा जाता है, क्योंकि उनके पिता पर्वतराज हिमालय हैं। गौरवर्ण वाली मां शैलपुत्री की सवारी बैल है। वे एक हाथ में त्रिशूल तो दूसरे में कमल का फूल धारण करती हैं। चंद्रमा उनके मस्तक की शोभा बढ़ाता है। बताया कि नवरात्र के विशेष कालखंड में देवी भगवती की उपासना के माध्यम से आहार-विहार, नियमन, संयमन व आत्म-अनुशासन से रोग प्रतिरोधक क्षमता व आत्म शक्ति का जागरण होता है। वैज्ञानिक व आध्यात्मिक दोनों दृष्टि से यह कालखंड अत्यंत ही उपयोगी है।

## खबरें फटाफट

### स्पोर्ट्स क्वीज में बक्सर जिले के छात्र ने हिमांशु को पहला स्थान




**बक्सर।** जिले का छात्र ने नेशनल स्पॉर्ट्स क्वीज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। छात्र हिमांशु कुमार ने सफलता प्राप्त कर जिले के साथ ही प्रदेश का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता का आयोजन दिल्ली में फाइनल रूप में 29 सितंबर को किया गया था। जिसमें फाइनल रूप से पूरे देश से 25 प्रतिभागियों का चयन किया गया था। जिसमें वह सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। जिन्हें भारत के आलंपिक में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ी नीरज चोपड़ा के हाथों सम्मानित किया गया। जिले के शिक्षा प्रेमियों एवं समाजसेवियों में खुशी का माहौल कायम हो गया है। वहीं जेएनयू से स्नातक की डिग्री प्राप्त कर एमए की शिक्षा प्राप्त कर रहे हिमांशु कुमार ने बताया कि उसे प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। संबंध में हिमांशु कुमार ने बताया कि सोसल मीडिया के माध्यम से डायनापर क्यूपीएस संस्था के द्वारा कराये जा रहे क्वीज की जानकारी मिली।

### बीईओ ने एचएम से मांगा स्पष्टीकरण

**बक्सर।** 20 सितंबर को सदर प्रखंड के मध्य विद्यालय महदह का औचक निरीक्षण प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी द्वारा किया गया था। जहां औचक निरीक्षण में काफी अनियमितता पाई गई। इसको लेकर बीईओ ने प्रभारी प्रधानाध्यापक मध्य विद्यालय महदह से स्पष्टीकरण किया है। निरीक्षण के क्रम में बच्चों से पूछने पर ज्ञात हुआ कि मेनू के अनुसार उन्हें खाना नहीं मिलता है. स्नातक शिक्षक सत्य प्रकाश के रहते हुए महावीर प्रसाद को बेसिक ग्रेड के शिक्षक को वरीय शिक्षक के श्रेणी में रखा गया है. मध्याहन भोजन संचालन से संबंधित निर्धारित मेनू की मात्रा प्रभारी प्रधानाध्यापक सहित अधिकृत शिक्षक महावीर प्रसाद भी नहीं बता सके. मध्याहन भोजन पोषाहार पंजी को वर्ग 1 से 8 तक वर्ष 2022 से हीं पूर्णरूपेण संधारित नहीं पाई गई. चखना पंजी. रसोईया पंजी, खाद्यान स्टॉक पंजी भी हस्तगत नहीं कराया गया. समय सारणी, मासिक मूल्यांकन पंजी, पूर्णरूपेण संधारित नहीं पाया।

## भारत आजाद पार्टी ने किया एनएच जाम, घंटों परेशान रहे स्कूली बच्चे व आम यात्री

# घंटों बाद आए अधिकारी, बिना सूचना सड़क जाम से चौपट हुई विधि व्यवस्था





**केटी न्यूज/डुमरांव**

गुरूवार की भरी दोपहरी एनएच 120 में शुमार स्टेशन रोड में वाहनों के रफ्तार पर अचानक ब्रेक लग गया। बिना किसी पूर्व सूचना के आजाद समाज पार्टी व भीम आर्मी के कार्यकर्ता प्रखंड कार्यालय के दो नंबर गेट के पास सड़क जाम कर दिए। इस दौरान वे सड़क पर अपनी चारपहिया वाहन खड़ा कर दिए थे। जिससे सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाईन लग गई थी। इस दौरान लोगों को काफी परेशानी होना पड़ा। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों को हुई, स्कूल से छुट्टी के बाद घंटो जाम में फंसे बच्चें भूख व प्यास से परेशान हो गए थे। ताज्जूब की इस दौरान स्थानीय प्रशासन व पुलिस करीब एक घंटा से अधिक समय तक गायब रही। जिस कारण रेलवे स्टेशन से बाजार तक वाहनों की लाइन लग गई थी।

मिली जानकारी के अनुसार सड़क जाम करने वाले प्रखंड के रेहियां गावं में सरकारी भूमि को कब्जा का विरोध कर रहे आजाद समाज पार्टी सह भीम आर्मी सेना के लोगों ने डुमरांव प्रखंड कार्यालय गेट के पास एनएच-120 को पूरी तरह से जाम कर दिया। दो घंटे तक जाम के कारण स्कूली बस और यात्री बसों में बैठे बच्चों और यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। एसडीओ के आदेश पर पुलिस बलों के साथ रोड जाम स्थल पर पहुंचे बीडीओ राकेश कुमार पांडेय ने एसडीओ के संदेश को बताते हुए दोषी पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। फिर उनसे जाम हटाने के लिए कहा। जाम कर हरे भीम आर्मी के वरिष्ठ सदस्यों ने सभी बातों को सुन जाम को समाप्त कर दिया। फिर बीडीओ ने उनकी मांग पत्र को लिया।

### ◆ सीओ के खिलाफ धरना प्रदर्शन की ली गई थी स्वीकृति

जाम करने वालों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि प्रखंड के रेहियां गांव में एक सरकारी भूमि पर पर विगत कई सालों से अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्ग के भूमिहीन लोग अपना आशियान बनाकर रह रहे थे। उस जमीन पर जमींदारों की नजर लगी हुई थी। लिहाजा उन्होंने पुलिस बल के साथ मिल उस जमीन पर कब्जा करना चाहा था। इसमें अंचल अधिकारी भी उस जमीन को उन्हीं के नाम पर बंदोबस्ती करना चाहते थे। 13 अगस्त को सीओ पुलिस बल के साथ कब्जा कराने के लिए गए थे, तभी भूमि पर रह रहे भूमिहीन व्यक्तियों ने विरोध किया था। विरोध के फलस्वरूप पुलिस द्वारा मारपीट किया गया, फिर सीओ ने कृष्णाब्रह्म थाना में एफआईआर दर्ज कराकर भूमिहीनों को जेल भिजवा दिया। इनका कहना है कि इस भूमि पर पहले से ही डुमरांव कोर्ट में मामला चल रहा है। उसी को लेकर हमलोग इंसाफ मांगने के लिए निकले हैं। उनकी मांगों में डुमरांव सीओ द्वारा दायर एफआईआर को वापस लेने, डुमरांव सीओ को बर्खास्त करने, इस भूमि का जबतक न्यायालय का फैसला नहीं आता है तबतक इस पर किसी को कब्जा नहीं दिलाया जाए। अभियान बसेरा के तहत सभी भूमिहीन व्यक्तियों को 3-3 डिसमील जमीन तत्काल मुहैया कराने आदि मांगे शामिल रही।

इस संबंध में जब एसडीओ राकेश कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया की उन्हें रोड जाम करने के लिए परमीशन नहीं दी गई थी। अब सवाल उठता है कि परमीशन केवल जुलूस निकालने के लिये रूट के साथ दी गई थी, तो फिर एनएच को कैसे जाम कर दिया गया। इस सवाल पर अधिकारी बचते नजर आए। हालांकि अधिकारियों द्वारा भी सड़क जाम करने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

### नप की लापरवाही से शहर की सड़कों पर लगा जाम

**डुमरांव।** नगर परिषद द्वारा नया थाना से सड़क किनारे फुटपाथ पेपर ब्लॉक ईंट बिछाया जा रहा है। बीच सड़क पर बालू मिट्ट ईंट गिरा देने कारण सड़क पर पूरे दिन वाहनों की लंबी महजम की समस्या राजगीरों की झेलनी पड़ी। सड़क पर पूरे दिन जेसीबी से खुदाई का कार्य होता रहा और बड़ी वहां भी शहर में प्रवेश करती रही। जिसके कारण छोटे वाहन रखते हुए नजर आएं। वहीं आपको बता दे की घर से निकलने वाले लोगों को काफी समस्या का सामना करना पड़ा रहा है। वहीं स्थानीय लोगों ने बताया कि क्या रेट तो सही है लेकिन यह दिन में करना उचित नहीं है, इसको रात में अगर किया जाता तो काफी सहूलियत स्थानीय लोगों को मिलेगा।

## धम्म विजय महोत्सव के तहत सम्राट चंदगुप्त मौर्य की उपासना की गई



**केटी न्यूज/बक्सर**

धम्मविजय महोत्सव के अंतर्गत अखंड भारत के संस्थापक सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य का सम्मान और उपासना पूजा किया गया। यह महोत्सव विराटनगर बुद्ध मार्ग बक्सर में 3 से 12 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले कार्यक्रम के तहत कराया गया। इस महोत्सव में हर दिन एक सम्राट का सम्मान और उपासना किया जाएगा। मुख्य अतिथि कुशवाहा महासंघ के अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह कुशवाहा ने कहा अखंड भारत के लिए हमें अपनी एकता बनाए रखनी है। किसी भी हालत में बटना नहीं है और मिलकर काम करना है। समाज को आगे बढ़ाना है। धम्मविजय महोत्सव समिति के अध्यक्ष युवा सम्राट ऋतुराज मौर्य ने बताया कि महोत्सव की शुरूआत गुरूवार सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य के सम्मान और उपासना के साथ की गई। महोत्सव में 4 अक्टूबर को सम्राट बिंदुसार मौर्य, 5 अक्टूबर को सम्राट अशोक महान, 6 अक्टूबर को सम्राट कुणाल मौर्य, सात अक्टूबर को सम्राट दशरथ मौर्य, आठ अक्टूबर को सम्राट संप्रति मौर्य, 9 अक्टूबर को सम्राट शालिशुक मौर्य, 10 अक्टूबर को सम्राट देववर्मन मौर्य, 11 अक्टूबर को सम्राट शतधन्नवा मौर्य और महोत्सव के आखिरी दिन 12 अक्टूबर को सम्राट वृहद्रथ मौर्य का सम्मान तथा उपासना आयोजित की जाएगी। इस महोत्सव के आयोजन में कोषाध्यक्ष ज्योति प्रकाश, सचिव विक्की शाक्य, सुनील सम्राट, मीडिया प्रभारी राज सिंह, कार्यक्रम संयोजक अखिलेश ठाकुर, कुश मौर्य, श्रीनिवास जी, डॉक मन्नू जी, डॉक्टर गणेश मंडल जी, डॉ विनोद कुमार अधिवक्ता आदि उपस्थित रहे।




## आठ को होगी प्रमुख व उप प्रमुख पर आए अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा

**केटी न्यूज/डुमरांव**

स्थानीय प्रखंड प्रमुख अनुपा देवी तथा उप प्रमुख कृष्णा सिंह के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर आठ अक्टूबर को चर्चा होगी। प्रखंड प्रमुख तथा उप प्रमुख ने अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के लिए तिथि निर्धारित नहीं किया तो पंचायत राज अधिनियम के तहत पंचायत समिति सदस्यों ने आठ अक्टूबर को चर्चा के लिए तिथि निर्धारित कर दी है। सदस्यों द्वारा की गई तिथि निर्धारण के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी संदीप कुमार पांडे ने पंचायत समिति सदस्यों को बुलाई गई विशेष बैठक में भाग लेने के लिए आमंत्रित कर दिया है।

वहीं, प्रखंड प्रमुख तथा उप प्रमुख की कुर्सी के भविष्य को लेकर चर्चा होने लगी है तो स्थानीय राजनीति में भी गर्मी आने लगी है। पंचायत समिति सदस्यों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी संदीप कुमार पांडे से मिलकर अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के लिए तिथि निर्धारित करने को कहा था। पंचायत समिति सदस्यों द्वारा प्रखंड प्रमुख अनुपा देवी तथा उप प्रमुख कृष्णा सिंह के खिलाफ 12 सितंबर को ही अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है। पंचायत राज विभाग के नियमानुसार प्रस्ताव के 15 दिनों में प्रखंड प्रमुख को बैठक के लिए तिथि निर्धारित करना था। प्रखंड प्रमुख ने सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले का हवाला देकर जब अविश्वास प्रस्ताव पर बहस के लिए तिथि निर्धारित नहीं किया तो प्रखंड विकास पदाधिकारी संदीप कुमार पांडे ने नियमानुसार दूसरा मौका उप प्रमुख कृष्णा सिंह को देकर बैठक बुलाने की तिथि निर्धारित करने के लिए पत्र दिया था। लेकिन उप प्रमुख ने भी अविश्वास प्रस्ताव पर बैठक बुलाने तथा चर्चा के लिए तिथि का निर्धारण नहीं किया। ऐसे में पंचायत समिति सदस्यों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी से मुलाकात कर पंचायत राज विभाग नियम का हवाला देते हुए अपने स्तर से बैठक की तिथि निर्धारित करने का फैसला लिया गया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि ऐसी स्थिति में पंचायत समिति सदस्यों द्वारा निर्धारित तिथि पर बैठक बुलाने का प्रावधान है तथा बैठक में लिया गया फैसला सर्वमान्य है। अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के लिए विशेष बैठक आठ अक्टूबर को बुलाई गई है। तिथि निर्धारण के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी ने स्थानीय प्रखंड के सभी पंचायत समिति सदस्यों को विशेष बैठक में भाग लेने के लिए पत्र जारी कर दिया है। उम्मीद है कि यह बैठक हंगामेदार होगी तथा चर्चा भी जोरदार होगा। इस अविश्वास प्रस्ताव को प्रखंड के कई मजबूत मुखिया का समर्थन बताया जाता है तो स्थानीय राजनीति करने वाले नेताओं की सक्रियता तथा दिमागी खुराफात इसमें शामिल है।

### ◆ अविश्वास प्रस्ताव को लेकर प्रखंड में गर्म हुई राजनीति






### केसठ प्रखंड के नया बाजार स्थित नव युवक दुर्गा पूजा समिति के पंडाल में युवक की अनोखी भक्ति

# सीने पर कलश रखकर नवरात्र व्रत कर रहा युवक, बना आकर्षण का केन्द्र

**केटी न्यूज/केसठ**

प्रखंड के स्थानीय नया बाजार स्थित नव युवक दुर्गा पूजा समिति के पंडाल में महादेवगंज निवासी विनोद कुमार सिंह (40) मां जगदंबा की साधना में पूरी तरह लीन है। वे पूरे नवरात्र के नौ दिन अपने सीने पर एक कलश स्थापित कर बिना कुछ खाए पिए मां की भक्ति में लीन रहेंगे उसने अपने सीने पर स्थापित कलश में जई भी रोपी हुई है और इस साधना में उसे कोई परेशानी न होने का दावा किया जा रहा है। इसको लेकर लोग कई तरह की बातें कह रहे हैं, ग्रामीणों ने बताया कि मां जगदंबा का भक्त विनोद दिन और रात मिलाकर मात्र एक से दो चम्मच शहद ही पीते हैं। वह शहद के सहारे नवमी तक मां की भक्ति में लीन रहेंगे।



विनोद ने बताया कि वह यह कलश अपने शरीर पर दूसरे वर्ष स्थापित कर रहा है।

वह मां का भक्त है और मां की कृपा से ही सफलतापूर्वक इसका निर्वहन कर पाता है। विनोद के बताया कि वह इस दौरान हर समय अपने जगदंगबे मां को स्मरण करते रहता है, ऐसा लगता है मानों मां आकर उसे आशीर्वाद देती हैं। उसने आगे बताया कि वह बगैर कुछ खाए पिए अपने शरीर पर कलश स्थापना करता है। लेकिन उसे थोड़ी सी भी परेशानी नहीं होती है, क्योंकि उसके ऊपर मां मौजूद रहती है। समिति के अध्यक्ष विजय यादव ने बताया कि भक्त विनोद क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। उसे देखने के लिए लोग दूर-दराज से आ रहे हैं। फिर इस सच को देख लोग दंग रह जा रहे हैं, जितने मुंह उतनी बातें सुनने को मिल रही हैं। कुछ लोग इसे दैवीय प्रकोप भी मान रहे हैं। उनका कहना है कि इस धरती पर अगर इंसान एक से दो दिन नहीं खाए तो उसकी स्थिति दयनीय हो जाती है। लेकिन जो व्यक्ति नौ दिनों तक बिना खाए-पिए मां की भक्ति में लीन है और उसको थोड़ी सी भी परेशानी नहीं हो रही है। इसका मतलब उसके ऊपर दैवीय कृपा है।

# फिजियोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध कराने में राज्य में प्रथम स्थान पर छपरा सदर अस्पताल

- ओपीडी में एक माह में 781 फिजियोथेरेपी के मरीजों को हुआ इलाज
- फिजियोथेरेपी के लिए अब नहीं भटकते हैं मरीज
- सदर अस्पताल में नि:शुल्क करा सकते हैं फिजियोथेरेपी




**केटी न्यूज/छपरा**

समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग संकल्पित है। स्वास्थ्य संस्थानों में लगातार सुविधाएं बढ़ायी जा रही है। छपरा सदर अस्पताल में मरीजों को बेहतर सुविधा मिले इसके लिए लगातार आधुनिक सुविधाओं में वृद्धि की जा रही है। अब छपरा सदर अस्पताल में मरीजों को फिजियोथेरेपी की सुविधा मिलने लगी है। सदर अस्पताल के ओपीडी में आधुनिक मशीनों से लैस एक विशेष फिजियोथेरेपी कक्ष बनाया गया है। जिसका लाभ मरीजों को मिल रहा है। सिंतबर माह में मरीजों का फिजियोथेरेपी से इलाज करने में छपरा सदर अस्पताल ने राज्य में प्रथम स्थान हासिल किया है। सिंतबर माह में कुल 781 मरीजों का फिजियोथेरेपी के माध्यम से उपचार किया गया है। जो अन्य जिलों के मुकाबले सबसे अधिक है। दर्द से परेशान मरीजों का इलाज फिजियोथैरेपी से किया जाता है। इसके लिए भौतिक एक्सरसाइज मशीनों के द्वारा कराई जाती है। पारालाइसिस अटैक में शरीर का कई भाग काम करना बंद कर देता है। इसे फिजियोथेरेपी से ठीक किया जा सकता है। शरीर में सूनापन या दर्द या गठिया, साईटिका जैसी बीमारियों को फिजियोथैरेपी से ठीक किया जाता है। कई बार

### इन बीमारियों का होता है इलाज

सिविल सर्जन डॉ. सागर दुलाल सिन्हा ने बताया कि फिजियोथैरेपी सेन्टर पर सभी नसों व मांसपेशियों से संबंधित बीमारियों का इलाज किया जाता है। इसके साथ ही साइटिका, सर्वाइकल,, बैंक पेन, स्लिप डिस्क, चक्कर आना, ऑपरेशन के बाद जोड़ों की जकड़न एवं स्पोर्ट इन्जुरी से संबंधित सभी बीमारियों के लिए फिजियोथैरेपी की जाती है। जिस बीमारी का इलाज के लिए लोगों को निजी अस्पताल में हजारों रूपए खर्च करना पड़ता था, अब वह सदर अस्पताल में निःशुल्क मिल रहा है। फिजियोथेरेपी करने के लिए आधुनिक मशीन लगाया है। जिससे कोई परेशानी नहीं होती है। खासकर वैसे लोग जो पैसे की कमी के चलते इलाज नहीं करवा पाते हैं, उनके लिए यह काफी कारगर है। छपरा सदर अस्पताल आकर निःशुल्क फिजियोथेरेपी करा सकते हैं।

दुर्घटनाओं में हड्डी टूट जाती है। प्लास्टर होने के बाद हड्डी तो जुड़ जाता है। लेकिन जोड़ों का मूवमेंट करने पर दर्द होने लगता है। इसके लिए फिजियोथेरेपी से इलाज किया जाता है। फिजियोथेरेपी से घुटनों के दर्द का इलाज आसानी से किया जा रहा है।

**आधुनिक मशीन से उपचार:** वहीं, इस संबंध में जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीएम अरविन्द कुमार ने बताया कि सदर अस्पताल के ओपीडी के फिजियोथेरेपी सेंटर में ट्रैक्शन मशीन से सर्वाइकल और लकवा के मरीजों का उपचार, शरीर में सूजन और कड़ापन को दूर के वैक्सवाथ मशीन के माध्यम से फिजियोथेरेपी दी जा रही है। भागदौड़ भरी जिंदगी और तनाव से लोग कई प्रकार की बीमारियों से घिर रहे हैं। वहीं, अधिक समय तक कुर्सी पर बैठकर लैपटॉप व कम्प्युटर पर काम करने वाले, बाइक से लंबा सफर करने वाले, गिरने और अन्य कारणों से चोटिल लोग नस से संबंधित बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। इसमें किसी के कंधे में दिक्कत तो किसी के हाथ-पैर में दर्द की शिकायत रहती है। ऐसे मरीजों के लिए सदर अस्पताल का फिजियोथेरेपी सेंटर काफी मददगार साबित हो रहा है।

## खबरें फटाफट

### दो बाइक चोरों को भेजा जेल

**काराकाट।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मोहनपुर गांव में बाइक चोरी करते दो चोर पकड़े गए। जिन्हें पुलिस के हवाले कर दिया। बताया जाता है कि राजेश कुमार की बाइक दरवाजे पर खड़ी थी। इस बीच चोरों ने मास्टर चाबी से बाइक को चालू कर दी और जाने लगे। तभी ग्रामीणों ने दोनों चोरों को पकड़ा और उनकी पिटाई के बाद पुलिस के हवाले कर दिया। काराकाट थानाध्यक्ष फुलदेव चौधरी ने बताया कि चोरों की पहचान काराकाट थाना क्षेत्र अंतर्गत सोनवर्षा निवासी गाया सिंह के बेटे अमित कुमार और कौपा निवासी शत्रुधन राम के बेटे विधि विरुद्ध बालक के रूप में की गई है।

### महिला की उपचार के दौरान मौत

**छपरा।** मुफस्सिल थाना अंतर्गत तेनुआ गांव के समीप अनियंत्रित बाइक की चपेट में आने से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसकी मौत सदर अस्पताल में में उपचार के दौरान हो गई। मृत महिला मुफस्सिल थाना अंतर्गत तेनुआ गांव निवासी स्व० वंशी राय की पत्नी चंपा देवी है। जानकारी अनुसार वह अपने पोते चंदन राय के साथ पैदल चनचौरा बाजार कुछ सामान की खरीदारी करने के लिए जा रही थी, तभी तेजी से आ रही बाइक ने महिला को जोरदार टक्कर मार दिया। जिसके बाद उसे छपरा सदर अस्पताल लाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

## उम्र, वजन, लंबाई व ऊंचाई के आधार पर चिन्हित किया जाता है कुपोषित बच्चा

# अति-गंभीर कुपोषित बच्चों की पहचान कर एनआरसी रेफर करें सेविका: डीपीओ

- कुपोषित बच्चों की पहचान करना आगनबाड़ी सेविकाओं की जिम्मेदारी
- एनआरसी के लिए निशुल्क 102 एंबुलेंस सेवा उपलब्ध
- समय पर इलाज नहीं होने से कुपोषित बच्चों की मौत की होती है संभावना




**केटी न्यूज/छपरा**

जिले समय के साथ बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास नहीं होने पर उन्हें कुपोषित बच्चों की श्रेणी में रखा जाता है। ऐसे बच्चों की शुरूआत में ही पहचान करते हुए चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराने के लिए आईसीडीएस विभाग तत्पर रहता है। कुपोषित बच्चें के इलाज के छपरा सदर अस्पताल में पोषण पुनर्वास केंद्र संचालित है। पिछले कुछ महिनों से पोषण पुनर्वास केंद्र में लक्ष्य के अनुरूप में बच्चें नहीं आ रहें है।

मामले को जिसको गंभीरता से लेते आईसीडीएस के डीपीओ कुमारी अनुपमा ने पत्र जारी कर सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों को आदेश दिया है कि आंगनबाड़ी सेविकाओं के द्वारा अति गंभीर कुपोषित बच्चों की पहचान कर 102 निशुल्क एंबुलेंस सेवा के माध्यम से पोषण पुनर्वास केंद्र में रेफर कराना सुनिश्चित करें। कुपोषित बच्चों की पहचान कर एनआरसी सेंटर में भर्ती कराना आगनबाड़ी सेविकाओं का कर्तव्य है। आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा नवजात शिशुओं का जन्म के साथ वजन, लंबाई व ऊंचाई के आधार पर उनके पोषण स्थिति की पहचान की जाती है। ऐसे कुपोषित बच्चे जिन्हें केवल शारीरिक कमजोरी है लेकिन चिकित्सकीय समस्या नहीं है उनका इलाज समुदाय स्तर पर संचालित टीकाकरण केंद्र, आंगनबाड़ी केंद्र द्वारा पोषण और चिकित्सकीय सहायता देकर किया जाता है। लेकिन ऐसे बच्चे जिन्हें शारीरिक कमजोरी के साथ मानसिक कमजोरी और निर्बलता है उसे अतिकुपोषित की श्रेणी में रखते हुए बेहतर इलाज के लिए पोषण पुनर्वास केंद्र भेजते हुए उसे चिकित्सक द्वारा देखरेख कर इलाज कराया जाता है। ऐसे बच्चों को चिह्नित करते हुए उन्हें समय पर इलाज उपलब्ध कराने के लिए सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं को आवश्यक निर्देश दिया गया है जिससे कि समय से ऐसे बच्चों की पहचान कर उनका इलाज किया जा सके और उन्हें सुपोषित बनाया जा सके।

**अति गंभीर कुपोषित बच्चों में मौत का खतरा नौ गुणा अधिक:** डीपीओ कुमारी अनुपमा ने बताया कि सामान्य बच्चों की तुलना में गंभीर अतिकुपोषित बच्चों की मृत्यु का खतरा नौ गुना अधिक होता है। 100 में 80-85 प्रतिशत ऐसे कुपोषित बच्चे पाए जाते हैं जिनका चिकित्सकीय सहायता समुदाय स्तर पर किया जा सकता है। 10-15 प्रतिशत बच्चों को ही पोषण पुनर्वास केंद्र भेजने की जरूरत होती है। ऐसे बच्चों की समय से पहचान कर उनका इलाज करने से कुपोषण के कारण होने वाले बच्चों की मृत्यु को खत्म किया जा सकता है।

### भर्ती बच्चों के मां को दिया जाता है दैनिक भत्ता

वहीं, इस संबंध में सदर अस्पताल परिसर में स्थित एनआरसी की इंचार्ज पुष्पा कुमारी ने बताया कि एनआरसी में अतिकुपोषित बच्चे को 21 दिनों के लिए रखा जाता है। डाक्टर की सलाह के मुताबिक ही डाइट दी जाती है।

अगर यहां रखा गया कोई बच्चा 21 दिन में कुपोषण से मुक्त नहीं हो पाता है तो वैसे बच्चों को एक माह तक भी यहां रखा जाता है। बच्चों की देखभाल के लिए यहां स्टाफनर्स, केयरटेकर व कुक भी उपलब्ध रहते हैं।उन्होंने बताया यहां पर जीरो से 5 साल तक के बच्चों का 15 फीसद वजन बढने तक इलाज किया जाता है। बच्चे के साथ एनआरसी में रह रहे परिजनों को दैनिक भत्ते के रूप में प्रतिदिन 100 रुपए दिए जाते हैं। साथ ही दोनों टाइम का खाना भी मिलता है। इलाज के बाद पुनः फालोअप के लिए भी बुलाया जाता है।

### पोषण पुनर्वास केंद्र पर दी जाने वाली सेवाएं

- बच्चों के खेलने की सभी सुविधाएं
- अक्षर ज्ञान का बोध कराना
- बच्चों के देखभाल और खाना खिलाना
- आवश्कतानुसार दवा और पौष्टिक आहार
- साथ रहने वाली माँ को रहने खाने के साथ प्रतिदिन 100 रुपए प्रोत्साहन राशि
- आशा कार्यकर्ताओ को प्रोत्साहन राशि
- रेफर किए गए बच्चों की पुन:जांच कर (सैम) अति-कुपोषित की पहचान करना
- भर्ती किए गए कुपोषित बच्चों की 24 घंटे उचित देखभाल करना
- सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमियों में सुधार हेतु पूरक खुराक देना
- भर्ती कुपोषित बच्चों व उनके माताओं को निर्धारित मीनू के अनुसार भोजन देना तथा इसके लिये अभिभावक से कोई शुल्क नहीं लेना
- मां एवं देखभाल करने वाले को उचित खान-पान, साफ-सफाई के विषय पर परामर्श देना
- पोषण पुनर्वास केंद्र में डिस्चार्ज के बाद हर 15 दिन में 2 माह तक 4 बार फॉलोअप करना

## एक नजर

### कृषि बीज उत्पादन तकनीक पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



**बिक्रमगंज।** कृषि विज्ञान केंद्र बिक्रमगंज में रबी फसलों के बीज उत्पादन तकनीक पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को रबी फसलों के बीज उत्पादन की तकनीकों से अवगत कराना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए मत्स्य वैज्ञानिक डॉ. आर के जलज ने बताया कि उचित गुणवत्ता वाले बीज फसल की उत्पादकता को सीधे तौर पर प्रभावित करता है। फसलों के बीज उत्पादन करने से किसानों को अनाज उगाने की तुलना में 15 से 20 प्रतिशत अधिक मुनाफा मिलता है। वैज्ञानिक एवं प्रशिक्षक संजू कुमारी ने उन्नत बीज की विशेषता एवं बीज प्रमाणन के मानकों के बारे में किसानों को बताया। जो किसानों को बीज उत्पादन के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और धान, गेहूं, दलहन एवं तिलहन के बीजों का उत्पादन स्वयं करना चाहिए। इसके लिए बिहार सरकार द्वारा निबंधन कराया जाता है। जिसे कृषि विज्ञान केंद्र के माध्यम से किया जा सकता है। डॉ रामाकांत सिंह ने बीज उत्पादन के लिए भूमि की तैयारी, खाद-बीज अनुपात पर विस्तृत रूप से जानकारी दी। डॉ रतन कुमार ने किसानों को बीजों के संरक्षण और भंडारण के तरीकों के बारे में बताया एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन किया।

### 10 को मनाई जाएगी युवा क्रांति रोटी बैंक का छठवीं वर्षगांठ, विभिन्न कार्यक्रम होंगे आयोजित




**छपरा।** युवा क्रांति रोटी बैंक द्वारा छह साल बेमिसाल के अवसर पर दस अक्टूबर को छठा वर्षगाँठ मनाया जाएगा। युवा क्रांति रोटी बैंक द्वारा हर शाम जरुरतमंदो के नाम से प्रतिदिन छपरा शहर में लोगों को भोजन वितरण करने के साथ साथ विभिन्न अवसरों पर स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान शिविर,सरकारी कार्यालयों के प्रांगण में वृक्षारोपण, कपड़ा तथा कंबल वितरण का कार्यक्रम किया जाता है। हर साल की तरह इस साल भी वर्षगांठ के अवसर पर सप्ताहिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। पांच अक्टूबर को रक्तदान, छह अक्टूबर कपड़ा वितरण,सात अक्टूबर को सदर अस्पताल में फल वितरण, आठ अक्टूबर को अशोक अलंकार छपरा कैंपस में मेडिकल कैम्प का आयोजन, नौ अक्टूबर को पौधरोपण तथा 10 अक्टूबर को युवा क्रांति रोटी बैक के छठवां वर्षगांठ चंद्रावती पैलेस छपरा में होना सुनिश्चित हुआ है। इस कार्यक्रम की जानकारी युवा क्रांति रोटी बैंक संस्थापक ई. विजय राज ने प्रेस वार्ता में दी। मौके पर युवा क्रांति रोटी बैंक अध्यक्षा नीतू गुप्ता, उपाध्यक्ष बिंदिया जायसवाल, मीडिया प्रभारी राशिद रिजवी, अर्जुन सिंह, सदस्य विवेक चौहान, अभिषेक नर्सरी, सौरव श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

### रोहतास एसपी ने दुर्गा पूजा स्थलों पर विधि व्यवस्था को लेकर किया निरीक्षण

**सासाराम।** रोहतास एसपी रौशन कुमार ने दुर्गा पूजा में विधी व्यवस्था को लेकर विभिन्न थाना क्षेत्र में निरीक्षण किया। एसपी ने बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान दुर्गा पूजा में विधी व्यवस्था को लेकर सीसीटीवी कैमरा रौशनी पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती को लेकर निर्देश दिए। एसपी ने बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र के थाना क्षेत्र का दौरा करने के क्रम में सूर्यपुरा थाना पहुंचे। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा हेतु बना पंडालों का सत्यापन, लाइसेंसधारियों का सत्यापन वोलेंटियर का भौतिक सत्यापन किया गया। साथ ही रूट का सत्यापन भी किया जा रहा है कि पूजा के दौरान पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति पूर्ण रूप सुनिश्चित हो सके। संबंधित थानाध्यक्ष और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के द्वारा किए गए रूट सत्यापन के मोताबिक पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। वही एसपी ने शांति सौहार्द के साथ दुर्गा पूजा मनाने के लिए लोगों से अपील की। निरीक्षण के दौरान विक्रमगंज एसडीपीओ कुमार संजय, थानाध्यक्ष प्रिया कुमारी आदि मौजूद रहे। जहां एसपी ने अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों कि गिरफ्तारी के लिए निरंतर अभियान जारी रखने हेतु निर्देश दिया।

### दरियापुर प्रखंड के गावों में घुसा बाढ़ का पानी

**छपरा।** दरियापुर प्रखंड के गंडक दियारे में स्थित करीब 10 गावों में बाढ़ का पानी घुस गया है। वहीं पानापुर के सात गांवों में जलजमाव हो गया है। लोग ऊंचे स्थानों पर शरण ले रहे हैं। साथ ही सैकड़ों एकड़ में लगी मक्का, धान आदि की फसलें भी डूब गई हैं। जानकारी के अनुसार विगत दो दिनों से गंडक नदी का पानी काफी तेजी से बढ़ रहा है। इससे तुर्की, बेलहर, इदिलपुर, बरवे, मनसा बाबा, दरिहरा भुआल सहित दियारे में बसे करीब दर्जन भर गांवों बाढ़ का पानी पहुंच गया है। कई लोगों के घरों में भी पानी चला गया है। वे अपने मवेशियों के साथ ऊंचे स्थानों पर शरण लिए हुए हैं। ग्रामीण बताते हैं कि पहले खेतों में पानी घुसा लेकिन मंगलवार की रात से ज्यादा तबाही है। अब पानी घरों में घुसने लगा है। गंडक का पानी अभी बढ़ ही रहा है। इससे तबाही और बढ़ने की आशंका है। पूर्व मंत्री चंद्रिका राय, स्थानीय विधायक छोटेलाल राय सहित कई जन प्रतिनिधियों ने बाढ़ पीड़ितों से मिल कर राहत कार्य चलाने का आश्वासन दिया।



## प्रतिमाओं एवं विसर्जन शोभा यात्रा के लिए लाइसेंस अनिवार्य: डीएम

**केटी न्यूज/छपरा**

दुगार्पूजा के अवसर पर सामान्य विधि व्यवस्था बनाये रखने को लेकर गुरुवार को समाहरणालय सभागार में बैठक की गई। इस बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अनुमंडल, प्रखंड एवं थाना स्तर के पदाधिकारी भी जुड़े थे।सभी थाना प्रभारी से एक एक कर उनके क्षेत्र अंतर्गत स्थापित की जाने वाली दुर्गा प्रतिमाओं के बारे में जानकारी ली गई।सभी प्रतिमा स्थापना एवं विसर्जन शोभा यात्रा के लिये लाइसेन्स लेना अनिवार्य है। इस संबंध में सभी थाना प्रभारी को सभी आयोजकों से आवेदन प्राप्त कर लाइसेंस की प्रक्रिया पूर्ण करने का निदेश दिया गया।

सभी थाना क्षेत्र में आयोजित होने वाले रावण पुतला दहन तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बारे में भी जानकारी ली गई। इन सभी आयोजकों के साथ पहले ही बैठक कर आवश्यक दिशानिर्देश जारी करने को कहा गया। इन आयोजन स्थलों पर भीड़ प्रबंधन को लेकर विशेष सतर्कता एवं समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। त्योहारों में डीजे का उपयोग वर्जित है। इस संबंध में सभी डीजे संचालकों के साथ बैठक कर इस आशय की पूर्व जानकारी देने को कहा गया। इसका उल्लंघन करने वाले का डीजे उपकरणों को जप्त कर किया जायेगा। असामाजिक तत्वों के विरुद्ध बीएनएसएस के तहत निरोधात्मक कार्रवाई करने तथा उपयुक्त मामलों में सीसीए के तहत प्रस्ताव भेजने का निदेश दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक कुमार आशीष, उपविकास आयुक्त,अपर समाहर्त्ता मुकेश कुमार आदि उपस्थित थे।

## संदेहास्पद स्थिति में बुजुर्ग की मौत, हत्या का आरोप

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के चांदी थाना क्षेत्र के भदवर गांव में संदेहास्पद स्थिति में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। वहीं मृतक बुजुर्ग के दाहिने हाथ के केहुनी के पास काला दाग का निशान पाया गया है। जिसके कारण परिजन द्वारा गांव के ही कुछ लोगो पर मारपीट कर उनकी हत्या करने का आरोप लगाया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार मृतक बुजुर्ग चांदी थाना क्षेत्र के भदवर गांव निवासी महावीर पांडेय है। वह कुल्हड़िया स्टेशन के पास अपने निजी जमीन पर साइकिल स्टैंड चलाते थे। उधर घटना की सूचना पाकर सदर एसडीपीओ-टू रंजीत कुमार सिंह एवं चांदी थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष पंकज कुमार पुलिस बल के साथ आरा सदर अस्पताल पहुंचे



और मृतक के परिजनों से मिल घटना की जानकारी ली। इसके पश्चात पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया।

वहीं इस मामले में सदर एसडीपीओ ने बताया कि जहां पर यह अपना साइकिल स्टैंड चलाते थे। वहां पर गांव के ही प्रेम यादव का भी स्टैंड चलता है। जिसको लेकर इन लोगों के बीच विवाद चल रहा है। उसके द्वारा इन लोगों को पहले भी वहां से स्टैंड हटाने को लेकर धमकी दी जा चुकी है। लेकिन अभी मृतक के परिजनों द्वारा किसी प्रकार का कोई लिखित आवेदन नहीं दिया है। आवेदन देने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि अभी प्रेम यादव को डिटेंड किया गया है पर आवेदन मिलने के बाद अगर उसकी इस मामले में संलिप्तता पाई जाएगी तो उसे भी गिरफ्तार किया जाएगा। इधर मृतक के बेटे संजय पांडेय ने बताया कि कुल्हड़िया स्टेशन के पास उन लोगों का दो डेसिमल निजी जमीन है। जिस पर उसके पिता 70 वर्षों से वहीं पर रहते हैं और साइकिल स्टैंड चलते हैं। वहीं पर गांव के ही प्रेम यादव का भी साइकिल स्टैंड चलता है। उसी लेकर करीब दो वर्ष से उसके जमीन पर जबरन कब्जा करने और उनका साइकिल स्टैंड हटाने के लेकर विवाद चल रहा है। बुधवार की शाम करीब चार बजे के आसपास उन लोगों के द्वारा साइकिल स्टैंड पर आकर गाली-गलौज किया गया और स्टैंड हटाने की बात कही गई थी। बुधवार की शाम उक्त सभी लोग लाठी-डंडा लेकर उनके घर आ धमके। उन लोगों द्वारा उनके पिता की लाठी-डंडों से पिटाई कर दी गई और उनके पिता की मौत हो गई। वहीं दूसरी और मृतक के बेटे संजय पांडेय ने गांव के ही प्रेम यादव के भाई रमेश यादव, अशोक यादव, भूषण यादव, अपने चचेरे भाई प्रमोद पांडेय सहित उनके साथ रहे उन लोगों पर लाठी-डंडों से मारपीट कर अपने पिता की हत्या करने का आरोप लगाया है।

## शहर की अधिष्ठात्री देवी है मां आरण्य देवी, श्रद्धालुओं ने माता के मंदिर में जलाए दीप

# आरा स्थित मां आरण्य देवी के दर्शन के लिए भक्तों का उमड़ा सैलाब

**केटी न्यूज/आरा**

शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन गुरुवार को देवी दुर्गा के प्रथम स्वरूप की पूजा-अर्चना की गई। पूजन करने के लिए मंदिर में भारी भीड़ उमड़ी रही। आरा शहर की अधिष्ठात्री देवी मां आरण्य देवी के मंदिर में पूजन एवं दर्शन को लेकर गुरुवार की अहले सुबह से ही महिला-पुरुष श्रद्धालु भक्तों का जनसैलाब उमड़ पडा। लोग देवी दर्शन के लिए कतार में खड़े दिखे।

मां आरण्य देवी की मूर्ति एवं मंदिर परिसर को आकर्षक ढ़ंग से सजाया गया है। 'आरण्य देवी मैया



की जय' तथा 'सच्चे दरबार की जय' के जयकारे से पुरा वातावरण गुंजायमान रहा। मां अरण्य देवी मंदिर विकास ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा माता के मंदिर में पूजा-अर्चना की गई। जिसमें सभी ट्रस्टी बंधुओ ने भाग लिया। शाम में महिलाओं और युवतियों ने माता के मंदिर में दीप जलाया। दीप जलाने का सिलसिला शाम 4 बजे से संध्या 8 बजे तक चलता रहा। 8 बजे मां आरण्य देवी की संध्या आरती हुई। इस दौरान मां को मेवा, दूध से निर्मित खीर का भोग लगाया गया। आरती के पश्चात प्रसाद का वितरण श्रद्धालु भक्तों में हुआ। बता दें कि आरा का आरण्य देवी का मंदिर सिद्धपीठ है। ऐसा कहा जाता है कि द्वापर युग में यहां पांडवों ने देवी का दर्शन किया था। उस समय आरा शहर आरण्य वन के नाम से मशहूर था। इस मंदिर सालों भर श्रद्धालु भक्तों की भीड़ उमड़ी रहती है। चैत्र तथा शारदीय नवरात्र में यहां तिल रखने की जगह नहीं होती है। इस मंदिर की सबसे बड़ी खासियत है कि यहां पशु बलि नहीं दी जाती है। बल्कि मां को नारियल चढ़ाया जाता है।

### नवरात्र के पहले दिन हुई मां शैलपुत्री की पूजा

**आरा।** शारदीय नवरात्र की शुरूआत हो गई है। आज शैलपुत्री मां की पूजा अर्चना की जाएगी। वहीं पहली बार डॉक्टर ईशा गली के समीप संकट मोचन क्लब के द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमा रखी जायेगी। पंडाल और मूर्ति में लगभग साढ़े सात लाख तक लागत का अंदाजा लगाया गया है। यहां खुद से कुछ नया क्रिएट कर पंडाल बनाया जायेगा। लाइट की व्यवस्था पकड़ी मोड़ से लेकर जज मोड़ तक की गई है। ताकि पंडाल आने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी झेलनी ना पड़ें। पंडाल को 45 फीट ऊंचा और 40 फीट चौड़ा बनाया जा रहा है। पिछले दो सालों से हमलोग दुर्जा पूजा रखने का सोचा जा रहा था। लेकिन किसी कारण से नहीं हो पा रहा था। इस बार संकट मोचन क्लब के द्वारा सामूहिक बैठक दो महीना पहले किया गया था, जिसमें यह फैसला लिया गया कि इस बार कई जगहों पर मां का पंडाल या पूजा किसी कारणवश नहीं हो पा रहा है। जिसके बाद हम सभी ने सोचा क्यों न हम लोगों को ही दुर्गा पूजा रखा जाना चाहिए। काफी दिन तक सोचा आखिर पंडाल कैसा होना चाहिए। जिसके बाद अलग-अलग थीम के तहत पंडाल बनाने का फैसला हुआ। अब पंडाल का अंतिम रूप दिया जा रहा है।

# नवरात्र के पहले दिन भक्तों ने माता के चरणों में मत्था टेक मांगा आशीर्वाद

- चारों ओर गूंज रहे थे मां के जयकारे
- भक्तों ने मां के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और चढ़ाए प्रसाद

**केटी न्यूज/मऊ**



नवरात्र के पहले दिन देवी मंदिर में मां के दरबार में भक्तों का रेला उमड़ पड़ा। लोगों ने मां के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और प्रसाद चढ़ाये। नगर के शीतला माता मन्दिर, रोडवेज, आजमगढ़ मोड़ और फातिमा चौराहा स्थित दुर्गा मन्दिरों में भी भारी भीड़ रही। जहां सुरक्षा के भी इंतेजाम किये गये थे। मां वनदेवी धाम में दर्शन के लिए सुबह से शाम तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने बड़े ही श्रद्धाभाव के साथ मां वनदेवी का दर्शन पूजन कर अपने मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए माता रानी से प्रार्थना की। इसी क्रम में मुहम्मदाबाद गोहना नगर पंचायत के मोहल्ला सैदपुर स्थित दुर्गा मंदिर विजय चौक स्थित दुर्गा मंदिर आदि मंदिरों में भक्त जनों की भारी भीड़ रही।

## चकेरी धाम स्थित मां दुर्गा मंदिर पर दर्शन-पूजन करने वाले भक्तों की उमड़ी



**गाजीपुर।** नवरांत्रि के प्रथम दिन गंगा के तटवर्ती क्षेत्र चकेरी धाम स्थित मां दुर्गा मंदिर पर दर्शन-पूजन करने वाले श्रदांलूओं की भारी भीड़ थी। परिसर में फूल-माला, नारियल, चुनरी की दुकानें सजी थीं। मंदिर के महंथ संत त्रिवेणी दास जी महाराज ने मंदिर का जीर्णोध्दार कराकर लम्बे चौड़े ऊंचे चबूतरे पर दो दशक पूर्व नौ कुन्तल बजन की भव्य मूर्ति जयपुर राजस्थान से मंगाकर स्थापित करके विशाल मंदिर का निर्माण कराया। पुजारी के रुप में संत बालक दास जी महाराज मंदिर परिसर मे मौजूद भक्तजनो का सहयोग कर रहे थे। प्रथम दिन सुबह से ही भक्तजन मां गंगा मे हर - हर गंगे, मां शेरावाली की जयघोष के साथ स्नान करने के पश्चात मां भगवती की जयकार के साथ फूल माला नारियल चढ़ा रहे थे। बैंड बाजे के धुन पर युवक नृत्य कर रहे थे। इस दौरान पूरा परिसर घंटा, शंख व नगारों से गूंज रहा था। मान्यता है कि नवरात्रि में जो भी भक्तजन मां के मूर्ति के सामने मत्था टेक कर पूजन-अर्चन करता है। उसकी मनोकामना अवश्य पूरी होती है। इस कारण यहां भीड़ उमड़ पड़ती है।

## एक नजर

### डीएम ने 40 लेखपालों का किया स्थानांतरण

**बलिया।** डीएम ने जनपद बलिया में राजस्व प्रशासन एवं सुधार के दृष्टिगत समयाविधि एक ही तहसील में 9 वर्ष से अधिक समय से तैनात 13 लेखपाल तथा 8 वर्ष से अधिक समय से तैनात 27 लेखपालों अर्थात कुल 40 लेखपालों का स्थानांतरण प्रशासनिक हित में किया गया हैं। जिसमें तहसील सदर के 18 लेखपाल, बांसडीह तहसील के 16 लेखपाल, तहसील रसड़ा के 1 लेखपाल, तहसील बेल्थारारोड के 2 लेखपाल, तहसील सिकंदरपुर के 1 लेखपाल और तहसील बैरिया के 2 लेखपाल का स्थानांतरण किया गया` यह जानकारी मुख्य राजस्व अधिकारी श्री त्रिभुवन ने देते हुए बताया है कि इस आदेश का तत्काल अनुपालन करने के लिए संबंधित उपजिलाधिकारी को आदेशित किया गया हैं`

### छिनैती व लूट के दो आरोपी गिरफ्तार



**बलिया।** पुलिस ने छिनैती व लूट की घटना को अंजाम देने वाले दो अभियुक्तों को बघाव जाने वाले वन विभाग के पास स्थित पुलिया के पास से छिनैती व लूट के सामान के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ में अभियुक्तों ने अपना नाम व पता राज प्रताप यादव पुत्र देवनाथ यादव निवासी वशिष्ठ नगर प्लाट ग्राम सभा झरकटहा थाना रेवती जनपद बलिया तथा रोहित यादव पुत्र लल्लन यादव निवासी वशिष्ठ नगर प्लाट ग्राम सभा झरकटहा थाना रेवती जनपद बलिया बताया। बता दें कि एक अक्टूबर की शाम बलेउर गौरा नहर पटरी पर पीड़िता चांदनी के गले से मंगलसूत्र, ज्युतिया से छीनकर भाग गए थे। जिसकी तहरीर पीड़िता ने सहतवार थाना में दिया था। जिसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दिया था। इसी क्रम में पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। वही अभियुक्तों के पास से पुलिस ने लूटी गई एक मंगलसूत्र, एक ज्युतिया, एक बाइक, एक तमंचा, एक चाकू बरामद किया।

### पौधारोपण कर सांसद ने दिया हरियाली का संदेश




**बलिया।** शारदीय नवरात्रि के अवसर पर गंगा समग्र गोरक्ष प्रान्त की बलिया इकाई द्वारा सतीश चन्द्र महाविद्यालय में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद माननीय नीरज शेखर जी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सतीश चन्द्र महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर बीके पाण्डेय ने किया। पौधारोपण कार्यक्रम में सर्व प्रथम मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद नीरज शेखर, प्राचार्य प्रोफेसर बीके पाण्डेय, गंगा समग्र के शैक्षणिक आयाम प्रमुख डॉ गणेश पाठक , जिला संयोजक धनन्जय उपाध्याय , मीडिया प्रभारी गणेश तिवारी द्वारा नीम के पौध का रोपण किया गया। इस अवसर पर गंगा समग्र के सदस्य गण एवं अन्य गणमान्य लोगों द्वारा आंवला, बरगद, पीपल आदि पौधों का भी रोपण किया गया। इस अवसर पर गंगा समग्र के सदस्य गण एवं अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। पौधारोपण के पश्चात माननीय राज्य सभा सांसद नीरज शेखर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वृक्षों के धार्मिक,आध्यत्मिक, सामाजिक, एवं आर्थिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए के वैज्ञानिक पक्ष पर भी प्रकाश डाला एवं अधिक से अधिक वृक्ष लगाने हेतु लोगों से अपील किया।

### हेल्थ डैशबोर्ड में जारी प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में मऊ को मिला प्रथम स्थान

**मऊ।** यूपी हेल्थ डैशबोर्ड की अगस्त माह की जारी प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में जनपद मऊ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर राहुल सिंह ने बताया कि प्रत्येक माह के अंत में यूपी हेल्थ डैश बोर्ड की रैंकिंग शासन स्तर से जारी की जाती है जिसमें 14 इंडिकेटर के आधार पर मूल्यांकन करके रैंकिंग बनाई जाती है। इन इंडिकेटर में जिनकी रैंकिंग सबसे अच्छी होती है,उन्हें प्रथम स्थान मिलता है।उन्होंने बताया कि पिछले कई महीनो से हमारा जनपद सीएम डैशबोर्ड में 25वीं रैंक तक पहुंचा था कुछ महीने पहले दसवीं रैंक के अंदर भी आया। जब हमने इसकी मॉनिटरिंग शुरू की, प्रत्येक ब्लॉक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक समेत सभी लोगों द्वारा किए जा रहे कार्यों को सरकार के पोर्टल पर पंजीकृत करने का कार्य किया जाने लगा, जिसके फल स्वरुप अपेक्षित सुधार होने पर जनपद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्रदेश स्तरीय जारी इस रैंकिंग में आजमगढ़ 41 वें एवं बलिया 46 वें नंबर पर है। जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी समेत स्वास्थ्य विभाग से जुड़े समस्त कर्मियों को जनपद मऊ द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त करने पर बधाई दी है।

### गाजीपुर में दम तोड़ रही है वन जमा योजना

**सेवराई।** जमानियां रेंज अंतर्गत वन विभाग ने शासन के निर्देश पर पूरे क्षेत्र व वन रेंज में मार्गों पर लगाए गए पौधों के संरक्षण के लिए वन जमा योजना के अंतर्गत करीब छह लाख की लागत से करीब 200 से अधिक ब्रिक गार्ड बनाए थे। लेकिन निर्मित अधिकतर ब्रिक गार्ड वन विभाग के कर्मचारियों की उपेक्षा और देख-रेख के अभाव में खुद ही भरभरा कर ध्वस्त हो रहे हैं। इस कारण गुणवत्ता विहीन निर्माण और निर्धारित मानकों पर लोग सवाल खड़े कर रहे हैं। बता दें कि एक ब्रिक गार्ड का निर्माण करीब 3000 हजार में किया गया है। विभाग की इसी लापरवाही के कारण शासन की पौधों के संरक्षण की कवायदों पर पानी फिर रहा है। पौधों के संरक्षण और उससे हरियाली को लेकर गंभीर है, वहीं वन विभाग के द्वारा जिस तरह से ब्रिक गार्ड का निर्माण किया गया और यह जिस तरह से एक -एक कर खुद ब खुद ध्वस्त हो रहे हैं।

## खबरें फटाफट

### चोरी की बाइक के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**बलिया।** पुलिस ने गुरुवार को बदरपुर स्थित नेवादा पुलिया के पास से गिरफ्तार किया। पूछताछ में पकड़े गए अभियुक्त ने अपना नाम व पता सिन्टू बनवासी पुत्र मनोज बनवासी निवासी शमसाबाद थाना रानीपुर जनपद मऊ बताया। वही उसके पास से एक चोरी की बाइक बरामद किया। जब बाइक के नंबर प्लेट को ई चालान एप से चेक किया गया तो चेचिस नंबर में भिन्नता पायी गई। इसके बाद पुलिस ने युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया।

### चैन छपरा गंगा घाट पर मिला युवक का शव

**बलिया।** हल्दी थाना क्षेत्र के चैन छपरा गंगा घाट पर गुरुवार की सुबह एक युवक का शव मिलने के बाद सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची हल्दी पुलिस ने शव को कब्जे लिया और शिनाख्त कराने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। अंत में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।बताया जा रहा है कि शव पूरी तरह सड़ गया था। सिर पर बाल नहीं थे। दोनों कान गायब थे। इसके अलावा बाए पैर का भी कुछ हिस्सा गायब था। मृतक की उम्र करीब 45 वर्ष बताई जा रही है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में घी-तेल व्यापारी ने खाया विषाक्त, मौत

**बलिया।** शहर कोतवाली क्षेत्र के पशु अस्पताल रोड स्थित एक मकान में घी-तेल व्यापारी ने संदिग्ध परिस्थितियों में बुधवार को विषाक्त पदार्थ खाकर अपनी ईहलीला समाप्त कर लिया। परिजनों ने घटना के बाद का अंतिम संस्कार कर दिया, लेकिन पुलिस को सूचना देना मुनासिब नहीं समझा। घटना के पीछे पारिवारिक कलह बताया जा रहा है। शहर कोतवाली क्षेत्र के पशु अस्पताल रोड स्थित चंदन कुमार गुप्ता 35 वर्ष पुत्र संतोष कुमार गुप्ता बुधवार को संदिग्ध परिस्थितियों में विषाक्त पदार्थ खा लिया, अभी परिवार वाले कुछ कर पाते कि युवक की मौत हो चुकी थी। मृतक की शादी बेल्थरारोड में करीब छह-सात वर्ष पहले हुई थी। मृतक का एक पुत्र है। वही पत्नी प्रेग्नेंट है। मृतक का गुरुद्वारा रोड में घी-तेल का दुकान था। मृतक ने विषाक्त पदार्थ क्यों खाया। यह यक्ष प्रश्न बना हुआ है।

## मऊ में डीएम की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

# पिछले माह की अपेक्षा इस बार 13 प्रतिशत आयी सड़क दुर्घटना में कमी : जिलाधिकारी

- हिट एंड रन के मामलों में मृत्यु अथवा घायलों को सहायता राशि तत्काल उपलब्ध कराने का निर्देश
- ओवर स्पीडिंग के मामलों में होगी सख्त कार्रवाई

**केटी न्यूज/मऊ**



जिला अधिकारी प्रवीण मिश्र के अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिला अधिकारी ने पिछली बैठक में दिए गए निदेशों के अनुपालन की स्थिति की विस्तृत जानकारी लेते हुए अवशेष कार्यों को सिद्ध पूर्ण करने के निर्देश दिए। प्रवर्तन कार्यों की जानकारी लेने के दौरान एआरटीओ सुहैल अहमद ने बताया कि 16 अगस्त से 23 सितंबर तक हेलमेट के अभियोग में 1370, सीट बेल्ट के अभियोग में 264 तथा वाहन चलाते समय मोबाइल का फोन प्रयोग करने के अभियोग में 111 वाहनों का चालान किया गया। इसके अलावा फिटनेस के अभियोग में भी 93 वाहनों का चालान किया गया। इस दौरान हूटर प्रेशर हॉर्न में 18 चालान किए गए। शहर के एंट्री एवं एग्जिट पॉइंट्स पर लगे स्पेशल टीम द्वारा विभिन्न अभियोग में कुल 6301 चालान किया गया। बिना नंबर प्लेट तथा एच एस आर पी के अभियोग में 15 तथा नो पार्किंग के अभियोग में कुल 42 वाहनों का चालान किया गया। इस दौरान डीएम ने रिपोर्ट जारी करते हुए बताया कि गत माह के सापेक्ष सड़क दुर्घटना में मृत्यु के मामलों में कुल 13 प्रतिशत की कमी आई है। बैठक के दौरान डीएम ने 2 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के दृष्टिगत संबंधित समस्त विभागों को पूरी सक्रियता से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने तीन या उससे अधिक मृत्यु वाली सड़क दुर्घटनाओं की जांच हेतु गठित कमेटी के कार्यों की भी चर्चा की। इस दौरान उन्होंने हिट एंड रन मामलों में मृत्यु अथवा घायलों को मिलने वाली सरकारी सहायता राशि तत्काल उपलब्ध कराने हेतु शासन को डिमांड भेजने के भी निर्देश दिए।

### घायलों को तत्काल पहुंचाया जाए अस्पताल

डीएम ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को गोल्डन आवर के दौरान घायलों को प्राथमिक चिकित्सा तत्काल सुनिश्चित करने हेतु भी आवश्यक व्यवस्थाएं करने को कहा। डीएम ने कहा कि इस दौरान घायलों की मदद करने वालों तथा तत्काल अस्पताल पहुंचाने वालों को सम्मानित भी किया जाए तथा सरकार द्वारा निर्धारित 5000 की राशि भी उन्हें प्रदान किया जाए। उन्होंने समस्त जनपद वासियों से अपील भी किया कि सड़क दुर्घटना के दौरान घायल लोगों की तत्काल सहायता करें। इसमें किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं आएगी। जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित भी किया जाएगा।

### ओवर स्पीडिंग वाहनों पर रखी जाए कड़ी नजर

ओवर स्पीडिंग के मामलों के कारण सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु की संख्या को देखते हुए डीएम ने सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि ओवर स्पीडिंग वाले मामलों में कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने को कहा। इस दौरान जिला अधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को प्रार्थना सभा में सड़क सुरक्षा संबंधित जानकारी को बच्चों एवं अभिभावकों के साथ साझा करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने समस्त अधिशासी अधिकारियों को भी नगरीय क्षेत्र में प्रकाश की उचित व्यवस्था करने तथा सरकारी कर्मचारी के बिना हेलमेट अथवा बिना सीट बेल्ट पाए जाने पर सख्त कार्रवाई का निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि सरकारी अधिकारी नियम विरूद्ध कार्य करेंगे। तब आम जनता इस नियम का कैसे अनुपालन करेंगी। उन्होंने कहा कि यह नियम पर लागू करते हुए सख्त कार्रवाई। ताकि सड़क दुर्घटना में कमी आ सके। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक इलामारन, अपर जिलाधिकारी सत्यप्रिय सिंह, एआरटीओ सोहेल अहमद, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग चक्रेश केन सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## गाजीपुर की फुटबॉल वीमेंस टीम ने कैमूर को 3 -0 से दी शिकस्त, कप पर जमाया कब्जा

**केटी न्यूज/सेवराई**



रेवतीपुर गांव स्थित ग्रीन पार्क स्टेडियम में नवयुवक फुटबॉल-कुश्ती संघ की ओर से एक दिवसीय वूमेंस अंतरराज्यीय फुटबॉल चैम्पियनशिप का फाइनल मुकाबला आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेवी परशुराम पांडेय ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और फीता काटकर किया। फाइनल मुकाबला देर शाम तक चलता रहा। खेले गए इस एक दिवसीय चैम्पियनशिप मुकाबले में गाजीपुर ( यूपी ) की वूमेंस टीम ने कैमूर ( बिहार ) को 3 -0 से शिकस्त देकर कप पर कब्जा जमा अपनी बादशाहत कायम रखी। मुख्य अतिथि परशुराम पांडेय ने विजेता और उपविजेता टीमों को कप आदि देकर पुरस्कृत किया, जो देर शाम तक चलता रहा। मैन आफ द मैच का पुरस्कार विजेता गाजीपुर की पूजा को मिला। इसके पूर्व मुकाबले की शुरुआत से ही गाजीपुर की वूमेंस टीम ने गेंद पर पकड़ बनाए रखा। मध्यांतर से कुछ मिनट पहले ही गाजीपुर की पूजा ने गोल कर टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। यह मध्यांतर होने तक स्कोर बरकरार रहा। इसके उपरांत शुरू हुआ मुकाबला भी एकतरफा साबित हुआ। मध्यान्तर के बाद शुरू हुए मुकाबले में मैच के 55वें मिनट में गाजीपुर की पूजा ने एक और गोल कर टीम को 2-0 की मजबूत बढ़त दिला दी। इसके बाद मैच में पिछड़ रही कैमूर की टीम ने कई बेहतरीन प्रयास किए, मगर उनके हर प्रयास को गाजीपुर के डिफेंडरो ने नाकाम किया। इसी दौरान मैच समाप्ति से कुछ समय पहले गाजीपुर की ही खातून ने गोल कर टीम को 3-0 की मजबूत और निर्णायक बढ़त दिला दी। मैच समाप्त होने तक गाजीपुर ने बढ़त को कायम रखते हुए इस प्रतिष्ठापरक मुकाबले को अपने नाम कर लिया। मैच समाप्ति पर मुख्य अतिथि परशुराम पांडेय ने कहा कि आज के समय में बेटियां किसी से कम नहीं हैं, वह अपने प्रतिभा के दम पर हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है। कहा कि खेल से हमें समाजिक सौहार्द बनाए रखने में मदद मिलती है। हार जीत खेल का हिस्सा है। इस अवसर पर विशिष्ट उपनिरीक्षक हरिशचंद्र राय, आयोजक दीपांशू राय, पंकज राय, जनमेजय चौरसिया, संतोष यादव, रामाशंकर, गुड्डू पांडेय आदि मौजूद रहे। मुकाबलें में निर्णायक छोटू सिंह और कमेंट्री की भूमिका बलवंत ने निभाई।



## धान की पैदावार को लेकर किसान चिंतित, दिया ज्ञापन

**केटी न्यूज/सेवराई**

धान का कटोरा कहे जाने वाले इस क्षेत्र से धान की पैदावार व उसकी बिक्री को लेकर किसानों में चिंता बढ़ गई है। किसान नेता भानु प्रताप सिंह ने दर्जनों किसानों के साथ उप जिलाधिकारी को पत्र सौंपते हुए जमानिया विधानसभा क्षेत्र में धान की क्रॉप कटिंग करते हुए प्रति बीघा 20 कुंतल खरीदारी की मानक तय करने की मांग की। बताया कि डीएम की देखरेख में जनपद के अन्य क्षेत्रों में धान की क्रॉप कटिंग कराई जाती है जिससे प्रति बीघा 10 कुंतल की ही खरीदारी तय हो पाती है। जबकि हमारे क्षेत्र में धान की फसल बेहतर पैदावार के साथ होती है जिसे प्रति बीघा की करीब 18 से 20 कुंतल की धान उपज होता है। किसान नेता भानु प्रताप सिंह ने मांग किया कि सेवराई तहसील क्षेत्र में धान की क्रॉप कटिंग कराई जाए एवं किसानों से प्रति बीघा करीब 20 कुंतल की औसत खरीदारी की जाए। इसके साथ ही उन्होंने तहसील क्षेत्र में धान क्रय केंद्र की संख्या बढ़ाने की भी मांग की। तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा चित्रकोनी में गत वर्ष पीसीएफ एजेंसी द्वारा धान क्रय केंद्र का संचालन किया गया था परन्तु इस वर्ष उक्त केंद्र का अनुमोदन नहीं हुआ है। जिसके कारण ग्राम सभा चित्रकोनी, सरैला, कुर्रा, मिर्चा देवैथा के हजारो किसान इस वर्ष अपने धान को शासन के न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना अंतर्गत नहीं बेच पायेगे।

## बलिया के जिलाधिकारी ने की बैठक, बोले-त्योहार को शांतिपूर्ण व्यवस्था से कराएं संपन्न

# पंडाल में फायर तथा विद्युत सुरक्षा के मानकों का हो अनुपालन

**केटी न्यूज/बलिया**



जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में शारदीय नवरात्रि, महानवमी तथा दुर्गा मूर्ति विसर्जन-दशहरा त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने तथा शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में डीएम ने दुर्गा पूजा समिति के आयोजकों से उनकी समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया की मौके पर जाकर समस्या का निस्तारण करते हुए आगामी 03 दिन के अंदर आख्या उपलब्ध कराए। उन्होंने मुख्य अग्निशमन अधिकारी एवं सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि पंडाल का निरीक्षण कर निकास की व्यवस्था सहित सभी आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करा लिया जाए। डीएम ने दुर्गा पूजा समिति के आयोजकों सम्भ्रांत नागरिकों से कहा कि सड़क पर पंडाल न लगाया जाए। जिससे आवागमन बाधित न होने पाए। मूर्तियों की ऊंचाई सीमित रखी जाय। फायर के मानकों तथा विद्युत सुरक्षा के मानकों का अनुपालन किया जाय। पंडाल की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। पंडाल में निकासी को प्रवेशद्वार की अपेक्षा अधिक चौड़ा बनाया जाए। वॉलिंटियर्स बना लिए जाय। उन्होंने कहा कि इस पर विशेष ध्यान दिया जाय कि महिलाओं व बालिकाओं के साथ छेड़खानी की घटना न होने पाए। पंडाल में प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित रखी जाय। मूर्ति के विसर्जन के दौरान पर्याप्त सावधानी बरती जाए। किसी प्रकार की अप्रिय घटना न होने पाए। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा निर्देश प्राप्त हुए हैं कि किसी प्रकार से जनहानि होती है तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। पुलिस की पर्याप्त ड्यूटी लगाई जाएगी। उन्होंने सभी दुर्गा पूजा समिति के आयोजकों से अपील करते हुए कहा कि त्यौहार को आपसी सौहार्द के साथ मनाया जाय तथा त्यौहार सकुशल व शांतिपूर्ण संपन्न कराई जाय। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज, अपर जिलाधिकारी डीपी सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल झा व कृपाशंकर, मुख्य चिकित्साधिकारी वीपी द्विवेदी, नगर मजिस्ट्रेट इंद्रकांत द्विवेदी, सहित अन्य अधिकारी तथा आयोजक उपस्थित रहें। एसपी विक्रांत वीर ने कहा कि परम्परा के हिसाब से ही पंडाल लगाया जाय एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किया जाए नई परम्परा की शुरुआत न किया जाए। पंडाल में अंदर जाने तथा बाहर आने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित रखी जाए।

## दशरथ, कैकेयी व श्रीराम संवाद तथा विदाई लीला का मंचन देख दर्शक हुए भावविभोर

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



अति प्राचीन रामलीला कमेटी हरिशंकरी के तत्वावधान में लीला के पांचवें दिन हरिशंकरी स्थित श्रीराम चबूतरा पर दशरथ कैकेई श्रीराम संवाद व विदाई मांगने के प्रसंग का मंचन हुआ। रामलीला शुरू होने से पूर्व कमेटी के मंत्री ओमप्रकाश तिवारी, लक्ष्मी नारायण, लव त्रिवेदी, मनोज कुमार तिवारी, मयंक तिवारी, रोहित अग्रवाल ने श्रीराम लक्ष्मण सीता का पूजन आरती किया। आदर्श रामलीला मंडल के कलाकारों ने मंच पर दशरथ कैकेई तथा श्रीरामसंवाद व विदाई लीला का मंचन हुआ। जिसमें दशार्या गया कि महाराज दशरथ को मालूम हुआ कि महारानी कैकेई कोपभवन में फटे पुराने वस्त्र धारण करके कोप भवन में जाकर जमीन पर लेट गई है तो वे अपने राज दरबार से उठकर महारानी कैकई को मनाने के लिए कोप भवन में पहुंचते हैं और उनके नाराज होने का कारण पूछते हैं। महाराज दशरथ के वचन को सुनकर कैकेई ने याद दिलाया कि महाराज देवा सुर संग्राम में आपने दो वरदान देने को कहा था वह समय आ गया। महाराज दशरथ ने कहा कि प्रिये मुझे अपनी बात याद है तुम जब चाहे वरदान ले सकती हो कहा कि रघुकुल रीति सदा चली आई, प्राण जाए पर वचन न जाई। मैं अपने प्रिय पुत्र श्रीराम का सौगंध लेकर कहता हूं कि तुम अभी इसी समय वरदान मांगो तुम्हें क्या चाहिए। महाराज के वचन को सुनकर कैकेई ने कहा कि महाराज पहले वरदान में मेरे पुत्र भरत को अयोध्या का राज आपको देना होगा।

# शक्तिपीठ मां कामाख्या धाम पर मंगला आरती के साथ श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी

♦ यूपी के साथ बिहार के श्रद्धालुओं ने दर्शन के लिए कतारबद्ध हो मां कामाख्या की पूजा - अर्चना की

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

शारदीय नवरात्र के पहले दिन पूर्वांचल के सुप्रसिद्ध देवी शक्तिपीठ में विख्यात मां कामाख्या धाम पर मंगला आरती के साथ ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। यूपी सहित बिहार के श्रद्धालु दर्शन करने के लिए कतारबद्ध होकर देवी की पूजा -अर्चना की। जिले में वैदिक काल से ऋषियों-मुनियों एवं साधकों की भूमि रही है। जहां पर महर्षि जमदग्नि, परशुराम एवं विश्वामित्र षं ऋषियों ने अपने त्याग और तपस्या से इस जनपद को देवभूमि बना दिया था, जहां इस भूमि पर भगवान परशुराम का बचपन बीता था। उधर भगवान राम ने अपने अनुज सहित राक्षसों का संहार करना आरंभ किया था। गहमर स्थित मां कामाख्या धाम। कामाख्या शब्द की व्याख्या इस प्रकार की गई है, जो भक्तों की कामना को पूर्ण करती हैं अथवा भक्त साधकों द्वारा जिसकी कामना की जाती है, वह कामा है। जिसका नाम ही कामाख्या है।



## कलिकापुराण में है वर्णन

कलिकापुराण के अध्याय 61वें में इसका विस्तृत वर्णन पाया जाता है। मां कामाख्या पराशर गोत्रीय ब्राह्मण एवं सिकरवार वंशीय क्षत्रिय की कुल देवी हैं। मध्यकाल में जब भारत पर बाबर ने आक्रमण किया था तब तत्कालीन समय में उसके क्रूरता के कारण सभी भारतीय प्रभावित थे। जब बाबर और राणा संग्राम सिंह के बीच खानवा का युद्ध प्रारंभ हुआ था तो उस युद्ध में अनेक राजवंश भी संग्राम सिंह के तरफ से लड़े थे। उसी लड़ने वालों में एक थे धामदेव राव. जब खानवा के युद्ध में बाबर विजयी हुए तो उसने हिन्दू राजाओं पर अत्याचर करना शुरू कर दिया। जिसके कारण मेवाड़, फतेहपुर सीकरी इत्यादि का क्षेत्र अशांत एवं असुरक्षित हो गया था। तत्कालीन समय में धामदेव राव के कुलपुरोहित बाबा गंगेश्वर थे। जिनकी शिव एवं शक्ति में अपार श्रद्धा थी। वे मां कामाख्या के अनन्य भक्त थे। उनकी भक्ति की पराकाष्ठा यहां तक थी कि शुभाशुभ कोई भी घटना मां उन्हें स्वप्न में आकर बता देती थी। उन्हीं का छोटा सा विग्रह रखकर वे उनकी उपासना करते थे। इधर मुगलों का अत्याचार दिन-दूना रात चैगुना बढ़ रहा था। एक दिन की बात है मां कमाख्या ने स्वप्न में आकर बताया कि तुम लोग मेरे संतान हो, अब यहां अधिक दिनों तक रहना तुम्हारे हित में नहीं होगा।बाबा गंगेश्वर ने धामदेव राव को बताया। धामदेव राव अपने कुलपुरोहित की बात मानकर, अपने लोगों को साथ लेकर सकराडीह की तरफ प्रस्थान कर दिए। साथ में मां कमाख्या विग्रह भी था। मार्ग में एक जगह धामदेव राव ने देखा कि चूहा, बिल्ली का पीछा कर रहा था। इस दृश्य को देखकर उनके मन में बड़ा ही कौतूहल हुआ एवं अपने पुरोहित से इस दृश्य का कारण जाना।

## एक नजर

### सकलडीहा में सर्पदंश से महिला की मौत

**चंदौली।** सकलडीहा कोतवाली क्षेत्र के नोनार गांव में एक महिला को सर्प ने काट लिया। सर्पदंश के बाद महिला अचेत हो गई। आनन-फानन में परिजनों उसे झाड़ फूंक के लिए ले गए। जहां महिला की हालात बिगड़ गई। जिसके बाद गंभीर हालत में परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया. जहां चिकित्सकों ने इलाज के दौरान उसको उसे मृत घोषित कर दिया। दरसअल सोनभद्र के अनपरा निवासी प्रमोद कुमार की पत्नी ज्योति मौर्या 30 वर्ष अपने बेटे अंश के साथ सकलडीहा क्षेत्र के नोनार गांव में अपने फूफा धर्मेंद्र मौर्या के आई थी। इस दौरान खाना खाने के बाद वो अपने बेटे के साथ कमरे में सोने के लिए चली गई। तभी देर रात सर्प ने उसके हाथ में डस लिया. जिससे वो छटपटाने लगी। जिसके बाद परिजनों ने तत्काल उसको झाड़ फूंक कराने लगे गए। जहां ज्योति की हालत और गंभीर होने लगी। जिसको देखते हुए। परिजनों ने उसको जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहा इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### सभी जातियों के लिए काम करती है सपा



**चंदौली।** समाजवादी मजदूर सभा के विधानसभा मुगलसराय और चकिया इकाई की कार्यकताओं की बैठक गोपालपुर में हुई। बैठक की अध्यक्षता रामजन्म यादव ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए मजदूर सभा के के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभारी अनवर अली ने मनोनीत पदाधिकारी को मनोनयन पत्र सौंपा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी सभी वर्गों एवं जातियों के लिए काम करती है 2024 के चुनाव में पीडीए के 90 प्रतिशत लोगों ने समाजवादी पार्टी और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को जिताकर लोकसभा में भेजने का कार्य किया है अभी इसी तर्ज पर 2027 में भाजपा को हराकर उत्तर प्रदेश का अगला मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को बनाने का संकल्प लिया गया । बैठक में बोलते हुए समाजवादी मजदूर सभा के जिलाध्यक्ष चंद्रभानु यादव ने कहा कि जब से केंद्र प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है तब से गरीब किसान मजदूर कमजोर युवा युवा एवं छात्र भाजपा के एजेंडा में नहीं हैं। भाजपा शासन में पूरी तरह से कानून व्यवस्था ध्वस्त है। आए दिन बलात्कार हत्या जैसी जैसी अनेक गंभीर घटनाएं हो रही हैं। गुंडे माफिया खुलेआम घूम रहे हैं और समाजवादी पार्टी के लोगों पर फर्जी मुकदमे दर्ज कर जेल भेजा जा रहा है। जिला पंचायत सदस्य रमेश यादव ने कहा कि पूरी ताकत के साथ समाजवादी पार्टी एक-एक कार्यकर्ताओ से 2027 के लिए अभी से जी जान से जुट जाने का आह्वान किया। बैठक का संचालन विधानसभा अध्यक्ष सुभाष कनौजिया व आस मोहम्मद ने किया। बैठक में ईशान मिल्की, राजेश विश्वकर्मा, कलेक्टर शर्मा ,मनोज पटेल, बिपत यादव ,दुर्गा प्रसाद, विकास यादव, कोमल यादव, लल्लन यादव, आदि उपस्थित थे।

### कांस्य पदक विजेता जौनपुर की बेटी नम्रता यादव को डीएम ने 51 हजार का दिया चेक




**जौनपुर।** जनपद की बेटी नम्रता यादव ने रूस में हुई ग्रेपलिंग कुश्ती में कांस्य पदक जीतकर देश का नाम रौशन किया था। नम्रता ने रूस में सेमीफाइनल तक सफर तय किया था। हालांकि उन्हें 53 किलो भार वर्ग में पोलैंड की खिलाड़ी से रोचक मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा था।एक बार फिर से नम्रता यादव ने जनपद का नाम रोशन करने के लिये कदम बढ़ाया है। इस प्रतिभावान बेटी ने एक बार फिर जौनपुर का नाम रोशन करने के लिए वर्ल्ड चैंपियन शिप खेलने ग्रीस जा रही हैं। गुरुवार को डीएम दिनेश चंद्र सिंह ने नम्रता यादव को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत 51 हजार का चेक देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। नम्रता यादव ने बताया कि कि मैं 5 साल से इस खेल की प्रैक्टिस कर रही हूं। आगे भी उम्मीद है की इस बार मेडल जीत कर देश-प्रदेश और अपने जनपद का नाम रोशन करुंगी।

### चंदौली में वृहद जॉब मेला पांच अक्टूबर को

**चंदौली।** प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय के निर्देशन में जिला सेवायोजन कार्यालय एवं हरि ओम सेवा आईटीआई कॉलेज जगदीशसराय चंदौली के संयुक्त तत्वावधान में आगामी पांच अक्टूबर को सुबह 10 बजे से वृहद जॉब मेला आयोजन किया गया है। जिला रोजगार सहायता अधिकारी गिरिजेश गुप्ता ने बताया कि रोजगार मेला में प्रतिभाग करने के लिए बेरोजगार युवकों को सर्वप्रथम सेवायोजन विभाग के पोर्टल रोजगार संगम डॉट यूपी डॉट जीओवी डॉट इन के जॉब सीकर कॉलम में अपना पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। इस रोजगार मेले में भारतीय जीवन बीमा निगम, ग्रीन मैक्स सिस्टम, श्री बालाजी कंस्ट्रक्शनस , जी०4एस० सिक्योरिटी, विजन इण्डिया आनंद ग्रुप, टाटा मोटर्स, हेल्थ केयर, क्वेसकार्प, पुखराज एवं एनएसडीसी वाराणसी की कम्पनी द्वारा साक्षात्कार के आधार पर अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों को 15 हजार से बीस हजार रुपए प्रति माह के आकर्षक पैकेज पर रखा जायेगा। साथ में अन्य समय समय देय सुविधाएं भी मान्य है। संस्थान के प्रबंधक संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि आगामी पांच अक्टूबर दिन शनिवार को सुबह 10 बजे से हरि ओम सेवा आईटीआई कॉलेज परिसर जगदीशसराय चन्दौली में आयोजित जॉब मेले में अधिक से अधिक बेरोजगार युवक प्रतिभाग करें। रोजगार मेले में हाईस्कूल, इण्टर, स्नातक एवं आईटीआई एवं डिप्लोमा के समस्त ट्रेड से उत्तीर्ण अभ्यर्थी शैक्षिक योग्यता का अंकपत्र, प्रमाण पत्र, बायोडाटा चार पासपोर्ट साइज के फोटो के साथ समय से आयोजन स्थल पर पहुंचे।

### भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 जनपद में रहेगी लागू

**मऊ।** अपर जिला मजिस्ट्रेट सत्यप्रिय सिंह ने बताया कि महाराजा अग्रसेन जयंती, दशहरा, महर्षि बाल्मीकी जयंती, नरक चतुदर्शी, दीपावली, गोबर्धन पूजा, छठ, गुरुनानक जयंती, कार्तिक पूर्णिमा, गुरूतेग बहादुर शहीद दिवस, एवं विभिन्न परीक्षाओं के दृष्टिगत असामाजिक तथा अवांछनीय तत्वों द्वारा शान्ति भंग का प्रयास किया जा सकता है। उक्त के दृष्टिगत मुझे यह भी समाधान हो गया है कि मऊ जनपद के सम्पूर्ण क्षेत्र में दिनांक 01 अक्टूबर 2024 से असामाजिक तत्वों की अवांछनीय गतिविधियों की रोकथाम हेतु अस्त्र शस्त्र लेकर चलने, अवांछित तत्वों द्वारा आपत्तिजनक नारे लगाने तथा आपत्तिजनक भाषण को रोकने एवं बिना अनुमति के 5 या 5 से अधिक व्यक्तियों के एक स्थान पर एकत्र होने को प्रतिषेध करने वाली निषेधाज्ञा तत्काल जारी किया जाना अत्यन्त ही आवश्यक एवं अपरिहार्य हो गया है।

## खबरें फटाफट

### बुद्ध के अनुयायियों को संबोधित करेंगे पंचायती राज मंत्री

**चंदौली।** इलिया क्षेत्र के घुरहूपुर बौद्ध स्थल पर आगामी पांच अक्टूबर को सुहेलदेव भारती समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश सरकार के पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर का आगमन हो रहा है। जहां वह बौद्ध अनुयायियों तथा क्षेत्रीय जनों को संबोधित करने के साथ ही बौद्ध स्थल के विकास को लेकर चर्चा करेंगे।

### दुल्हन की तरह सजाया गया माता शीतला चौकियां धाम

**जौनपुर।** प्रसिद्ध मंदिर माता शीतला चौकियां धाम दुल्हन की तरह सजाया गया है। मंदिर को फूलों और रंगबिरंगी झालरों से सजाया गया है।आस पास की दुकाने भी सजकर तैयार है।शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन माता शैल पुत्री की पूजा अर्चना की जाती है। माता शीतला चौकियां धाम में सुबह नवरात्रि के पहले दिन ही आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। मां के दर्शन और पूजा अर्चना के लिए भक्त लंबी कतारों में अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। माता का कपाट खुलने के बाद आरती की गई।

## हरियाणा के चुनावी रण में उतरे उत्तर प्रदेश के सीएम, मांगा जनता से वोट

# आज के चंड-मुंड और महिषासुर हैं नशे के कारोबारी, युवाओं को कर रहे बर्बाद : सीएम

♦ कांग्रेस और राहुल गांधी से पूछिए, कहां है खटाखट-खटाखट

♦ जब तक डबल इंजन सरकार रहेगी, कोई हरियाणा के विकास पर ग्रहण नहीं लगा सकता

♦22 जनवरी को हर भारतीय के आंखों में थे खुशियों के आंसू

**केटी न्यूज/कुरुक्षेत्र/(हरियाणा)**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगीने कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने झूठ फैलाया था कि फिर से भाजपा सरकार बनी तो संविधान व आरक्षण समाप्त कर देगी। उन्होंने यह भी कहा था कि हर गरीब को एक लाख रुपये देंगे। कांग्रेस से पूछिए कि उनका खटाखट-खटाखट कहां है। खटाखट-खटाखट कहने वाले राहुल गांधी मैदान छोड़कर सफाचट हो चुके हैं। कांग्रेस ने खटाखट के जरिए केवल झूठे वायदे किए, क्योंकि इन्होंने देश को सफाचट किया था। समाज को जाति, क्षेत्र, भाषा, मत-मजहब के नाम पर बांटना कांग्रेस के डीएनए का पार्ट है, जिससे देश को कमजोर किया जा सके। देश कमजोर होगा तो सनातन कमजोर होगा। सनातन कमजोर होगा तो वर्तमान असुरक्षित और भावी पीढ़ी का भविष्य खराब होगा। कांग्रेस साजिश करने के लिए एड़ी-चोटी लगाती है, इसलिए कोई भी ईमानदार, सभ्य, विकास व सुरक्षा का आग्रही व्यक्ति उनके साथ खड़ा नहीं होता है। सीएम योगी प्रचार के आखिरी दिन गुरुवार को हरियाणा के चुनावी रण में उतरे। सभी को शारदीय नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने यहां तीन जनसभा की। भाजपा उम्मीदवार सुभाष कलसाना, कमलेश ढांडा और सफीदों से रामकुमार गौतम के लिए वोट मांगा।



### कांग्रेस का हाथ, माफिया के साथ : योगी आदित्यनाथ

सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस का हाथ ड्रग, भूमाफिया, कैटल, माइनिंग माफिया और दंगाइयों के साथ है। जगतजननी मां भगवती के उपासक समाज का माफिया व देशद्रोही तत्व बालबांका भी नहीं कर सकते। यह चुनाव ऐसे चंड-मुंड व महिषासुर से निपटने के लिए आया है। सीएम योगी ने कहा यूपी में साढ़े सात साल में दंगा नहीं हुआ, लेकिन इसके पहले हर दूसरे-तीसरे दिन दंगा होता था। महीनों कर्फ्यू लगा रहता था। हमने दंगा करवाने वालों को चेताया कि ऐसा किया तो उल्टा टांगकर मिर्च का झोंका लगा देंगे। कोई बेटी की इज्जत के साथ खिलवाड़ या व्यापारी का अपहरण नहीं कर सकता। किसान की फसल जबरन नहीं काट सकता, नौजवान की नौकरी से खिलवाड़ नहीं कर सकता।

### हरियाणा की बताई नई परिभाषा

सीएम योगी ने कहा कि नशे के कारोबारी युवाओं की जवानी को छीन रहे हैं। वे देश को निगल जाना चाहते हैं। जगतजननी मां भगवती नशे के कारोबार में लिप्त महिषासुर और चंडमुंड का संहार करेंगी। सीएम योगी ने कहा कि हरिभूमि हरियाणा अन्नदाता किसानों के परिश्रम की पावन भूमि है। हरि यानी श्रीराम, श्रीविष्णु, श्रीकृष्ण। इन्हें बार-बार इस धरती पर बुलाने के लिए इसका नाम हरियाणा हो गया है। इसका मतलब जब-जब अत्याचार होंगे, इनके उन्मूलन के लिए हरि को बार-बार आना है। डबल इंजन सरकार हरि के संदेश को लेकर आई है। सीएम योगी ने कहा कि जब देश गुलाम था तो मुगल व अंग्रेज ने नहीं चाहते थे। आजाद भारत की पहली सरकार कांग्रेस की बनी, लेकिन कांग्रेस ने राम मंदिर निर्माण नहीं कराया। एक तरफ राम की संस्कृति और दूसरी तरफ रोम की संस्कृति को मानने वाले लोग हैं। हम रामभक्त राम की संस्कृति पर विश्वास करते हैं, जिन्हें रामजन्मभूमि पर प्रभु के विराजमान होने का कार्यक्रम अच्छा नहीं लगता, वे रोम की संस्कृति पर विश्वास करते हैं। राम-कृष्ण के कीर्तन को वे नाचगाना कहते हैं। भगवान राम के प्रति कांग्रेस के शब्द उसके भ्रष्ट होने का सबसे बड़ा प्रमाण है।

# महिलाओं और बच्चों की योजनाओं का किया जाए व्यापक प्रचार-प्रसार : डीएम

**केटी न्यूज/मऊ**



जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में प्रदेश में महिलाओं तथा बच्चों की सुरक्षा, सम्मान तथा स्वावलंबन हेतु आगामी शारदीय नवरात्र के पर्व पर मिशन शक्ति की विशेष अभियान (फेज 5)के संबंध में बैठक संपन्न हुई। प्रदेश में मिशन शक्ति फेज 5 के अंतर्गत विशेष अभियान दिनांक 3 अक्टूबर 2024 से शुरू किया जाना है।इस दौरान महिलाओं एवं बच्चों को विधि द्वारा प्रदत्त अधिकार तथा महिलाओं और बच्चों से संबंधित योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार व जन जागरूकता जनमानस के मध्य की जाएगी। बैठक के दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी श्वेता त्रिपाठी ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान हेतु विभाग बार प्रस्तावित कार्य योजना शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई है,जिसमें गृह विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, युवा कल्याण विभाग, बेसिक, माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा विभाग, नगर विकास विभाग, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, संस्कृति विभाग, पंचायती राज विभाग, ग्राम विकास विभाग तथा राजस्व विभाग सम्मिलित हैं। उन्होंने बताया कि तीन माह( 90 दिवस) की अवधि के दौरान 10-10 दिवस के 9विशेष अभियान इस दौरान संचालित किए जाएंगे। प्रथम 10 दिवस में ऑपरेशन गरुड़,11 से 20 दिवस के बीच ऑपरेशन शील्ड, 21 से 30 दिवस के बीच ऑपरेशन डिस्ट्रॉय, 31 से 40 दिवस के बीच ऑपरेशन बचपन, 41 से 50 दिवस के बीच ऑपरेशन खोज, 51 से 60 दिवस के बीच ऑपरेशन मजनू,61 से 70 दिवस के बीच ऑपरेशन नशा मुक्ति, 71 से 80 दिवस के बीच ऑपरेशन रक्षा तथा 81 से 90 दिवस के बीच ऑपरेशन ईगल चलाया जाएगा। इन विभिन्न ऑपरेशनों के दौरान महिलाओं के सम्मान, स्वावलंबन, सुरक्षा आदि से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 2 से11 अक्टूबर तक अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस समारोह, 21 से 31 अक्टूबर तक ऑपरेशन मुक्ति, 10 से 14 नवंबर तक बाल कार्निवल,19 नवंबर को वीरांगना दिवस, 20 नवंबर को विकसित किया जाए।

## जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन

**मऊ।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राष्ट्रीय महिला आयोग के संयुक्त तत्वावधान में माननीय राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण,लखनऊ के निदेर्शानुसार जनपद न्यायाधीश-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,मऊ श्री रामेश्वर की अध्यक्षता में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,मऊ द्वारा महिलाओं के हित संरक्षण काननू सम्बन्धी विषय पर साक्षरता-जागरुकता शिविर का आयोजन ब्लाक मुहम्मदाबाद क्षेत्र के अंतर्गत तहसील मुहम्मदाबाद गोहना के सभागार में किया गया। महिलाओं के हित संरक्षण हेतु आयोजित प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से बाकर शमीम रिजवी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,मऊ ने विकास खण्ड मुहम्मदाबाद गोहना से उपस्थित महिलाओं को महिलाओं से सम्बन्धित हितो के लिए सर्वोत्तम दृष्टिकोण अपनाते हुए समुचित कराने हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश। ताकि इसका व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए। जिससे लोगों के बीच इसके बारे में जानकारी उपलब्ध हो सके।

# योजनाओं को तेजी से धरातल पर कराया जाए लागू: प्रभारी मंत्री

**केटी न्यूज/मऊ**



जनपद के नए प्रभारी मंत्री गिरीश चंद यादव का आगमन पी डब्लू डी डाक बंगले पर हुआ। प्रभारी मंत्री ने डाक बंगले पर जनपद के भाजपा नेताओं के साथ परिचयात्मक बैठक करने के साथ ही जनहित से जुड़े हुए मामलों पर भी चर्चा की। प्रभारी मंत्री ने भाजपा पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से कहा कि मोदी और योगी की जोड़ी जनहित से जुड़े योजनाओं को तेजी से नीचे धरातल पर लागू करवा रही है इससे पहले किसी केंद्र या प्रदेश की सरकार ने ऐसा नही किया था। भाजपा सरकार देश में राष्ट्रवाद धर्म संस्कृति और लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए पूरे ताकत के साथ कार्य कर रही है। हमें अपना समर्थन पूरे जोश के साथ अपनी सरकार के साथ बरकरार रखना है। विपक्ष के नेता वोट कि राजनीति करने के लिए देश का बड़े से बड़ा नुकसान करने के लिए आतुर है, लेकिन उनकी ये मनसा सफल होने वाली नही है। भारत का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है, विश्व में भारत और देश में उत्तर प्रदेश की प्रगति लोगों के लिए जिज्ञासा का विषय बनी हुई है। हमारी सरकार मंदिर भी बनाती है और अस्पताल और हम रोड भी बनाते है और निवेश भी लाते है। रोजगार के नए अवसर ला रहे है ।लोगों के जीवन को भय मुक्त भाजपा सरकार कर रही है। व्यापारी अपना व्यापार निश्चिंत होकर कर रहे हैं। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष नूपुर अग्रवाल, विधायक रामविलास चौहान ,मनोज राय, सुनील कुमार गुप्ता ,अखिलेश तिवारी, राकेश मिश्र ,रामाश्रय मौर्य सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## यूपी के समृद्ध ग्रामीण परिवेश को घरेलू व विदेशी पर्यटकों में प्रसिद्ध बनाने की परियोजना

# आजमगढ़ मंडल बना रूरल टूरिज्म डेवलपमेंट स्ट्रैटेजी का हिस्सा

♦देवीपाटन, चित्रकूट, अयोध्या, लखनऊ तथा वाराणसी मंडल में पहले से ही इस परियोजना के अंतर्गत शुरू हो चुका है क्रियान्वयन

**केटी न्यूज/आजमगढ़**

प्रदेश में रूरल टूरिज्म को बढ़ावा देने की प्रक्रिया में एक नए अध्याय को जोड़ा है। प्रदेश की समृद्ध ग्रामीण परिवेश को घरेलू व विदेशी पर्यटकों में प्रसिद्ध बनाने की परियोजना से अब आजमगढ़ मंडल को भी जोड़ा जा चुका है। सीएम योगी के विजन अनुसार योजना के अंतर्गत, आजमगढ़, मऊ व बलिया में 4 गांवों में रूरल टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए होम स्टे समेत विभिन्न पर्यटक सुविधाओं विकास किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि आजमगढ़ मंडल के गांवों को इस योजना के साथ जोड़ने के बाद अब कुल मिलाकर रूरल टूरिज्म के लिए डेवलप किए जा रहे गांवों की संख्या 97 हो गई है। देवीपाटन, चित्रकूट, अयोध्या, लखनऊ तथा वाराणसी मंडल में पहले से ही इस परियोजना के अंतर्गत क्रियान्वयन शुरू हो गया है। माना जा रहा है कि प्रदेश के अन्य मंडलों के चिह्नित गांवों को भी इस प्रक्रिया से जल्द ही जोड़ा जाएगा। इन सभी पर्यटन विकास एवं निर्माण कार्यों को उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा सीएम योगी के विजन अनुसार पूरा किया जा रहा है और योजना को गति देने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। पर्यटन विभाग द्वारा योजना को दी जा रही गति सीएम योगी के विजन अनुसार, परियोजना के अंतर्गत आजमगढ़, मऊ और जौनपुर जिलों में कुल 4 गांवों का चयन रूरल टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए होम स्टे परियोजना के लिए चयनित किया जाएगा। सभी चारों गांव में एक विलेज को ऑर्डिनेटर, एक-एक जिला को ऑर्डिनेटर, एक टूरिज्म एक्सपर्ट, एक रूरल डेवलपमेंट एक्सपर्ट व टीम लीड की तैनाती होगी। प्रत्येक गांव में 10 लोकल गाइड, 5 स्टोरी टेलर, तथा लोकल कुजीन का स्वाद उपलब्ध कराने का दायित्म 5 परिवारों को सौंपा जाएगा। इसके अतिरिक्त, जरीदोजी, मूंज, लकड़ी के शिल्पकार, कुम्हार तथा बोटिंग, फिशिंग, फल व सब्जी तोड़ने तथा साइक्लिंग इत्यादि की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 20 कलाकारों तथा स्थानीय लोगों को कार्यभार सौंपा जाएगा। ग्राम स्तर पर 10 होम स्टे तक निर्मित किए जा सकेंगे। इनकी रजिस्ट्रेशन, विकास व नियमन इत्यादि की प्रक्रिया को स्थानीय प्रशासन और राज्य सरकार की पॉलिसी के अनुरूप पूरा किया जाएगा। सारी प्रक्रिया उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग के दिशा-निर्देशन में पूरी की जाएगी। परियोजना के अनुसार, सभी रूम स्टे निधि प्लस पोर्टल के साथ भी एकीकृत होंगे। इसके अतिरिक्त, 4 आइसोलेटेज एग्रो टूरिज्म प्रॉपर्टीज के विकास की संभावनाएं है।



### पर्यटन बढ़ाने की अपार संभावनाओं में ग्रामीण पर्यटन करेगा इजाफा

उत्तर प्रदेश घरेलू पर्यटकों के लिहाज से देश का नंबर वन टूरिस्ट डेस्टिनेशन है। प्रदेश में आध्यात्मिक पर्यटन के अतिरिक्त प्राकृतिक, वन्य व लोक पारंपरिक कलाओं आधारित पर्यटन की भी अपार संभावनाएं हैं। उत्तर प्रदेश की संस्कृति और प्रकृति को देखने और उसे अनभूत करने की ललक न केवल देसी बल्कि विदेशी पर्यटकों में भी बहुत है। यही कारण है कि प्रदेश में ग्रामीण पर्यटन की अपार संभावनाओं को भी व्यापक स्तर पर जागृत करने की दिशा में योगी सरकार ने कदम बढ़ा दिए हैं। प्रदेश के प्रमुख टूरिस्ट डेस्टिनेशंस के समीप ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए गांवों में होम स्टे समेत पर्यटन विकास की प्रक्रिया पर फोकस किया जा रहा है। साथ ही, ग्रामीण, वन समेत पर्यटन के लिहाज से प्रमुख टूरिस्ट सर्किट में टूर गाइड्स व ऑपरेटर्स की ट्रेनिंग प्रक्रिया को भी बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में विस्तृत फ्रेमवर्क पर काम जारी है।

## सुभाषितम्

जो अंतर को देखता है, बाह्य को नहीं, वही सच्चा कलाकार है।

- महात्मा गाँधी

## ईरान द्वारा इस्राइल पर मिसाइल हमलाः तृतीय विश्व युद्ध की आहट

**ईरान और इस्राइल के बीच लंबे** समय से चले आ रहे तनाव ने एक नया चिंताजनक मोड़ ले लिया है। ईरान ने इस्राइल पर मंगलवार की रात सैकड़ों मिसाइलें दागी हैं। यह संख्या पहले डेढ़ सौ से दो सौ के बीच बताई जा रही थी। अब यह आंकड़ा तीन सौ से चार सौ के बीच बताया जा रहा है। यह हमला न केवल दोनों देशों के बीच के तनाव को चरम पर ले गया है, वरन पूरे मध्य पूर्व की स्थिरता को गंभीर खतरे में डाल दिया है। इस्राइल और ईरान के बीच की दुश्मनी कोई नई बात नहीं है। दोनों देश वर्षों से एक-दूसरे के खिलाफ लड़ रहे हैं। ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षाएं और इस्राइल का सुरक्षा तंत्र और इजरायल द्वारा किया जा रहा है। यह विस्तार मुख्य झगड़े की जड़ है। हाल के हमले ने इस संघर्ष को विश्व स्तर का बना दिया है। इतने बड़े पैमाने पर मिसाइल हमले का मतलब है, ईरान अब न केवल इस्राइल के खिलाफ अपनी आक्रामकता को खुलकर दिखा रहा है, बल्कि वह इसराइल और अमेरिका के साथ खुलकर लड़ने के लिए मैदान में आ गया है। यह ईरान की शक्ति का प्रदर्शन माना जा सकता है। ईरान अपनी सैन्य क्षमता का संदेश सारी दुनिया को देना चाहता है। इस्राइल ने कई बार ईरान के परमाणु कार्यक्रमों पर निशाना साधने और उसके आंतरिक मामलों में दखल देने के कारण ईरान को आक्रामक बना दिया है। इस्राइल की ओर से इस हमले का जवाब ईरान को मिलना तय है। इस्राइल की प्रतिक्रिया से ईरान सहित पूरे मध्य पूर्व में तनाव बढ़ना तय है। इसमे वैश्विक शक्तियों के हस्तक्षेप की संभावना बढ़ गई है। यह पूरी स्थिति विश्व शांति के लिए बेहद चिंताजनक है। जब दुनिया के देश कई विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे है। यह सैन्य संघर्ष की शुरूआत पूरे विश्व को अस्थिर कर सकती है। संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठन इस लड़ाई में मध्यस्थता के लिए जो प्रयास अभी तक किए गये हैं, वह सब विफल रहे हैं। जल्द ही समाधान की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो यह संघर्ष भयावह हो सकता है।मिसाइल हमले के बाद की स्थिति में क्षेत्रीय स्थिरता, नागरिकों की सुरक्षा और वैश्विक शांति सभी खतरे में पड़ती दिख रही है। अब यह देखना होगा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय इस संकट को शांत करने के लिए क्या प्रयास करता है। इजराइल ने जिस तरह से आक्रामक तेवर दिखाये हैं, अमेरिका ने पीछे से इजराइल का समर्थन किया है। पिछले कई महीनो से इजराइल नरसंहार कर रहा है। गाजा पट्टी पर कब्जा करने के बाद इजराइल अब लेबनान में घुस गया है। ईरान को सीधी चेतावनी दे दी गई है ऐसी स्थिति में अब ईरान के पास भी और कोई विकल्प नहीं रह गया था। ईरान के हमले के बाद वैश्विक स्तर पर चीन और रूस का समर्थन ईरान को मिलना तय है। यूक्रेन और रूस के बीच में पिछले कई महीनो से युद्ध चल रहा है। नाटो के देश और अमेरिका खुलकर यूक्रेन का साथ दे रहे हैं। इजराइल अपनी विस्तारवादी नीतियों के कारण आक्रामक बना हुआ है। रूस और चीन जैसी महा शक्तियों को अपने अस्तित्व को बनाए रखने के लिए इस युद्ध में ईरान के पक्ष में कूदना ही पड़ेगा। रूस ने चेतावनी दी है, वह अपनी परमाणु और एटमी शक्ति का उपयोग कर सकता है। ऐसी स्थिति में तृतीय विश्व युद्ध की आशंका अब व्यक्त की जाने लगी है। दुनिया के सारे देश आर्थिक मंदी में फंसे हुए हैं। दुनिया के देशों में शासको के खिलाफ बड़े पैमाने पर आंदोलन चल रहे हैं। राजनीतिक दृष्टि से जब आंतरिक चुनौतियों तेज हो जाती हैं, तब शासक वर्ग इसी तरह से जनता का ध्यान भटकाने के लिए बाहय युद्ध का हउआ खड़ा करके अपनी सत्ता को बचाना चाहते हैं। सत्ता की इस लड़ाई में एक बार फिर विश्व शांति खतरे में पड़ रही है। कोई किसी की नहीं सुन रहा है। जिस तरह की स्थिति बन गई है, उसमें खाड़ी के देश ईराक, जार्डन, सऊदी, यूएई, कतर जैसे देश भी इस लड़ाई में शामिल होंगे।

## चिंतन-मनन

## जीवन में विचार की आवश्यकता

**कुटिल एवं असत्य विचार से** मुक्ति का सरल उपाय सुविचार की भावना दृढ़ करना है। शांतिदायक सुविचार की गंगा प्रवाहित करने पर ही हम मानसिक दुर्बलता से मुक्त हो सकते हैं। प्रत्येक विचार अंतःकरण में एक मानसिक मार्ग का निर्माण करता है। हमारी समस्त आदतें ऐसे ही मानसिक मार्ग हैं, जो लगातार एक ही प्रकार के चिंतन मनन से विनिर्मित हुए हैं। तुम मनः प्रदेश में उत्तम रचनात्मक विचार ही प्रवेश करने दो। उत्कृष्ट विचारों को ही मन मस्तिष्क पर अंकित करो। जो प्रेम, ईश्वर, नीति के विरोधी विचार हों, उन्हें निकाल फेंको। जब तुम्हारे विचारों का केन्द्र भगवान, अल्लाह, ईश्वर होंगे, तो सुनिश्चित दिशाओं में ही हृदय का विकास होगा। संसार के महापुरुषों ने जो अद्भुत कार्य किये हैं, विचार कला मर्मज्ञ के लिए उन कार्य का संपादन कदापि दुष्कर नहीं है। विचार करो कि तुम किस तत्त्व में, किस बात में, किस दशा में पिछड़ रहे हो तुम्हारे मार्ग में कौन-कौन बाधाएं हैं तुम गीली मिट्टी के नष्ट हो जाने वाले पुतले के सदृश, केवल देह नहीं हो। तुम अमर आत्मा हो। तुम सत्य, स्वतंत्र, शिव, कल्याण, बलवान, आनंदमय, निदरेष, स्वच्छ और पवित्र हो। तुम्हें ज्ञात होना चाहिए कि शक्ति ही जीवन है, शक्ति ही धर्म है। परमेर इस शक्ति का पुंज है। तुम परमेर के राजकुमार हो। अतएव तुम्हारी पैतृक सम्पत्ति शक्ति ही है। शक्ति तुम्हारे अंतर तथा बा अंगों में पूर्णतः व्याप्त है। तुम्हारे रोम-रोम में संचार कर रही है। तुम्हारे नेत्रों में उसी शक्ति का प्रकाश है। अनंत शक्ति का विशाल समुद्र तुम्हारे पीछे है। निर्बलता, निराशा, भय तथा चिंता के संशयदायक विचार हृदय मंदिर से निकाल शक्ति के विचारों में लीन हो जाओ। परमेर ने सबको समान शक्तियां प्रदान की हैं। ईश्वर , अल्लाह के यहां अन्याय नहीं है। कितनी ही शक्तियों से कार्य न लेकर तुम उन्हें पुंठित कर डालते हो। अन्य व्यक्ति उसी शक्ति को किसी विशेष दिशा में मोड़कर उसे अधिक परिपुष्ट एवं विकसित कर लेते हैं।

# नौ शक्तियों का मिलन पर्व है नवरात्रि

योगेश कुमार गोयल

**आदि शक्ति दुर्गा की पूजा के** पावन पर्व नवरात्रि की शुरूआत हो चुकी है। नवरात्रि के ये दिन देवी दुर्गा के विभिन्न नौ स्वरूपों की उपासना के लिए निर्धारित हैं और इसीलिए नवरात्रि को नौ शक्तियों के मिलन का पर्व भी कहा जाता है। प्रतिपदा से शुरू होकर नवमी तक चलने वाले नवरात्र नवशक्तियों से युक्त हैं और हर शक्ति का अपना-अपना अलग महत्व है। शारदीय नवरात्रि की शुरूआत इस वर्ष 3 अक्तूबर से हुई है, जिनका समापन 12 अक्तूबर को होगा। नवरात्र के पहले स्वरूप में मां दुर्गा पर्वतराज हिमालय की पुत्री पार्वती के रूप में विराजमान हैं। नंदी नामक वृषभ पर सवार शैलपुत्री के दाहिने हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल का पुष्प है। शैलराज हिमालय की कन्या होने के कारण इन्हें शैलपुत्री कहा गया। इन्हें समस्त वन्य जीव-जंतुओं की रक्षक माना जाता है। दुर्गम स्थलों पर स्थित बस्तियों में सबसे पहले शैलपुत्री के मंदिर की स्थापना इसीलिए की जाती है कि वह स्थान सुरक्षित रह सके।

मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप ब्रह्मचारिणी को समस्त विद्याओं की ज्ञाता माना गया है। माना जाता है कि इनकी आराधना से अनंत फल की प्राप्ति और तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार, संयम जैसे गुणों की वृद्धि होती है। ब्रह्मचारिणी अर्थात तप की चारिणी यानी तप का आचरण करने वाली। ब्रह्मचारिणी श्वेत वस्त्र पहने दाएं हाथ में अष्टदल की माला और बाएं हाथ में कमंडल लिए सुशोभित है। कहा जाता है कि देवी ब्रह्मचारिणी अपने पूर्व जन्म में पार्वती स्वरूप में थीं। वह भगवान शिव को पाने के लिए 1000 साल तक सिर्फ फल खाकर रहीं और 3000 साल तक शिव की तपस्या सिर्फ पेड़ों से गिरी पत्तियां खाकर की। इसी कड़ी तपस्या के कारण उन्हें ब्रह्मचारिणी कहा गया। मां दुर्गा का तीसरा स्वरूप है चंद्रघंटा। शक्ति के रूप में विराजमान मां चंद्रघंटा मस्तक पर घंटे के आकार का आधा चंद्रमा है। देवी का यह तीसरा स्वरूप भक्तों का कल्याण करता है। इन्हें ज्ञान की देवी भी माना गया है। बाघ पर सवार मां चंद्रघंटा के चारों तरफ अद्भुत तेज है। इनके शरीर का रंग स्वर्ण के समान चमकीला है। यह तीन नेत्रों और दस हाथों वाली हैं। इनके दस हाथों में कमल, धनुष-बाण, कमंडल, तलवार, त्रिशूल और गदा जैसे अस्त्र-शस्त्र हैं। कंठ में सफेद पुष्पों की माला और शीष पर रत्नजड़ित




मुकुट विराजमान हैं। यह साधकों को चिरायु, आरोग्य, सुखी और सम्पन्न होने का वरदान देती हैं। कहा जाता है कि यह हर समय दुष्टों का संहार करने के लिए तत्पर रहती हैं और युद्ध से पहले उनके घंटे की आवाज ही राक्षसों को भयभीत करने के लिए काफी होती है। चतुर्थ स्वरूप है कुष्मांडा। देवी कुष्मांडा भक्तों को रोग, शोक और विनाश से मुक्त करके आयु, यश, बल और बुद्धि प्रदान करती हैं। यह बाघ की सवारी करती हुई अष्टभुजाधारी, मस्तक पर रत्नजड़ित स्वर्ण मुकुट पहने उज्जवल स्वरूप वाली दुर्गा हैं। इन्होंने अपने हाथों में कमंडल, कलश, कमल, सुदर्शन चक्र, गदा, धनुष, बाण और अक्षमाला धारण की हैं। अपनी मंद मुस्कान से ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इनका नाम कुष्मांडा पड़ा। कहा जाता है कि जब दुनिया नहीं थी तो चारों तरफ सिर्फ अंधकार था। ऐसे में देवी ने अपनी हल्की-सी हंसी से ब्रह्मांड की उत्पत्ति की। वह सूरज के घेरे में रहती हैं। सिर्फ उन्हीं के अंदर इतनी शक्ति है, जो सूरज की तपिश को सहन कर सकें। मान्यता है कि वही जीवन की शक्ति प्रदान करती हैं। दुर्गा का पांचवां स्वरूप है स्कन्दमाता। भगवान स्कन्द (कार्तिकेय) की माता होने के कारण देवी के इस स्वरूप को स्कन्दमाता के नाम से जाना जाता है। यह कमल के आसन पर विराजमान हैं, इसलिए इन्हें पद्मासन देवी भी कहा जाता है। इनका वाहन भी सिंह है। इन्हें कल्याणकारी शक्ति की अधिष्ठात्री कहा जाता है। यह दोनों हाथों में कमलदल लिए हुए और एक हाथ से अपनी गोद में ब्रह्मस्वरूप सनतकुमार को थामे हुए हैं। स्कन्द माता की गोद में उन्हीं का सूक्ष्म रूप छह सिर वाली देवी का है। दुर्गा मां का छठा स्वरूप है कात्यायनी। यह दुर्गा देवताओं और ऋषियों के कार्यों को सिद्ध करने लिए महर्षि कात्यायन के आश्रम में प्रकट हुईं। उनकी पुत्री होने के कारण ही इनका नाम कात्यायनी पड़ा। देवी कात्यायनी दानवों व पापियों का नाश करने वाली हैं। वैदिक युग में ये ऋषि-मुनियों को कष्ट देने वाले दानवों को अपने तेज से ही नष्ट कर देती थीं। यह सिंह पर सवार, चार भुजाओं वाली और सुसज्जित आभा मंडल वाली देवी हैं। इनके बाएं हाथ में कमल और तलवार व दाएं हाथ में स्वस्तिक और आशीर्वाद की मुद्रा है। दुर्गा का सातवां स्वरूप कालरात्रि है, जो देखने में भयानक है लेकिन सदैव शुभ फल देने वाला होता है। इन्हें शुभंकारी भी कहा जाता है। कालरात्रि केवल शत्रु एवं दुष्टों का संहार करती हैं। यह काले रंग-रूप वाली, केशों को फैलाकर रखने वाली और चार भुजाओं वाली दुर्गा हैं। यह वर्ण और वेश में अर्द्धनारीश्वर शिव की तांडव मुद्रा में नजर आती हैं। इनकी आंखों से अग्नि की वर्षा होती है। एक हाथ से शत्रुओं की गर्दन पकड़कर दूसरे हाथ में खड़ग-तलवार से उनका नाश करने वाली कालरात्रि विकट रूप में विराजमान हैं। इनकी सवारी गधा है, जो समस्त जीव-जंतुओं में सबसे अधिक परिश्रमी माना गया है। नवरात्र के आठवें दिन दुर्गा के आठवें रूप महागौरी की उपासना की जाती है। देवी ने कठिन तपस्या करके गौर वर्ण प्राप्त किया था। कहा जाता है कि उत्पत्ति के समय 8 वर्ष की आयु की होने के कारण नवरात्र के आठवें दिन इनकी पूजा की जाती है। भक्तों के लिए यह अन्नपूर्णा स्वरूप हैं, इसलिए अष्टमी के दिन कन्याओं के पूजन का विधान है। यह धन, वैभव और सुख-शांति की अधिष्ठात्री देवी हैं। इनका स्वरूप उज्जवल, कोमल, श्वेतवर्णा तथा श्वेत वस्त्रधारी है। यह एक हाथ में त्रिशूल और दूसरे में डमरू लिए हुए हैं। गायन और संगीत से प्रसन्न होने वाली महागौरी सफेद वृषभ यानी बैल पर सवार हैं। नवीं शक्ति सिद्धिदात्री देवी सरस्वती का भी स्वरूप हैं, जो श्वेत वस्त्रालंकार से युक्त सिद्धिदात्री महाज्ञान और मधुर स्वर से भक्तों को सम्मोहित करती हैं। कमल के आसन पर विराजमान देवी हाथों में कमल, शंख, गदा, सुदर्शन चक्र धारण किए हैं। सिद्धिदात्री सभी सिद्धियां प्रदान करने वाली हैं, जिनकी उपासना से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

## सियासत में जलेबी, चूरमा और लड्डू

राकेश अचल

**मुझे इजराइल-लेबनान युद्ध पर** नहीं लिखना। मै फिलहाल चिराग पासवान पर भी नहीं लिखना चाहता। मै जलेबी और चूरमा पर लिख रहा हूँ ,क्योंकि मुझे लगता है कि मौजूदा कड़वी सियासत के दौर में जलेबी और चूरमा ज्यादा बेहतर विषय है लिखने के लिए। फिलहाल जलेबी और चूरमा पर हिन्दू-मुसलमान की छाप भी नहीं पड़ी है ,इसलिए वे अब तक समरसता का बोध कराने वाले मिष्ठान हैं।

आप मानें या न मानें लेकिन हकीकत ये है कि कड़वाहट से भरे नेताओं को भी मिष्ठान प्रिय होते हैं,भले ही नेता मधुमेह के शिकार हों। मिष्ठान सामने आ जाये तो पीछे नहीं हटता । देश के पूर्व प्रधानमंत्री और ग्वालियर के सपूत अटल बिहारी बाजपेयी को बहादुरा के लड्डू और गुलाब जामुन प्रिय थे,हालांकि वे चाची के मंगौड़ों के भी मुरीद थे।मुझे लगता है की भाजपा ने यहीं से मंगौड़े तलने की बात शुरू की थी । जब तक अटल जी रोग शैय्या पर नहीं गए थे तब तक इन लड्डुओं और मंगौड़ों का सेवन करते रहे। बाजपेयी जी से मिलने वाले उनके रिश्तेदार हों या और कोई यदि उन्हें बहादुरा के लड्डू भेंट करते थे तो उनके मुखमंडल पर एक स्निग्ध मुस्कान तैरने लगती थी।पूर्व राष्ट्रपति डॉ शंकर दयाल शर्मा जलेबी कि शौकीन थे ।वे राष्ट्रपति भवन में आगंतुकों को भी जलेबी ही खिलते थे।

हाल ही में तिरुपति के प्रसादम में मिलने वाले लड्डुओं के विवाद के बावजूद ग्वालियर में न बहादुर के लड्डुओं के प्रेमियों की संख्या कम हुई है और न लखनऊ में ठग्गू के लड्डुओं की। लड्डू हैं ही ऐसी मिठाई जिसे हर जाति और धर्म के लोग खाते हैं। लड्डू मेरे हिसाब से मिठाइयों का राजा है। कायदे से उसे अब रक राष्ट्रीय मिष्ठान घोषित कर देना चाहिए था। मुमकिन है की महाराष्ट्र सरकार ने जैसे हाल ही में गाय को राज्य माता का दर्जा दिया है वैसे ही आने वाले दिनों में कोई लड्डू प्रेमी सरकार लड्डू को भी राज्य या राष्ट्र मिष्ठान का दर्जा दे दे। हमारे यहां दर्जा देना या पेरोल देना बहुत आसान काम है।

हरियाणा विधानसभा के चुनाव प्रचार में गोहाना पहुंचे लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता और भाजपा के सर पर चढ़े भूत राहुल गांधी भी जलेबी नाम के एक मिष्ठान के मुरीद हो गए। गोहाना की चुनवाई सभा के मंच पर राहुल गांधी ने मातूराम हलवाई की जलेबी का स्वाद चखा। दीपेंद्र हुड्डा ने राहुल गांधी को अपने हाथों ये जलेबी खिलाई। राहुल को इसका स्वाद इतना पसंद आया कि उन्होंने एक डिब्बा अपनी बहन प्रियंका गांधी के लिए पैक करवा लिया। उन्होंने अपनी रैली में भी इस जलेबी का जिक्र किया। बता दें कि लाला मातूराम की जलेबी कोई सामान्य जलेबी नहीं है, इनका आकार सामान्य जलेबी से ज्यादा बड़ा है।एक जलेबी ढाई सौ ग्राम तक की होती है। जलेबी केवल हम भारतीयों को ही नहीं बल्कि भारत के बाहर तमाम इस्लामिक राष्ट्रों की जनता को भी प्रिय है । वे इसे हिन्दू मिठाई मानकर इसका तिरस्कार नहीं करते। जानकार बताते हैं कि जलेबी भारतीय उपमहाद्वीप व मध्यपूर्व की एक लोकप्रिय मिठाई है। यह किसी कर्ण कुंडल की तरह ऐसी रस्सभरी होती है कि आप इसे खाये बिना रह नहीं सकते । कोई इसे दूध में डालकर खाता है तो कोई रबड़ी डालकर । किसी को जलेबी दही के साथ खाना पसंद है लेकिन खाते सब है। कहीं जलेबी बहुत छोटे आकर की बनती है तो गोहाना में 250 ग्राम की एक। सागर में तो जलेबी में मावा भरा जाता है। इसका स्वाद में मीठी और खमीर की वजह से हल्की सी खट्टी जलेबी की लोकप्रियता ऐसी है की हमारे यहां सुंदर महिलाओं का नाम तक जलेबी बाई रखा जाता है।जलेबी की लोकप्रियता का अंदाजा आप इसी से लगा सकते हैं कि हमारे यहां जलेबी बाई फिल्मी गीत भी है ,बेव सीरीज भी है और कार्टून श्रंखला भी

जलेबी की धूम मैंने अपनी अनेक विदेश यात्राओं में भी देखी भारत के अलावा बांग्लादेश, पाकिस्तान, ईरान के साथ समस्त अरब देशों में भी यह जानी-पहचानी है। मैंने तो स्पेन में भी जलेबी खाई। अमेरिका में तो जलेबी आसानी से मिल जाती है। जलेबी की तारीफ कर इसके जरिये रोजगार की बात कर राहुल गांधी भले ही अपने विरोधियों द्वारा ट्रोल किये जा रहे हों लेकिन इससे जलेबी का तो भला ही हुआ।वैसे भी हमारे राम जी सभी का भला करते हैं ।

जलेबी के बाद आइये बात करते हैं चूरमा की । चूरमा राजस्थान का अघोषित राज्य मिष्ठान है और इसकी धूम देश-विदेश तक है । हाल ही में हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी भी चूरमा खाकर न सिर्फ गदगद हो गए बल्कि उन्हें अपनी दिवंगत माँ की याद भी आ गयी । भारत के स्टार जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा की मान ने ये चूरमा भेजा था । मोदी जी ने चूरमा न सिर्फ खुद खाया बल्कि जमैका के प्रधानमंत्री को भी खिलाया और भावुक होकर नीरज की माँ श्रीमती सरोज देवी को एक आभार पत्र भी लिख दिया । आपको याद होगा की मोदी जी सामान्य तौर पर किसी कि पत्र का जबाब नहीं देते । मल्लिकार्जुन खरगे तक कि पत्र का जबाब उन्होंने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से दिलवाया था, लेकिन नीरज की माँ को मोदी जी ने खुद पत्र लिखा ।ये चूरमे की ही ताकत तो थी । मोदी जी ने लिखा -, आज इस चूरमे को खाने के बाद आपको पत्र लिखने से खुद को रोक नहीं सका. भाई नीरज अक्सर मुझसे इस चूरमे की चर्चा करते हैं, लेकिन आज इसे खाकर मैं भावुक हो गया. आपके अपार स्नेह और अपनेपन से भरे इसे उपहार ने मुझे मेरी मां की याद दिला दी.

अब आप समझ ही गए होंगे कि मिष्ठान चाहे कोई भी हो बहुत ताकतवर चीज है। मिष्ठान शुष्क से शुष्क आदमी को भी सरस बना सकता है। मिष्ठान कड़वाहट मिटाने का सबसे बढ़िया विकल्प है ,आप इसे कड़वाहट का ऐंटी डोज भी कह सकते हैं शायद इसीलिए हमारे यहां तीज-त्यौहारों पर मिठाइयों का आदान-प्रदान किया जाता है। मै तो कहता हूँ कि मिष्ठान बिना जग सूना है। सियासत में बढ़ती कड़वाहट और अदावत को मिष्ठान के जरिये दूर किया जा सकता है,फिर मिष्ठान चाहे लड्डू हो,जलेबी हो,चूरमा हो या बंगाल का रसोगुल्ला। मै तो कहता हूँ कि बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर स्वच्छता पखवाड़ा मानते हुए आम जनता को रसोगुल्ला वितरित करना चाहिए था। यदि ऐसा होता तो प्रधानमंत्री जी और उनकी पार्टी के तमाम लोग संदेशखाली और कोलकाता जैसे मुद्दे उठाना भूल जाते।

देश में पुरखों की विदाई के बाद देवी स्वरूपा दुर्गा का आगमन हो चुका है । हमें इन नौ दिनों में मिष्ठान के जरिये सौहार्द की वापसी की कोशिश करना चाहिए। मुहब्बत की दूकान खोलने से आपको ऐतराज हो सकता है किन्तु मिष्ठान की दूकान खोलने से नही। यदि यही मिष्ठान हमारे लिए रोजगार पैदा करने लगे तो भी क्या बुरा है। मिष्ठान भी किसी मंगौड़े से कम नहीं है।हम तो 8 अक्टूबर को हरियाणा और जम्मू -कश्मीर के सभी नए विधायकों से मिठाई खाएंगे।

## महिला सुरक्षा, दर्पण झूठ न बोले

निर्मल रानी

**महिला सुरक्षा व संरक्षण के** जितने दावे हमारे देश में किये जाते हैं उतने किसी देश में नहीं किये जाते। इसी तरह जितना धार्मिक होने का दिखावा हमारे देश में किया जाता है,धर्म व अध्यात्म की जितनी चर्चा हमारे देश में की जाती है शायद अन्यत्र कहीं नहीं होती। परन्तु इसके विपरीत पूरे देश में उतना ही अधिक अधर्म व्याप्त नजर आता है। कोई क्षेत्र कोई संस्था कोई विभाग ऐसा नहीं जहाँ नारी का अपमान न होता हो,जहाँ झूठ और भ्रष्टाचार सिर चढ़कर न बोलता हो। जहाँ स्वार्थ और मुफ़्तखोरी का बोल बाला न हो। परन्तु इस वास्तविकता के बावजूद सुबह से शाम तक पूरे देश में बड़े बड़े पेशेवर प्रवचन कताओं के सत्संग आयोजित होते रहते हैं। देश के लाखों मंदिरों मस्जिदों व अन्य सभी धर्मस्थलों से भजन कीर्तन आरती अजान भजन शब्द प्रेयर आदि की आवाजें सुनाई देती हैं। विभिन्न धर्मों व समुदायों के धार्मिक जुलूस सड़कों पर उतर कर अपने धार्मिक होने का प्रदर्शन करते रहते हैं। कन्याओं की पूजा भी शायद हमारे देश के सिवा और कहीं नहीं की जाती। देवियों की परिकल्पना भी शायद सिर्फ हमारे ही देश में की गयी है।

परन्तु हकीकत तो बिल्कुल इससे विपरीत है। नारी शोषण तथा नारी अत्याचार की जितनी घटनाएं बल्कि जितनी घिनौनी और वीभत्स घटनायें हमारे देश में होती हैं उतनी कहीं नहीं होतीं। और इससे भी शर्मनाक बात यह कि बलात्कारियों व हत्यारों को सत्ता का संरक्षण मिलते हुये भी देखा जा सकता है। पिछले दिनों तो ऐसी अनेक घटनाएं देश में घटीं जिन्हें सुनकर यह सोचने के लिये मजबूर होना पड़ा कि जब संभ्रांत व अभिजात वर्ग की महिलाओं का यह हाल है,वे तक सुरक्षित नहीं फिर आखिर साधारण परिवार की या गरीब घरों की कन्याओं की सुरक्षा की बात कैसे सोची जा सकती है कोलकाता में गत अगस्त माह में आरजी कर मेडिकल कॉलेज की छात्रा के साथ उसी अस्पताल के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पहले बलात्कार किया गया उस के बाद उसकी हत्या कर दी गयी। चूँकि मामला बंगाल राज्य का था इसलिये इस मामले में विरोध प्रदर्शन का स्तर काफी ऊँचा रहा। इतना ऊँचा कि लंबे समय तक राज्य के डॉक्टर्स हड़ताल पर रहे। खबरों के मुताबिक डॉक्टरों की इसी हड़ताल के दौरान राज्य भर में 23 मरीजों की जान भी चली गयी। इसी प्रकार 15 सितंबर को एक सैन्य अधिकारी की मंगेतर के साथ ओडिशा के भुवनेश्वर स्थित भरतपुर पुलिस स्टेशन में पहले बदसलूकी की उसका यौन-उत्पीड़न किया, फिर आर्मी ऑफिसर को लॉकअप में बंद कर दिया। हद तो यह है कि पीड़िता के अनुसार थाने में मौजूद पुलिस अधिकारी ने पहले उसके हाथ-पैर बांधे फिर उसके कपड़े उतारे उसके बाद एक पुरुष पुलिस अधिकारी ने उनके अंडरगारमेंट उतारे, फिर छाती पर लातें मारीं। उसके बाद जब थाने में इंस्पेक्टर-इन-चार्ज पहुंचा तो उसने पीड़ित की पैंट नीचे कर उसे अपना प्राइवेट पार्ट दिखाया और अश्लील बातें कीं। हालांकि इस मामले के हाई प्रोफाइल हो जाने के बाद 5 पुलिसकर्मी सस्पेंड होने की खबर जरूर है परन्तु इस सवाल से कैसे मुंह मोड़ा जा सकता है कि एक शिक्षित महिला अपने सैन्य अधिकारी मंगेतर के साथ जब सुरक्षित नहीं फिर आखिर साधारण महिलाओं की इज्जत आबरू की कौन सी गारंटी खबर यह भी है कि इस घटना के बाद सेना में भी रोष पैदा हो गया था। याद कीजिये गत वर्ष 30 अगस्त को एक बावर्दी महिला कांस्टेबल खून से लथपथ हालत में अयोध्या स्टेशन के करीब सरयू एक्सप्रेस में बर्थ के नीचे छुपी मिली थी। यानी चलती ट्रेन में दुस्साहसी अपराधियों ने उसकी वर्दी की परवाह किये बिना उसपर हमला बोल दिया था। बाद में पुलिस द्वारा दावा किया गया कि घटना के 20 दिन बाद ही आरोपी को यूपी पुलिस ने एनकाउंटर में मार गिराया।

## आज का राशिफल

**मेष** काम पर ध्यान दें। आपको बिना किसी शंका और विचार के अपने कर्तव्य पर व्यस्त रहना चाहिए।

**तुला** आप सुबह से उदास रहेंगे। कुछ अजीब सा माहौल आपके आगे पीछे बना रहेगा।

**वृषभ** आज का दिन अच्छा होगा और शुभ कार्य में आपको सफलता प्राप्त होगी।

**वृश्चिक** मामले में दिन परेशानियों वाला रहेगा। आपको काफी जद्दोजहद करनी पड़ सकती है।

**मिथुन** आज करियर के मामले में दिन तरक्की से भरा होगा। आपका काम करने का तरीका नया है।

**धनु** आज काफी भागदौड़ करनी पड़ेगी और इस वजह से आपका काफी धन भी खर्च होगा।

**कर्क** आज ऊपर काम का काफी बोझ रहेगा और आपकी कोई जिम्मेदारी पूरी नहीं हो पाएगी।

**मकर** आज दिन लाभ से भरा होगा और आपके अंदर खूब सारी एनर्जी और उत्साह का संचार होगा।

**सिंह** रुके कार्य पूर्ण होने से खुशी होगी। अधिकार क्षेत्र में कोई घुसने की कोशिश कर सकता है।

**कुंभ** आज करियर और कारोबार के मामले में काफी जद्दोजहद करनी पड़ सकती है।

**कन्या** आपको अपने सहयोगियों और वरिष्ठ अधिकारियों से उचित तर्क वितर्क नहीं करना चाहिए।

**मीन** करियर में लाभ और सफलता प्राप्त होगा। धन कमाने के लिए रास्ते आपको नज़र आएंगे।

## राजकाज

### बिहार में स्मार्ट मीटर, नितीश बाबू की राजनीति की समाप्ति

**बिहार में स्मार्ट मीटर** को लेकर एक बार फिर राजनीति गरमा गई है। बिहार विधानसभा चुनाव के पहले जब संपूर्ण बिहार में स्मार्ट मीटर को लेकर नाराजी थी। तब नीतीश कुमार ने स्मार्ट मीटर का मुद्दा क्यों छेड़ दिया। राष्ट्रीय जनता दल ने अब इसे बड़ा मुद्दा बना लिया है। सरकार स्मार्ट मीटर लगाने को अभियान के रूप में चला रही है। 50 लाख स्मार्ट मीटर लगा चुके हैं। यह सभी मीटर प्रीपेड मीटर है। पहले चार्ज करोओ, फिर बिजली जलाओ, का यह मुद्दा नीतिश सरकार पर भारी पड़ना तय है। 2013 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में स्मार्ट मीटर का मुद्दा बड़ा जोर पकड़ा था। दिल्ली में कांग्रेस की हार स्मार्ट मीटर के कारण हुई थी। स्मार्ट मीटर के मुद्दे पर आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की 28 विधानसभा सीटों पर पहले ही बार में विजय पाई थी। तब से लेकर अभी तक आम आदमी पार्टी की सरकार दिल्ली में चल रही है। बिहार में नितीश बाबू ने यह रिस्क क्यों लिया है, यह वही जाने।

### लोकसभा में सीटों का बटवारा तय

लोकसभा सचिवालय में सभी पार्टियों के बीच का सीटिंग अरेंजमेंट लगभग तय कर लिया गया है। अध्यक्ष कार्यालय ने सभी पार्टियों से नाम लेकर सांसदों के बैठने की व्यवस्था को लगभग लगभग तय कर दिया है। नई व्यवस्था के अनुसार विपक्ष की अग्रिम पंक्ति की चार सीटों पर कांग्रेस के सांसद बैठेंगे, दो सीटों पर समाजवादी पार्टी के सदस्य बैठेंगे। टीएमसी और डीएमके को एक-एक सीट अग्रिम पंक्ति में मिलेंगी। सरकार के सहयोगी दलों में जनता दल यू और टीडीपी को एक-एक सीट मिलेगी।

## कार्टून कोना

हरियाणा चुनावः बीजेपी के पोस्टर से गायब हुए खट्टर




## आज का इतिहास

1539 इंग्लैंड नरेश हेनरी अष्टम और क्लीव्स की ऐन के विवाह के लिए संधि हुई थी। 1824 मैक्सिको गणराज्य बना था। 1853 तुर्की ने रूस के खिलाफ जंग का ऐलान किया। 1865 नेपोलियन तृतीय और ओटो वान विस्मार्क के बीच समझौता हुआ। 1937 ब्राजील में क्रांति के बाद गेसुलियो वर्गास राष्ट्रपति बने। 1945 फ्रांस में पियरे लावल पर युद्ध के दौरान राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में शामिल होने के कारण मुकदमा चलाया गया। 1957 सोवियत संघ ने प्रथम अंतरिक्षयान का प्रक्षेपण किया। 1969 चीन ने हाइड्रोजन बम सहित दो परमाणु परीक्षणों की घोषणा की। 1973 उत्तरी आयरलैंड में पांच वर्ष से जारी संघर्ष को रोकने के लिए शांति वार्ता शुरू हुई। 1977 अटलबिहारी बाजपेयी ने विदेश मंत्री के रूप में राष्ट्रसंघ महासभा को हिंदी में संबोधित किया। 1986 भारतीय हेलीकॉप्टर निगम की स्थापना हुई।

## दैनिक पंचांग

**4 अक्टूबर 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कन्या में | तुला | 06.53 बजे से |
| चंद्र | तुला में | वृश्चिक | 09.08 ब.से |
| मंगल | मिथुन में | धनु | 11.24 बजे से |
| बुध | कन्य में | मकर | 13.29 बजे से |
| गुरु | वृष में | कुंभ | 15.15 बजे से |
| शुक्र | तुला में | मीन | 16.48 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मेष | 18.19 बजे से |
| राहु | मीन में | वृष | 19.59 बजे से |
| केतु | कन्या में | मिथुन | 21.57 बजे से |
| राहुकाल 10.30 से 12.00 बजे तक | | कर्क | 00.10 बजे से |
| | | सिंह | 02.26 बजे से |
| | | कन्या | 04.38 बजे से |

**शुक्रवार** 2024 वर्ष का 278 वां दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** आश्विन **पक्ष** शुक्ल **तिथि** द्वितीया 05.31 बजे प्रात: को समाप्त। **नक्षत्र** चित्रा 18.38 बजे को समाप्त। **योग** वैधृति 05.21 बजे प्रात: को समाप्त। **करण** बालव 16.16 बजे तदनन्तर कौलव 05.31 बजे प्रात: को समाप्त। **चन्द्रायु** 01.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 04° 27' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872122 **जूलियन दिन** 2460587.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** रवि उलावल **तारीख** 30 **विशेष** चंद्र दर्शन, विश्व पशु कल्याण दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore





# शशांक आसन करने से मेंटल हेल्थ होगी बेहतर, पाचन भी रहेगा दुरुस्त

**शशांक आसन का अभ्यास करने से आपकी सेहत को काफी फायदा हो सकता है। इस आसन से आपकी मेंटल हेल्थ को फायदा मिलता है साथ ही पाचन भी दुरुस्त हो सकता है।**

योग हमारी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। योग करने से ना सिर्फ शरीर फुर्तीला होता है बल्कि इससे कई तरह की बीमारियां भी दूर होती है। आज हम आपको एक खास तरह के योगासन की जानकारी दे रहे हैं जिसका अभ्यास करने से आपका पाचन दुरुस्त रहेगा और मेंटल हेल्थ को फायदा पहुंचेगा। दरअसल आजकल काम के बोझ में अक्सर लोग इन दो समस्याओं से परेशान रहते हैं। इस आसन का नाम है खरगोश आसन इसे शशांक आसन के नाम से भी जाना जाता है। इस आसन को करते वक्त आपका शरीर खरगोश की तरह नजर आता है।

## कैसे करें खरगोश मुद्रा?

- इस आसन को करने के लिए मैट पर एड़ी के बल बैठ जाएं।
- सांस छोड़ते हुए हाथों को पीछे की ओर रखते हुए एड़ी को पकड़ें।
- अब कोर की मदद लेते हुए सिर बॉडी को आगे की ओर झुकाएं।
- सिर को घुटनों की ओर जमीन पर रखकर घुटनों पर इस तरह से मुद्रा धारण करें कि माथा घुटनों के आमने सामने हो
- हिप्स को ऊंचा उठाएं और इसी तरह से कुछ देर तक रहें।
- इस दौरान सांस लें और छोड़ते रहें।
- वापस पुरानी स्थिति में आने के लिए कूल्हों को नीचे करें और धीरे-धीरे रिलैक्स हो जाएं।
- पाचन दुरुस्त करने में मददगार
- शशांक आसन आसन करने से आपका पाचन तंत्र दुरुस्त हो सकता है। दरअसल जब आप इस मुद्रा को करते हैं तब आपको आगे की ओर झुकना होता है इससे पेट पर दबाव पड़ता है। इससे डाइजेस्टिव एंजाइम का स्राव बेहतर तरीके से होता है। यह पाचन अंगों को उत्तेजित करता है जिससे शरीर से विषाक्त पदार्थ बाहर निकल जाते हैं। इससे गैस कब्ज और एसिडिटी की परेशानी नहीं होती है।

## मेंटल हेल्थ को सुधारे

खरगोश आसन करने से मेंटल हेल्थ बेहतर होती है। इस मुद्रा से तंत्रिका तंत्र पर शांत प्रभाव पड़ता है। यह दिमाग में ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ाकर ऑक्सीजन प्रवाह बढ़ाने में मदद करता है जिससे दिमाग एक्टिव होता है। इससे तनाव, डिप्रेशन जैसी समस्या दूर होती है। इस आसन को करने से पॉजिटिव एनर्जी का संचार होता है। इससे क्रोध प्रबंधन में मदद मिलती है।






# आपकी हेल्थ खराब कर सकते हैं ये हेल्दी फूड्स

आपका स्वास्थ्य बेहतर तब होगा, जब आपका डाइजेशन अच्छा होगा। डाइजेशन खराब हो, तो खाने-पीने में समस्या रहती है। छाती में जलन रहती है। खाना खाने बाद तुरंत पेट खराब हो जाता है और अक्सर गैस और एसिडिटी की समस्या भी हो जाती है। हम क्या खाते हैं और किस तरह से खा रहे हैं, वह खाना पचाने की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। स्पाइसी, ऑयली और प्रोसेस्ड फूड के बारे में सब जानते हैं कि वो आपके पेट को खराब कर सकते हैं। हालांकि, ऐसे कई फूड्स हैं, जो स्वास्थ्य के लिए अच्छे होते हैं, लेकिन हकीकत में वे भी आपकी गट हेल्थ को नुकसान पहुंचाते हैं। ऐसे कई सारे अच्छे फूड्स हैं, जो डाइजेशन के लिए बैड हो सकते हैं। यह एक्सपर्ट्स भी कहते हैं। जानी-मानी न्यूट्रिशनिस्ट ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक पोस्ट शेयर किया था। जहां उन्होंने उन फूड्स के बारे में बताया था जो पाचन तंत्र को गड़बड़ कर सकते हैं। वह कहती हैं ऐसी कई सब्जियां और दालें हैं, जिन्हें खाकर प्रोटीन और फाइबर प्राप्त होता है। मगर ये अच्छी चीजें भी आपको गैस और ब्लोटिंग जैसी समस्याएं दे सकती हैं। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि आपको उन्हें अपने आहार से पूरी तरह हटा दें, क्योंकि उनमें कुछ आवश्यक पोषक तत्व होते हैं जिनकी आपके शरीर को वास्तव में आवश्यकता होती है। जरूरी है कि ऐसी चीजों को आप लिमिट में अपने आहार में शामिल करें। आइए न्यूट्रिशनिस्ट अंजली से जानते हैं उन फूड्स के बारे में जो आपके पाचन के लिए खराब हो सकते हैं।

## क्रूसिफेरस सब्जियां

क्रूसिफेरस कहते ही ब्रोकोली सबसे पहले दिमाग में आती होगी। इसके साथ ही फूलगोभी और ब्रसेल्स स्प्राउट्स जैसी क्रूसिफेरस सब्जियां पोषक तत्वों और फाइबर से भरपूर होती हैं। इन सब्जियों को अक्सर डाइट में शामिल करने की सलाह दी जाती है। मगर न्यूट्रिशनिस्ट अंजली का कहना है कि उनमें सल्फर की मात्रा बहुत ज्यादा होती है। रैफिनोज और सल्फर जैसे कंपाउंड्स के कारण उन्हें पचाना मुश्किल हो जाता है। ये कंपाउंड्स उन लोगों को ज्यादा नुकसान पहुंचा सकते हैं, जिनका डाइजेशन सेंसिटिव होता है। इन सब्जियों से गैस,जलन, सूजन और ब्लोटिंग उत्पन्न हो सकती हैं। पाचन समस्याओं को कम करने के लिए, इन सब्जियों को अच्छी तरह से पकाने की कोशिश करें। ये सब्जियां आपके शरीर को डिटॉक्सिफाई करती हैं, लेकिन उसके साथ ही गैस और ब्लोटिंग पैदा कर सकती हैं। अगर आप कभी मूली, पत्तागोभी जैसी सब्जियां खाएं, तो उन्हें हमेशा पकाएं या फिर फर्मेंट करके उनका सेवन करें।

## बीन्स और फलियां

बीन्स और फलियां प्रोटीन, फाइबर और आवश्यक पोषक तत्वों के बहुत अच्छा स्रोत हैं। हालांकि, उनमें ऑलिगोसेकेराइड्स भी होते हैं, एक प्रकार का कार्बोहाइड्रेट जिसे शरीर को पूरी तरह से तोड़ने में कठिनाई होती है। इससे पेट में बहुत ज्यादा गैस बनती है और साथ ही पेट फूलने की समस्या भी हो सकती है। कई सारे लोगों को बीन्स खाना पसंद नहीं होता है या उन्हें इसकी आदत नहीं होती है।
ऐसे में यदि वह इन चीजों का सेवन कर लेते हैं, तो उनकी गट हेल्थ खराब हो सकती है। पाचन शक्ति में सुधार करने के लिए, खाना पकाने से पहले ड्राई बीन्स को भिगोना जरूरी हो जाता है। इसी के साथ, कोशिश करें कि इसका सेवन धीरे-धीरे और आराम से करें।



## साबुत अनाज

फाइबर हमारे शरीर के लिए बहुत जरूरी है। इसका सेवन करने से हमें पूरे दिन काम करने की शक्ति मिलती है। गेहूं, जौ और जई जैसे साबुत अनाज को उनकी उच्च फाइबर सामग्री और कई स्वास्थ्य लाभों के लिए सराहा जाता है। फाइबर आपकी गट हेल्थ के लिए बहुत आवश्यक है। हालांकि, साबुत अनाज में पाए जाने वाले फाइबर, विशेष रूप से अघुलनशील फाइबर, को पचाना कुछ लोगों के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है। इसी कारण से ये साबुत अनाज का सेवन करने से सूजन, गैस और पेट में अन्य किसी परेशानी हो सकती है। यदि आप साबुत अनाज खाने के बाद पाचन समस्याओं का अनुभव करते हैं, तो इनकी जगह रिफाइन्ड अनाज जैसे क्विनोआ या ब्राउन चावल जैसे ग्लूटेन-फ्री विकल्पों का सेवन कर सकते हैं।

## कच्ची सब्जियां और फल

आपको भी सलाद के रूप में कच्ची सब्जियां खाना पसंद होगा। मूली और प्याज का सेवन तो खाने के साथ किया ही जाता है। लेकिन क्या आपको पता है कि ये चीजें आपके डाइजेशन को कमजोर कर सकती हैं। फल और सब्जियों में भरपूर पोषण होता है, लेकिन कई बार इनका अधिक सेवन करने से इन्हें पचाने में मुश्किल हो सकती है। कच्ची सब्जियां और फल अघुलनशील फाइबर से भरपूर होते हैं, जिन्हें पचाना मुश्किल हो सकता है और ये सूजन, ब्लोटिंग और गैस की समस्या का कारण बन सकते हैं। कच्ची सब्जियों और फलों का सेवन कभी भी रात को न करें।



# खाना खाने के बाद आलस क्यों आता है?

**एनर्जी और ताकत के लिए हम तीन वक्त खाना खाते हैं, लेकिन अक्सर यह देखा जाता है कि खाना खाने के बाद थकान आलस और नींद आने लगती है। खासकर दोपहर में लंच के बाद बहुत सारे लोगों को आलस आने लगता है। वर्किंग लोगों के लिए खास कर ऐसा होना दिक्कत करता है। अब सवाल है कि आखिर खाना खाने के बाद आलस आता क्यों है।**

एक्सपर्ट के मुताबिक जो लोग प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट से भरपूर भोजन करते हैं उन्हें अधिक आलस आता है। वह ज्यादा थका हुआ महसूस करते हैं। दरअसल प्रोटीन रिच फूड्स में ट्राइप्टोफैन नाम का एक अमीनो एसिड होता है। यह सेरोटोनिन का उत्पादन करने में मदद करता है। सेरोटोनिन मूड को सही करता है और नींद के लिए जिम्मेदार होता है। सेरोटोनिन मन को शांत करता है। वहीं कार्बोहाइड्रेट ट्राइप्टोफैन को अवशोषित करने में शरीर की मदद करता है। ऐसे में प्रोटीन और कार्ब्स खाया जाए तो आलस और नींद आना तय है। खास कर जो लोग चावल खाते हैं उन्हें आलस जरूर आता है। वहीं कुछ लोग जरूर से ज्यादा खाना खा लेते हैं इस वजह से भी थकान का अनुभव होता है। इसके अलावा जो लोग प्री डायबिटिक होते हैं या डायबिटीज से पीड़ित होते हैं, उन्हें भी खाना खाने के बाद थकान महसूस हो सकती है। क्योंकि ब्लड शुगर का स्तर अधिक हो जाता है और ऊर्जा के स्तर में कमी आने लगती है।

### आलस और नींद से बचने के उपाय

- एक बार में अधिक खाने से बचें।
- रात को अच्छी नींद लें।
- खाना खाने के बाद वॉक जरूर करें। फिजिकली एक्टिव रहने पर आलस और थकान से बचा जा सकता है।
- कुछ देर धूप जरूर लें। इससे भी आलस कम होने लगता है।
- लंच में हाई फाइबर युक्त भोजन का सेवन करें।
- कार्ब्स और ज्यादा प्रोटीन लेने से बचें।

# खून की कमी दूर करने के लिए खाएं यह आटा


**खून की कमी बहुत आम है। शरीर में हीमोग्लोबिन कम होने थकान, कमजोरी और सिरदर्द जैसे लक्षण नजर आते हैं। इसे दूर करने के लिए डाइट में बदलाव सबसे जरूरी है।**

खून की कमी होना बहुत आम है। डाइट सही न होने पर या अन्य किसी वजह से जब शरीर में खून की कमी होती है, तो इससे एनीमिया हो सकता है। महिलाओं के शरीर से हर महीने पीरियड्स के दौरान भी काफी मात्रा में खून बाहर निकलता है। हैवी पीरियड्स होने पर भी एनीमिया का खतरा बना रहता है। शरीर में आयरन की कमी होने पर कई तरह की परेशानियां हो सकती है। आयरन एक ऐसा मिनरल है, जो खून में ऑक्सीजन को ले जाने के लिए जरूरी प्रोटीन हीमोग्लोबिन के फंक्शन में अहम भूमिका निभाता है। इसलिए, इसका सही मात्रा में होना बहुत जरूरी है। खून की कमी होने पर कमजोरी महसूस होना, थकान, सांस लेने में मुश्किल, डाइजेशन पर असर और त्वचा का पीला पड़ना जैसे लक्षण नजर आते हैं। इसे दूर करने के लिए डाइट में बदलाव सबसे जरूरी है। यहां हम आपको एक ऐसे आटे के बारे में बता रहे हैं, जो काफी हद तक आपकी मदद कर सकता है।

- रागी को नाचनी, फाक्सटेल बाजरा और फिंगर मिलेट भी कहा जाता है।
- इसमें प्रोटीन भरपूर मात्रा में पाया जाता है। प्रोटीन सेल्स को फिर से बनाने और उनको रिपेयर करने में यह अहम भूमिका निभाता है।
- यह शरीर में खून के प्रवाह को सही बनाए रखने में भी मदद करता है।
- रागी एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर होता है और कई तरह के इंफेक्शन्स से लड़ने में शरीर की मदद करता है।
- विटामिन डी और कैल्शियम के अलावा, रागी में आयरन भी भरपूर मात्रा में होता है।
- शरीर में हीमोग्लोबिन की कमी को दूर करने में यह मदद कर सकता है।
- यह कब्ज को दूर करता है और वजन कम करने में भी फायदेमंद है।
- इससे ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल करने में भी मदद मिलती है।

## डाइट में कैसे शामिल करें रागी का आटा?

- रागी के आटे को डाइट में शामिल करने के कई तरीके हैं।
- आप इसकी रोटी, इडली और डोसा बना सकती हैं।
- रागी के आटे को वेज सूप में भी डाला जाता है। इसका सूप सेहत के लिए फायदेमंद होता है।
- इसकी खिचड़ी भी बन सकती है।
- गर्मियों में आप खजूर, केले और दूध के साथ मिलाकर इसका शेक बना सकती हैं।





# बदलते मौसम में डाइट में शामिल करें ये चीजें, इम्यूनिटी होगी मजबूत

**जिन लोगों की इम्यूनिटी कमजोर होती है, उन्हें बदलते मौसम में बीमारियां जल्दी घेर लेती हैं। इम्यूनिटी मजबूत बनाने के लिए सही डाइट बहुत जरूरी है। एक्सपर्ट की बताई इन चीजों को जरूर खाएं।**

बदलते मौसम में बीमारियों का खतरा ज्यादा बना रहता है। खासकर, जिन लोगों की इम्यूनिटी कमजोर होती है, उन्हें बीमारियां जल्दी घेर लेती हैं। बीमारियों से बचने और सेहतमंद रहने के लिए इम्यूनिटी का मजबूत होना जरूरी है। अगर आपकी इम्यूनिटी मजबूत है, तो कई बीमारियों और इंफेक्शन्स से आपका बचाव होता है। इस वक्त मौसम बदल रहा है। ठंड खत्म हो रही है और धीरे-धीरे गर्मी की शुरुआत होने लगेगी। ऐसे में मौसमी बीमारियों से बचने के लिए आपको डाइट पर खास ध्यान देना चाहिए। इम्यूनिटी मजबूत बनाने के लिए सही डाइट बहुत जरूरी है। एक्सपर्ट की बताई कुछ खास चीजों को डाइट में शामिल कर, आप मौसमी बीमारियों से बच सकती हैं।

**खट्टे फल** - बदलते मौसम के बीच इम्यूनिटी को मजबूत बनाए रखने के लिए खट्टे फलों को डाइट में शामिल करें। इन फलों में विटामिन सी भरपूर मात्रा में होता है, जो इम्यूनिटी को बूस्ट करता है। विटामिन सी, ब्लड में व्हाइट ब्लड सेल्स के प्रोडक्शन को बढ़ाता है। यही सेल्स इंफेक्शन्स से लड़ने में मदद करती हैं। खट्टे फल जैसे संतरा, अंगूर, मौसमी, कीनू, चकोतरा और नींबू को डाइट में शामिल करें।

**सूखे मेवे** - ड्राई फ्रूट्स सेहत के लिए काफी अच्छे होते हैं। इनमें जिंक और अन्य न्यूट्रिएंट्स भरपूर मात्रा में होते हैं। इसलिए, बदलते मौसम में इन्हें डाइट में जरूर शामिल करें। भीगे हुए बादाम, अखरोट, काजू और किशमिश आपके लिए फायदेमंद रहेंगे। साथ ही, सूरजमुखी के बीज, कद्दू के बीज और चिया सीड्स खाएं।

**अदरक और लहसुन** - अदरक और लहसुन का इस्तेमाल लगभग सभी भारतीय घरों में किया जाता है। अदरक में एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-माइक्रोबेयिल गुण पाए जाते हैं। वहीं, लहसुन में भी एंटी-माइक्रोबेयिल गुण होते हैं। ये दोनों की चीजें कई तरह के इंफेक्शन्स से शरीर की रक्षा करती हैं।

**ब्रोकली** - ब्रोकली (ब्रोकली के फायदे) सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होती है। इसमें विटामिन्स और मिनरल्स भरपूर मात्रा में होते हैं। इसके अलावा, ब्रोकली में फाइबर और एंटी-ऑक्सीडेंट्स भी काफी होते हैं। ये सभी चीजें सेहत को लाभ पहुंचाती हैं।



# क्या होता है ब्रेन जिम? जानें इसके फायदे

सेहतमंद रहने के लिए हमें एक्सरसाइज की जरूरत पड़ती है। इसके लिए घंटो हम जिम में पसीने बहाते हैं। एक्सरसाइज करने से फिजिकल स्ट्रेंथ बढ़ता है और भी कई तरह की बीमारियों से बचाव होता है। लेकिन क्या आपको मालूम है कि हमारे मस्तिष्क को भी जिम की जरूरत होती है? जी हां ब्रेन हेल्थ को बूस्ट करने के लिए ब्रेन जिम एक्सरसाइज की जरूरत होती है।

## क्या होता है ब्रेन जिम?

हड्डियों को मजबूती देने और मांसपेशियों को टोन करने के लिए जिस तरह से हमें एक्सरसाइज की जरूरत होती है। ठीक उसी प्रकार से ब्रेन के न्यूरॉन को एक्सरसाइज की जरूरत होती है। ब्रेन एक्सरसाइज करने से न्यूरॉन को एक्टिवेट किया जाता है। ब्रेन में ब्लड का सर्कुलेशन सही होता है इससे तनाव, एंजायटी, डिप्रेशन और भी कई तरह की मानसिक समस्याओं से बचा जा सकता है। इससे पॉजिटिव एनर्जी का संचार होता है । आइए जानते हैं कब पड़ती है ब्रेन जिम की जरूरत और यह कैसे किया जाता है।

## ब्रेन जिम की जरूरत कब पड़ती है?

- चीजों को याद रखने में परेशानी होना
- छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा जाना
- अकेले रहने का दिल करना
- फोकस करने में दिक्कत आना
- किसी नई चीज को समझने में दिक्कत महसूस करना
- किसी नए व्यक्ति से बातचीत करने से कतरना
- डिमेंशिया और अल्जाइमर से पीड़ित होना।

## कैसे करें ब्रेन जिम?

- ब्रेन जिम करने के लिए आपको ब्रेन से कुछ भी करने की जरूरत नहीं होती है। इसमें शरीर का इस्तेमाल होता है आप इसके लिए क्रॉस क्रॉल कर सकते हैं।
- अपने पैरों को थोड़ा दूर करके सीधे खड़े हो जाएं।
- अपने कंधों को पीछे की ओर खींचे और छाती को बाहर निकालने की कोशिश करें।
- अब सीधे देखते हुए अपने दाएं हाथ को सिर के ऊपर उठाएं।
- अब अपने बाएं पैर को जमीन से ऊपर उठें और बाएं घुटने को दाएं कोहनी से मिलाने की कोशिश करें।
- ऐसे ही अब अपनी बाएं कोहनी को मोड़ ले और उसे दाएं घुटनों के साथ टच करने की कोशिश करें।

## संक्षिप्त समाचार

### तेजधार में बहा बच्चा, मां ने जान की बाजी लगाकर बचाया

**पुटकी, एजेंसी।** मुनीडीह ओपी क्षेत्र के भटिंडा फॉल में बुधवार की दोपहर एक दस वर्षीय बालक फिसल कर पानी की तेजधार में बह गया. हालांकि बच्चे की मां दिलेरी दिखाते हुए तत्काल पानी में कूद गयी और मुख्य झरना से बहते हुए नीचे भाटिन बाबा के पास बेटे को पकड़ लिया. इस दौरान वहां स्नान कर रहे ग्रामीणों के सहयोग से गोताखोर लखीकांत बाउरी, नितेश महतो ने महिला को पानी से सुरक्षित बाहर निकाला. इस दौरान महिला का मोबाइल पानी में गुम हो गया. बताया जाता है कि दोपहर लगभग एक बजे पश्चिम बंगाल के आसनसोल से भटिंडा फॉल उक्त महिला अपने बेटे को लेकर घूमने आयी थी. धनसार थाना क्षेत्र के चांदमारी श्रीराम नगर में बुधवार की अल सुबह अजय केवट (40 वर्ष) ने साड़ी के फंदे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. सूचना पाकर धनसार पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया. मृतक की पत्नी चंदा देवी ने बताया कि उसका पति दो-तीन दिन से तनाव मे था. वह शराब पीकर झगड़ा कर रहा था. बुधवार तड़के लगभग तीन बजे वह शौच के लिए बाहर गयी थी. उसके बाद लौटी तो देखा कि घर का दरवाजा बंद पड़ा है।

### विधानसभा चुनाव को लेकर जदयू प्रदेश अध्यक्ष बिहार के सीएम से मिले

**धनबाद, एजेंसी।** झारखंड जदयू के एक प्रतिनिधिमंडल झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरु महतो के नेतृत्व में पटना स्थित मुख्यमंत्री आवास में बुधवार को पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिला. श्री महतो ने झारखंड के झरिया, टुंडी, मांडू, छतरपुर तथा मांडर में सफलतापूर्वक आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन की रिपोर्ट सौंपी. इस दौरान झारखंड में होने वाली विधानसभा चुनाव को लेकर सघन रूप से चर्चा हुई. श्री खीरु महतो ने मुख्यमंत्री से झारखंड में 11 सीटों का मांग की. इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मामले को लेकर पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा बहुत जल्द भाजपा के साथ बात करेंगे. इस दौरान बिहार सरकार के मंत्री सह झारखंड प्रभारी अशोक चौधरी भी मौजूद थे. प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सुधा चौधरी, धनबाद जिलाध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह, प्रदेश महासचिव दीप नारायण सिंह, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष निर्मल सिंह, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक सिन्हा तथा धनबाद नगर अध्यक्ष धनलाल दुबे मौजूद थे.

### शंकोसाई में जेएफसी के जॉर्डन मरे ने फैंस के साथ मनाया जन्मदिन

**जमशेदपुर, एजेंसी।** शंकोसाई के एबीसी कालापाथर ग्राउंड में जमशेदपुर एफसी के फैंस उस समय खुशी से झूम उठे, जब उनके पसंदीदा स्ट्राइकर जेएफसी के जॉर्डन मरे ने मानगो में एक स्थानीय फुटबॉल टूर्नामेंट के उद्घाटन के दौरान अपना जन्मदिन मनाया। मैदान के अंदर और बाहर समर्थकों की भीड़ थी। स्ट्राइकर ने टूर्नामेंट की शुरुआत की और फैंस के साथ जन्मदिन का केक काटा। कार्यक्रम में 500 से अधिक लोग शामिल हुए। मरे ने कहा कि यह एक ऐसा दिन है जिसे मैं कभी नहीं भूलूंगा। जमशेदपुर में जन्मदिन मनाना खास है। फैंस का प्यार और समर्थन मेरे लिए सब कुछ है। जमशेदपुर एफसी की टीम अपना अगला मैच 5 अक्तूबर को जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में ईस्ट बंगाल एफसी के खिलाफ खेलेगी।

### रांची पीएमएलए कोर्ट ने स्वीकार की पूजा सिंघल की याचिका

**रांची, एजेंसी।** रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ़ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट ने मनरेगा घोटाला के जरिए अवैध कमाई करने और उन पैसों की मनी लॉन्ड्रिंग करने की आरोपी निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल की याचिका स्वीकार कर ली है. दरअसल पूजा सिंगल की ओर से याचिका दाखिल कर कहा गया था कि ईडी के पास कई ऐसे दस्तावेज हैं, जो अनुसंधान के क्रम में जब्त किए गए हैं. लेकिन न्यायालय में दाखिल चार्जशीट में उन दस्तावेजों का जिक्र नहीं किया गया था. पूजा सिंघल की ओर से इन दस्तावेजों का अवलोकन करने की अनुमति मांगी गई थी. जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है।

### एआइआरएफ व इसीआरकेयू की ताकत हैं युवा कार्यकर्ता : मो ज्याऊद्दीन

**धनबाद, एजेंसी।** इस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन की मंडल स्तरीय महासंगम सह युवा कार्यकर्ता सम्मेलन बुधवार को धनबाद रेलवे ऑडिटोरियम में हुआ. इसीआरकेयू के अपर महामंत्री सह पीएनएम प्रभारी मो ज्याऊद्दीन, सहायक महामंत्री ओमप्रकाश तथा एआइआरएफ के जोनल सेक्रेटरी ओपी शर्मा की देखरेख में धनबाद स्थित इसीआरकेयू की तीनों शाखाओं के युवा समितियों के सक्रिय सदस्य शामिल हुए. मो ज्याऊद्दीन ने कहा कि इस सम्मेलन का एकमात्र उद्देश्य एआइआरएफ इसीआरकेयू को मजबूत करना है, ताकि रेलकर्मियों की मंडल स्तर की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए रेल प्रशासन पर व्यापक दबाव बनाया जा सके. राष्ट्रीय स्तर की रेल कर्मियों की समस्याओं के समाधान के लिए आंदोलन में ज्यादा से ज्यादा युवा शक्ति की नयी ऊर्जा की जरूरत है. सम्मेलन में इसीआरकेयू के संगठन मंत्री नेताजी सुभाष और सोमेन दत्ता, वरीय सदस्य एके दा, टीके साहु, लाईन शाखा सचिव जेके साव, शाखा वन के अध्यक्ष उपेंद्र मंडल, शाखा टू के अध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी एनके ख्वास, सुदर्शन, पिंटू नंदन, नागेंद्र, दिलीप, सीएस प्रसाद, प्रशांत, भानु, रंजीत, राजीव, जोनल युवा समिति के संगठन सचिव विश्वजीत मुखर्जी, रितलाल, परमेश्वर, शिवकुमार, आजाद, अमित, राजकुमार आदि उपस्थित थे।

# भ्रमित करने का कीर्तिमान स्थापित कर रही हेमंत सरकार : सुदेश महतो



**बोकारो, एजेंसी।** आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि हेमंत सरकार पिछले पांच वर्षों से जनाकांक्षाओं के विपरीत भ्रमित करने का कीर्तिमान स्थापित कर रही है। सरकार का उद्देश्य जनता की आवश्यकताओं को समझते हुए उनके जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में काम करना होता है लेकिन यह सरकार अपने ही लोगों को ठगने में लगी है। झूठ की बुनियाद पर खड़ी सरकार से जनता परेशान है और बदलाव चाहती है। सुदेश महतो ने गोमिया विधानसभा में बुधवार को आयोजित झारखंड नवनिर्माण यात्रा के दौरान बोल रहे थे। यात्रा गोमिया हाई स्कूल से 1-बी मार्केट से स्वांग डीएवी स्कूल तक निकाली गई। आजसू पार्टी द्वारा इस यात्रा का आयोजन आने वाले दिनों में राज्य के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जेएमएम और कांग्रेस के झूठ, वादाखिलाफी और चरित्र का वास्तविक चेहरा बेनकाब हो चुका है। जनता अब इनके झूठे वादों के भ्रमजाल में फंसने वाली नहीं है। इनके कार्यकाल में अपराधियों के मन से कानून का भय समाप्त हो गया है। महतो ने कहा कि राज्य का सर्वांगीण विकास आजसू पार्टी का लक्ष्य है। समाज के हर वर्ग के साथ और विश्वास से हम शहीदों के सपनों का झारखंड बनाएंगे। बेरोजगारी और पलायन का दंश झेल रहे राज्य के युवाओं को अपनी माटी में ही रोजगार उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता। पार्टी अध्यक्ष ने डुमरी विधानसभा क्षेत्र के इसरी बाजार और गोमिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पेटरवार में अपना आजसू 24म7 सेवा केंद्र की शुरुआत की। महतो ने कहा कि हेमंत सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के जनसेवा के आचरण को बदल दिया है। कार्यालयों में बिचौलिये हावी हैं, जिससे आम जनता त्रस्त है। आज उनकी समस्याओं को समझने और सुलझाने वाला कोई नहीं है। क्षेत्र की जनता की हर समस्या का समाधान करने के प्रयास का नाम है अपना आजसू 24म7 सेवा केंद्र। यह सेवा केंद्र लोगों की सेवा के लिए 24 घंटे सातों दिन उपलब्ध होगा। केंद्र के हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करके साथ ही भौतिक रूप में केंद्र में पहुँचकर भी लोग अपनी समस्याओं को यहां रजिस्टर करवा सकते हैं। यह समस्याएं निजी और सामाजिक दोनों तरह की हो सकती हैं।

**गांधी जी के सिद्धांत मानवता, अहिंसा, सत्य और सामाजिक न्याय पर आधारित:** सुदेश महतो ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर दोनों महानुभावों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर उन्होंने कहा कि गांधी जी के सिद्धांत मानवता, अहिंसा, सत्य और सामाजिक न्याय पर आधारित है। उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। उनके दिखाए गए रास्ते पर चल कर हम एक बेहतर और विकसित भारत का निर्माण कर सकते हैं। विकास की उनकी अवधारणा में गांवों का स्थान सर्वोपरि था। उनका मानना था कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है और यदि भारत को सशक्त बनाना है, तो गांवों का विकास अनिवार्य है। हमारा प्रयास उनकी सोच को धरातल पर उतरना है। गांवों का विकास हमेशा हमारी प्राथमिकता रही है। वास्तविक स्वराज तभी संभव है जब हर गांव स्वशासन के सिद्धांतों पर आधारित हो। महतो ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को उनकी जयंती पर नमन करते हुए कहा कि शास्त्री जी ने अपनी सादगी, विनम्रता और दृढ़ संकल्प से देश की सेवा की। उनका जीवन सादगी, ईमानदारी और निस्वार्थ सेवा का प्रतीक था। उन्होंने ÷जय जवान, जय किसान÷ का नारा देकर देश के सैनिकों और किसानों को एक साथ सम्मानित किया और उनके महत्व को रेखांकित किया। उनकी ईमानदारी, कर्तव्यपरायणता और देशभक्ति को याद करते हुए हम उनके योगदान को नमन करते हैं और उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लेते हैं।

# झारखंड में पीजी मेडीकल में राज्य कोटा की 117 सीटों पर होगा नामांकन, जल्द जारी होगी मेधा सूची



**रांची, एजेंसी।** झारखंड के सरकारी मेडिकल कालेजों में पीजी मेडिकल पाठ्यक्रम के लिए राज्य कोटा की कुल 117 सीटों पर नामांकन होगा। झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद ने नामांकन के लिए उपलब्ध सीटों की कालेजवार एवं विभागवार सूची जारी कर दी है।

इसके तहत रिम्स, रांची में 18 विभागों में कुल 90 सीटों पर नामांकन होगा, जिनमें सभी ओपेन सीटें हैं। एमजीएम, जमशेदपुर के 14 विभागों में कुल 21 सीटों पर नामांकन होगा, जिनमें 19 ओपेन तथा दो इन सर्विस कोटे की सीटें सम्मिलित हैं।

एसएनएमसीएच, धनबाद के दो विभागों में कुल पांच सीटों पर नामांकन होगा जो ओपेन सीटें हैं। रांची सदर अस्पताल के एक विभाग में एक सीट पर नामांक होगा जो इन सर्विस श्रेणी के अभ्यर्थी के लिए आरक्षित है। बताते चलें कि इस बार राज्य के मेडिकल कालेजों में पीजी मेडिकल में नामांकन की प्रक्रिया में बदलाव किया गया है। इसके तहत अब सभी राउंड की

काउंसिलिंग के लिए एक बार ही आनलाइन पंजीकरण होना है। पंजीकरण की समय सीमा एक अक्टूबर को खत्म हो चुकी है। आनलाइन पंजीकरण करानेवाले अभ्यर्थियों से राज्य मेधा सूची तैयार होगी, जिसके आधार पर ही पहली, दूसरी तथा तीसरी काउंसिलिंग के साथ-साथ स्ट्रे राउंड की काउंसिलिंग होगी।

राज्य में संचालित बीएड संस्थानों में बड़ी संख्या में सीटें अभी भी रिक्त हैं। तीन-तीन राउंड की काउंसिलिंग के बाद भी सीटें रिक्त हैं। कई संस्थानों में 50 से अधिक सीटों पर अभी तक नामांकन नहीं हो सका है। झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद ने कुल 136 संस्थानों में रिक्त सीटों की सूची जारी कर दी है।

# झारखंड में 11 सीटों पर चुनाव लड़ने को तैयार जदयू, 3 पर सबसे ज्यादा फोकस



**रांची, एजेंसी।** झारखंड में साल के आखिरी में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इन चुनावों को लेकर सुगबुगाहट शुरू हो गई है। भाजपा, कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा के अलावा जनता दल यूनाइटेड(जदयू) भी यहां विधानसभा चुनावों से हिस्सा लेती है। ऐसे में जदयू ने प्रदेश की 11 सीटों पर चुनाव लड़ने का मन बनाया हुआ है। इस दौरान जदयू ने झारखंड की 3 विधानसभा सीटों को प्राथमिकता में रखा हुआ है। इन सीटों पर जदयू को अपने लिए काफी संभावनाएं दिख रही हैं। आइए जानते हैं झारखंड विधानसभा चुनावों के लिए जनता दल यूनाइटेड क्या प्लान बना रही है

प्रदेश जनता दल यूनाइटेड का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार के सीएम नीतीश कुमार से उनके पटना स्थित मुख्यमंत्री आवास पर मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो कर रहे थे। इस दौरान झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ व्यापक रूप से चर्चा हुई।

वहीं, खीरू महतो ने मुख्यमंत्री से झारखंड में 11 सीटों की मांग की। प्रदेश अध्यक्ष ने झरिया, टुंडी, मांडू, छतरपुर के साथ मांडर विधानसभा में सफलता पूर्वक आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन की रिपोर्ट भी सौंपी। प्रदेश नेतृत्व की बात को गंभीरतापूर्वक सुनते मुख्यमंत्री ने सकारात्मक आश्वासन दिया। साथ ही कहा कि वे पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष सहित भाजपा शीर्ष नेतृत्व के साथ बात करेंगे।

### जदयू की प्राथमिकता में हैं 3 सीटें

तमाड़, पूर्वी जमशेदपुर, मांडू जैसी सीटें ऐसी हैं, जो जदयू की प्राथमिकता में शामिल हैं। हाल ही में पूर्व मंत्री राजा पीटर ने जदयू की सदस्यता ली है। माना जा रहा है कि पार्टी उन्हें तमाड़ सीट से उम्मीदवार बना सकती है। वहीं, पूर्वी जमशेदपुर के वर्तमान विधायक सरयू राय भी हाल ही में जदयू में शामिल हुए थे। वहीं खीरू महतो पूर्व में मांडू विधानसभा से विधायक भी रह चुके हैं।

### रेलवे स्टेशन से छह बच्चों का रेस्क्यू, एक गिरफ्तार

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद स्टेशन के प्लेटफार्म छह और सात से बुधवार को आरपीएफ ने बिहार के गया और दुमका के छह बच्चों का रेस्क्यू किया है. गया के तीन बच्चों को आंध्रप्रदेश के राजमुंद्री और दुमका के तीन बच्चों को केरल बाल मजदूरी के लिए ले जाया जा रहा था. कार्रवाई के साथ इसकी सूचना आरपीएफ ने सीडब्ल्यूसी धनबाद को दी. गया के बच्चों के मामले में कैलाश मांझी नामक ट्रैफिकर को गिरफ़्तार किया गया है. दुमका के बच्चों के मामले में विल्सन नामक कथित दलाल मौके से फरार हो गया. आरपीएफ उसकी तलाश कर रही है. सीडब्ल्यूसी के अध्यक्ष उत्तम मुखर्जी ने मामले को लेकर स्टेशन परिसर में ही कैंप लगाकर निर्णय लिया. डीएलएसए सचिव राकेश रौशन ने छुट्टी का दिन होने के बावजूद लीगल सपोर्ट दिया. पीएलवी चंदन कुमार को सहयोग के लिए भेजा. श्री मुखर्जी ने बताया बिहार के गया के बच्चों को अंडा का ट्रे बनाने के काम में लगाया गया था, जबकि दुमका के बच्चों को केरल में सुपारी और नारियल की खेती में लगाया जाने वाला था. बच्चों ने बताया त्रिशुर का विल्सन प्रतिदिन प्रति बच्चा दो सौ रुपया वसूलता है. दोनों राज्यों में बड़ी तादाद में संतालपरना के बच्चे कार्यरत हैं. रेस्क्यू किए गये सभी बच्चों को बोकारो स्थित लड़कों के शेल्टर हाउस सहयोग विलेज में भेजा दिया गया. पूरे मामले में आरपीएफ़ इंस्पेक्टर पंकज कुमार के अलावा आरपीएफ़ अधिकारियों में बालिक मिंज़, आभाष कुमार सिंह , कुंदन कुमार, अभिमन्यु का योगदान रहा. स्टेशन परिसर में सीडब्ल्यूसी की कार्रवाई में पीएलवी चंदन कुमार, चाइल्ड हेल्प लाइन के नीतेश कुमार, काजल, अमित आदि का योगदान रहा।

# झारखंड में जदयू ने सेट कर लिया सीटों का टारगेट, नीतीश कुमार से हरी झंडी मिलने की देरी



**रांची, एजेंसी।** जदयू के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सदस्य खीरू महतो के नेतृत्व में पार्टी के प्रदेश नेताओं ने बुधवार को पटना में बिहार के मुख्यमंत्री सह पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार से मुलाकात की।

इस क्रम में खीरू महतो ने झारखंड में पार्टी की 11 विधानसभा सीटों पर चुनाव की पूरी तैयारी होने की जानकारी दी और एनडीए गठबंधन के तहत इन सीटों का दावा करने का अनुरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष से किया। कहा कि एनडीए गठबंधन के तहत इन सीटों पर पार्टी मजबूती से चुनाव लड़ सकती है।

इससे पहले खीरू महतो ने झारखंड के झरिया, टुंडी, मांडू, छतरपुर तथा मांडर विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी द्वारा सफलतापूर्वक कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित होने की रिपोर्ट सौंपी। इस दौरान झारखंड में होनेवाले विधानसभा चुनाव को लेकर उनके साथ चर्चा हुई।

सीटों की मांग पर नीतीश ने प्रदेश नेताओं को सकारात्मक आश्वासन देते हुए कहा कि इस मामले को लेकर पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा बहुत जल्द भाजपा के शीर्ष नेताओं के साथ बात करेंगे। उन्होंने इन सीटों पर तैयारी को और मजबूत करने के निर्देश भी दिए।

इस मौके पर बिहार सरकार के मंत्री सह झारखंड प्रभारी अशोक चौधरी भी उपस्थित थे। मिलने वाले प्रदेश नेताओं में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री सुधा चौधरी, धनबाद जिलाध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह, प्रदेश महासचिव दीप नारायण सिंह, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष निर्मल सिंह, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक सिन्हा तथा धनबाद नगर अध्यक्ष धनलाल दूबे सम्मिलित थे। बताते चलें कि नीतीश कुमार ने प्रदेश नेताओं को दावा करनेवाली सीटों पर कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित करने के निर्देश दिए हैं ताकि पता चल सके कि वहां पार्टी चुनाव लड़ने को कितना तैयार है। इन सम्मेलनों के आयोजन से पार्टी का दावा भी मजबूत होगा।

# झारखंड कांग्रेस ने सीएम हेमंत सोरेन को लिखा पत्र, दो कानूनों को कर दी रद्द करने की मांग




**रांची, एजेंसी।** झारखंड कांग्रेस के विधायक दल के नेता रामेश्वर उरांव व प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने बाते सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर लैंड बैंक और भूमि अधिग्रहण के संशोधित कानून को तुरंत रद्द करने की मांग की है. इसके अलावा दलित समुदायों के लिए जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने की प्रक्रिया को सरल बनाते हुए सबको जाति प्रमाण पत्र देने की मांग करने के साथ साथ भूमिहीन दलित परिवारों को जमीन पट्टा देने की मांग की है. पत्र में कहा गया है कि रघुवर दास सरकार ने झारखंड के 22 लाख एकड़ सामुदायिक जमीन को लैंड बैंक में डाल दिया था. इसके लिए ग्राम सभा की सहमति नहीं ली गयी थी. यह लैंड बैंक पेसा कानून का खुला उल्लंघन है. आदिवासी गांव में गांव की सामुदायिक भूमि का विशेष महत्त्व होता है. झारखंड कांग्रेस ने यह भी कहा है कि पूर्व की भाजपा सरकार द्वारा लागू की गयी भूमि अधिग्रहण कानून (झारखंड) संशोधन, 2017 के तहत निजी व सरकारी परियोजनाओं के लिए बिना ग्राम सभा की सहमति व बिना सामाजिक प्रभाव आंकलन के बहुफसलीय भूमि समेत निजी व सामुदायिक भूमि का जबरन अधिग्रहण करने का प्रावधान है. यह भी पेसा कानून का उल्लंघन है. पत्र में मांग किया गया है कि तुरंत लैंड बैंक और भूमि अधिग्रहण कानून (झारखंड) संशोधन, 2017 को तुरंत रद्द किया जाए. इसके अलावा कांग्रेस के इन दो नेताओं ने पत्र में दलित समुदायों को जाति प्रमाण पत्र बनवाने में हो रही समस्या का उल्लेख किया गया है. उन्होंने कहा है कि झारखंड में भुइयां, डोम, वाल्मीकि, बांसझोर समेत 27 सूचिबद्ध दलित (अनुसूचित जाति) जाति व उपजाति हैं. इनमें अधिकांश भूमिहीन हैं. राज्य के लाखों दलित परिवारों के सदस्य जाति प्रमाण पत्र से वंचित हैं. पत्र में मांग किया गया है कि तुरंत दलित समुदायों का जाति प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया को सरल किया जाए के साथ साथ जाति प्रमाण पत्र निर्गत किया जाए. साथ ही, भूमिहीन दलित परिवारों को ज़मीन का पट्टा दिया जाए।

# झामुमो का पीएम मोदी पर पलटवार, कहा- घुसपैठ और डेमोग्राफी चेंज की बात क्यों कर रहे, यह तो केंद्र का विषय

**रांची, एजेंसी।** हजारीबाग में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जनसभा में सत्तारूढ़ गठबंधन के विरुद्ध लगाए गए आरोपों पर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने पलटवार किया है। महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि घुसपैठ और डेमोग्राफी चेंज होने की बात प्रधानमंत्री क्यों कर रहे हैं? यह तो केंद्र सरकार का विषय है और उन्हें स्वयं इसपर जवाब देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के चेहरे पर आदिवासियों-मूलवासियों का भय साफ दिखा। इन्हें आदिवासी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से डर लगता है, क्योंकि राज्य में इनकी सरकार के दौरान तत्कालीन मुख्यमंत्री और भाजपा के वर्तमान अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और उनके सहयोगी सुदेश महतो ने ओबीसी का आरक्षण 27 से घटाकर 14 प्रतिशत कर दिया था। हमारी सरकार ने इसे फिर से 27 प्रतिशत करने संबंधी बिल पास कर दिया है।

झामुमो महासचिव ने कहा कि प्रधानमंत्री यहां आकर पेपर लीक की बात करते हैं। बीडीओ-सीओ के तबादले की बात करते हैं। उन्हें बताना चाहिए कि यूपी में 17 बार पेपर लीक क्यों हुआ और नीट का पेपर लीक गुजरात से क्यों हुआ? पीएम को हेमंत सोरेन से पांच लाख नौकरी पर सवाल करने से पहले यह बताना चाहिए कि हर साल दो करोड़ युवाओं को नौकरी देने के वादे का क्या हुआ। प्रथम जेपीएससी घोटाले की जांच केंद्र सरकार की जांच एजेंसी सीबीआइ कर रही है। प्रधानमंत्री को यह भी बताना चाहिए कि उस समय यहां किसकी सरकार थी और कौन मुख्यमंत्री थे।

# सांप्रदायिक शक्तियों को हराने के लिए एकजुटता जरूरी : दीपांकर



**धनबाद, एजेंसी।** भाकपा माले के गोविंदपुर प्रखंड पश्चिमी क्षेत्र के बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन बुधवार को बड़ाजमुआ में हुआ. मुख्य अतिथि भाकपा माले के केंद्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि मासस का भाकपा माले में विलय के बाद पूरे देश में सांप्रदायिक विरोधी, जनवादी ताकतों में खुशी की लहर है. इस खुशी को विधानसभा चुनाव में जीत में बदलना होगा. भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा को उत्तरी छोटानागपुर में भाकपा माले परास्त करके ही दम लेगी. सिंदरी में माले का दावा मजबूत बनता है. सांप्रदायिक शक्तियों को हराने के लिए एकजुटता जरूरी है. उन्होंने कार्यकर्ताओं से चुनाव की तैयारी में जुटने की अपील की. उन्होंने कहा कि भाजपा की नजर झारखंड के खनिज संपदा पर है. इसलिए भाजपा खरीद-फरोख्त करने पर तुली है. इसका उदाहरण चंपाई सोरेन हैं. सम्मेलन में पूर्व विधायक आनंद महतो, अरूप चटर्जी, प्रदेश सचिव मनोज भक्त, हलधर महतो, हरिप्रसाद पप्पू, आनंदमय पाल, जगदीश रवानी, कार्तिक हाड़ी, कृष्णा सिंह, चंद्रदेव उर्फ बबलू महतो, पिंकी देवी, श्वेता कुमारी आदि मुख्य रूप से मौजूद थे. मंच संचालन कार्तिक हाड़ी व धन्यवाद ज्ञापन गणेश प्रसाद चौरसिया ने किया. कार्यक्रम को सफल बनाने में विकास विश्वकर्मा, सारथी मंडल, धनेश्वर मंडल, अजय महतो, दिनेश महतो, शीतल दत्ता, राजन विश्वकर्मा, बिंदा महतो, बालेश्वर महतो, चंदन भूमिहार, पूर्व मुखिया लाला महतो, कृष्णा महतो, संजय महतो, सुधीर महतो, बबलू महतो, लालू महतो, भोला महतो, अरविंद महतो, विकास महतो आदि का सक्रिय योगदान रहा।

## जुलाई-सितंबर के दौरान खूब बिके मकान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश के आठ बड़े शहरों में जुलाई-सितंबर तिमाही के दौरान घरों की बिक्री सालाना 5 प्रतिशत बढ़कर 87,108 यूनिट हो गई है। रियल एस्टेट कंसल्टेंट नाइट फ्रैंक इंडिया की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरान प्रमुख शहरों में बिक्री में गिरावट के विपरीत, एक सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई है।



**2024 की सबसे अधिक तिमाही बिक्री-** रिपोर्ट में बताया गया है कि इस साल रेसिडेंशियल मार्केट में अच्छी रफ्तार देखने को मिली है, जिससे इस तिमाही में साल की सबसे अधिक बिक्री हुई। नाइट फ्रैंक इंडिया के सीएमडी शिशिर बैजल के अनुसार, घरों की बिक्री में बढ़ोतरी का मुख्य कारण 1 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाले प्रीमियम आवास की मांग है। हालांकि, किफायती आवास खंड में बिक्री में गिरावट आई है, जिसका कारण उपलब्धता और खरीदने की क्षमता की चुनौतियां हैं।

**मुंबई में सबसे अधिक बिक्री-** रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली-एनसीआर को छोड़कर सभी बड़े शहरों में घरों की बिक्री में वृद्धि हुई है। मुंबई में सबसे अधिक बिक्री 24,222 यूनिट्स पर हुई, जो बाजार का नया उच्च स्तर है और यहां बिक्री में साल-दर-साल 9 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। बेंगलुरु में 14,604 यूनिट्स के साथ 11 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जबकि पुणे में 1 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ बिक्री 13,200 यूनिट्स तक पहुंच गई।

हालांकि, दिल्ली-एनसीआर में बिक्री में 7 प्रतिशत की कमी आई है, जिससे यहां आवासीय संपत्तियों की बिक्री 12,976 यूनिट्स रह गई। अहमदाबाद और कोलकाता में क्रमशः 11 प्रतिशत और 14 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई।

## अडानी की गूगल के साथ डील, अब दोनो मिलकर करेंगे काम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अडानी समूह से जुड़ी एक बड़ी डील की खबर है। अडानी समूह ने दिग्गज टेक कंपनी गूगल के साथ डील की है। यह डील क्लीन एनर्जी को लेकर है। इस समझौते के जरिए अडानी ग्रुप गुजरात के




खावड़ा में दुनिया के सबसे बड़े रिन्यूएबल एनर्जी प्लांट में स्थित एक नई सोलर-विंड हाइब्रिड परियोजना से क्लीन एनर्जी की सप्लाई करेगा। इस नई परियोजना के 2025 की तीसरी तिमाही तक कमर्शियल ऑपरेशन शुरू होने की उम्मीद है। गूगल ने यहां 'गूगल फॉर इंडिया' कार्यक्रम में इसकी घोषणा की, जबकि अडानी समूह ने बयान में इसके बारे में डिटेल जानकारी दी।

**अडानी समूह ने क्या कहा-** अडानी समूह के बयान में कहा, '' इस साझेदारी के जरिये अडानी गुजरात के खावड़ा में दुनिया के सबसे बड़े अक्षय ऊर्जा संयंत्र में स्थित एक नई सौर-पवन हाइब्रिड परियोजना से स्वच्छ ऊर्जा की आपूर्ति करेगी। इस नई परियोजना का वाणिज्यिक परिचालन 2025 की तीसरी तिमाही में शुरू होने की उम्मीद है।

# 12 नवंबर से अस्तित्व में नहीं रहेगी विस्तारा, एयर इंडिया के साथ विलय के बाद मिलेगा एआई 2 फ्लाइट नंबर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** विस्तारा एयरलाइन 12 नवंबर से अस्तित्व में नहीं रहेगी। एयर इंडिया के साथ विलय के बाद इसे एआई2 फ्लाइट नंबर मिलेगा। हालांकि, विस्तारा की उड़ानें कम से कम मार्च तक अपने मूल फ्लाइट नंबर के साथ संचालित होंगी।

एयर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा कि विस्तारा और एयर इंडिया की टीमें पिछले एक साल से विलय की प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए काम कर रही हैं। विलय के बाद, विस्तारा के विमान, क्रू और सेवाएं पहले की तरह ही रहेंगी, लेकिन फ्लाइट नंबर एआई2 आदि होंगे। समानांतर में, एयर इंडिया के संकीर्ण बेड़े को नए विमानों की आपूर्ति के साथ उन्नत किया जा रहा है, पुराने विमानों को पूरी तरह से नए इंटीरियर के साथ परिष्कृत किया जा रहा है और विस्तारा की खानपान व्यवस्था अब एयर इंडिया तक भी विस्तारित हो गई है।




एयर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा, हम दोनों एयरलाइनों की गौरवशाली विरासतों और सर्वोत्तम प्रथाओं का लाभ उठाने के लिए तत्पर हैं, क्योंकि हम एक नया एयरलाइन समूह बना रहे हैं, जिस पर भारत को गर्व हो सकता है।

इसका मतलब है कि विस्तारा की वर्तमान फ्लाइट यूके123, 12 नवंबर से एआई2123 हो जाएगी। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि यह व्यवस्था अगले साल जब महत्वपूर्ण परिचालन परिवर्तन लागू होंगे, तो भी जारी रहेगी या नहीं।

एयरलाइन अधिकारियों ने कहा कि विस्तारा 12 नवंबर से अस्तित्व में नहीं रहेगी, लेकिन इसके विमान, मार्ग और क्रू कम से कम मार्च तक पहले की तरह ही काम करेंगे।

एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि विस्तारा के विमान अपने सभी मूल गंतव्यों पर कम से कम मार्च तक उड़ान भरेंगे। यह व्यवस्था मई तक भी बढ़ सकती है। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि एयर इंडिया के पुराने नैरोबॉडी बेड़े का रेट्रोफिटिंग सितंबर से शुरू हुआ है और मई मध्य तक पूरा होने की उम्मीद है। अधिकारी ने कहा, विस्तारा के विमान या पोशाक में वास्तविक परिवर्तन 2025 की दूसरी तिमाही से शुरू हो सकता है।

## राजन बोले- नीतिगत ब्याज दर तय करते समय खाद्य मुद्रास्फीति पर भी विचार जरूरी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने कहा कि वह खाद्य मूल्य वृद्धि को मुख्य मुद्रास्फीति से बाहर रखने से सहमत नहीं हैं। उनका कहना है कि ऐसा करने से लोगों का केंद्रीय बैंक के प्रति भरोसा कमजोर होगा, क्योंकि इसे महंगाई को नियंत्रित करने की जिम्मेदारी दी गई है। राजन ने कहा कि मुद्रास्फीति (महंगाई) को उन वस्तुओं और सेवाओं पर केंद्रित चाहिए, जो लोग रोजमर्रा के जीवन में उपयोग करते हैं। उपभोक्ताओं की धारणा महंगाई के आंकड़ों पर निर्भर करती है।



उन्होंने कहा, जब मैं गवर्नर बना था, उस समय भी हम पीपीआई (उत्पादक मूल्य सूचकांक) को फोकस कर रहे थे। लेकिन इसका एक औसत उपभोक्ता के समक्ष पेश होने वाली चुनौतियों से कोई लेना-देना नहीं होता है। पूर्व आरबीआई गवर्नर ने कहा, ऐसे में जब आरबीआई कहता है कि महंगाई कम है तो पीपीआई पर नजर डालें। अगर उपभोक्ता कुछ अलग तरह की चुनौतियों का सामना कर रहे हैं तो वे वास्तव में यह नहीं मानते कि महंगाई कम हुई है।

आर्थिक समीक्षा 2023-24 में मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन ने नीतिगत दर निर्धारण की प्रक्रिया से खाद्य महंगाई को बाहर रखने की वकालत की थी। उन्होंने कहा था कि मौद्रिक नीति का खाद्य वस्तुओं की कीमतों पर कोई असर नहीं पड़ता है क्योंकि कीमतें आपूर्ति पक्ष के दबावों से तय होती हैं। वर्तमान में अमेरिका स्थित शिकॉगो बूथ में वित्त के प्रोफेसर राजन ने इस दलील पर कहा, आप अल्पावधि में खाद्य कीमतों को प्रभावित नहीं कर सकते लेकिन यदि खाद्य कीमतें लंबे समय तक अधिक रहती हैं तो इसका मतलब है कि मांग के सापेक्ष खाद्य उत्पादन पर कुछ बंदिशें हैं। इसका अर्थ है कि इसे संतुलित करने के लिए आपको अन्य क्षेत्रों में महंगाई को कम करना होगा।

पूर्व आरबीआई गवर्नर ने बाजार नियामक सेबी की प्रमुख माधबी पुरी बुच के खिलाफ हाल में लगे कई आरोपों पर कहा कि इसे लेकर सजग रहना होगा क्योंकि कोई भी किसी भी समय आरोप लगा सकता है। उन्होंने कहा, लेकिन अगर आरोपों की पर्याप्त जांच हुई है तो नियामक के लिए सभी आरोपों से परे होना बेहद अहम है। इसका मतलब है कि उसे आरोपों को बिंदुवार संबोधित करना होगा।

सेबी प्रमुख के खिलाफ लगे आरोपों को हितों के टकराव का मामला बताते हुए राजन ने कहा कि आरोपों की जितनी विस्तृत जांच हुई है, उतना ही विस्तृत बिंदुवार जवाब होना चाहिए। उन्होंने कहा, आखिरकार, मुझे लगता है कि हमारे विनियामक का यथासंभव विश्वसनीय होना महत्वपूर्ण है। पिछले महीने माधबी और उनके पति धवल बुच ने हिंडनबर्ग रिसर्च और कांग्रेस की तरफ से लगाए गए अनुचित व्यवहार और हितों के टकराव के आरोपों का खंडन करते हुए कहा था कि ये झूठे, दुर्भावनापूर्ण और प्रेरित हैं।

## आम आदमी की जेब पर बढ़ेगा बोझ, दशहरा-दिवाली, शादियों में आटा हो सकता है महंगा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश में कल से नवरात्रि के पर्व के शुरू होने के साथ ही त्योहारी सीजन की शुरुआत हो जाएगी। 12 अक्टूबर को दशहरा मनाया जाएगा। वहीं माह के आखिरी में दीपावली का त्योहार मनाया जाएगा। इसके बाद से ही शादियों का सीजन भी शुरू हो जाएगा। लेकिन इस त्योहारी सीजन में गेहूं के बढ़ते दाम परेशान कर सकते है।



दरअसल, देश में सरकारी नियंत्रण के बावजूद गेहूं के दामों में बढ़ोतरी जारी है। सरकार ने अपरोक्ष रूप से गेहूं पर स्टॉक लिमिट लगाई हुई है। कारोबारियों को नियमित रूप से सरकार को गेहूं के स्टॉक की जानकारी देनी होती है। बावजूद इसके दो महीनों में गेहूं के दाम 200 रुपये क्विंटल से अधिक बढ़े हैं। दिल्ली की थोक मंडी में गेहूं के दाम 3100 रुपये क्विंटल पार कर गए हैं। ऐसे में यह भी आशंका जताई जा रही है कि गेहूं और आटे से बनने वाले सभी प्रोडक्ट जैसे ब्रेड, मफ़िन, नूडल्स, पास्ता, बिस्किट, केक, कुकीज की कीमतों पर इसका असर दिख सकता है।

अनाज कारोबारियों का कहना है कि, श्राद्ध पक्ष से ही गेहूं के दाम में बढ़ोतरी देखी जा रही हैं। आने वाले दिनों में यह और तेज होगा। अगर बाजार में गेहूं की आवक नहीं बढ़ी तो दीपावली तक गेहूं के दाम 3500 रुपये क्विंटल के पार कर जाएंगे। हालत ऐसे ही बने रहे तो शादी के सीजन में गेहूं के दाम 4000 रुपये क्विंटल के पार कर जाएंगे,क्योंकि गेहूं की नई आवक आने में अभी समय है।

कारोबारियों का कहना है कि,गेहूं के दामों को नियंत्रित करने के लिए सरकार को ओपन मार्केट सेल स्कीम जरिए गेहूं बेचना चाहिए। ओपन मार्केट सेल के जरिए गेहूं एक निश्चित दाम में बाजार में आएगा तो इससे गेहूं के दामों में जारी उछाल में कमी आएगी। अभी नई फसल आने में अभी पूरे 6 महीने हैं। ऐसे में पूरे साल गेहूं के दामों में नियंत्रण के लिए कम से कम 100 लाख टन गेहूं की ओपन मार्केट सेल के जरिए बाजार में उतारने की जरूरत है।

**सरकार के पास है इतना स्टॉक-** देश में गेहूं के स्टॉक की बात करे तो 1 अप्रैल को करीब 75 लाख मीट्रिक टन गेहूं था। जो बफर स्टॉक से थोड़ा सा अधिक था। जबकि इस साल 266 लाख मीट्रिक टन गेहूं की सरकारी खरीद हुई है।

## महंगे बाजार में निवेशकों को मूल्य आधारित निवेश से मिला बेहतर रिटर्न, म्यूचुअल फंड अच्छा विकल्प

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इक्विटी बाजार की नई ऊंचाई से शेयरों का मूल्यांकन काफी ज्यादा हो गया है। खुदरा निवेशकों के लिए इस माहौल में म्यूचुअल फंड बेहतर रिटर्न का विकल्प है। वैल्यू डिस्कवरी स्कीम ने ऐसे बाजार में निवेशकों को अच्छा लाभ दिया है।




विश्लेषकों का मानना है कि जो निवेशक लंबी अवधि में धन बनाना व अनुशासित तरीके से निवेश करना चाहते हैं, उनके लिए वैल्यू डिस्कवरी योजना अच्छी है। उदाहरण के तौर पर आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल वैल्यू डिस्कवरी फंड ने 20 वर्षों में सालाना चक्रवृद्धि 21.2 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। कभी-कभार खराब प्रदर्शन के बावजूद, फंड ने लगातार मजबूत मुनाफा दिया है। पिछले एक वर्ष, तीन वर्ष व दस वर्ष की अवधि में फंड ने क्रमशः 46.5 प्रतिशत, 26.4 प्रतिशत व 18 प्रतिशत का फायदा दिया है। इसने विभिन्न समयावधियों में निफ्टी 500 टीआरआई से 3-8 प्रतिशत ज्यादा लाभ दिया है।

**गिरावट में कम नुकसान-** वैल्यू डिस्कवरी बाजार की तेजी में बेंचमार्क से ज्यादा फायदा देता है। बाजार गिरता है तो इस फंड में कम नुकसान होता है। इसका कारण यह है कि हमेशा इस स्कीम का झुकाव लॉर्जकैप शेयरों पर होता है। मिड-स्मॉलकैप में कम निवेश होता है।

**70 फीसदी निवेश बड़े शेयरों में-** यह स्कीम पोर्टफोलियो का 70 प्रतिशत या उससे अधिक लार्जकैप में निवेश कर सकती है। यह कम भी हो जाता है। गत कुछ वर्षों में मिड व स्मॉलकैप शेयरों की तेजी में ऐसा दिखा है।

## गोल्ड लोन में रिकॉर्ड उछाल ने बढ़ाई आरबीआई की चिंता

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बैंकों और नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनियों के गोल्ड लोन में रिकॉर्ड ग्रोथ देखने को मिली है। लेकिन इसने आरबीआई की चिंता बढ़ा दी है। केंद्रीय बैंक ने बैंकों से कहा है कि वे लोन की अकाउंटिंग से जुड़ी खामियों को दूर करें ताकि बैड लोन की समस्या से बचा जा सके। फाइनेंस इंडस्ट्री डेवलपमेंट काउंसिल के आंकड़ों के मुताबिक वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही में गोल्ड लोन में पिछले साल के मुकाबले 26 प्रतिशत और मार्च तिमाही की तुलना में 32 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस दौरान कुल स्वीकृत राशि 79,217 करोड़ रुपये के बराबर है। यह ग्रोथ केवल इस बार ही नहीं हुई है, बल्कि कई तिमाहियों से लगातार हो रही है।



अप्रैल-जून 2023 के दौरान यह ग्रोथ 10 प्रतिशत थी। इस क्षेत्र में बैंकों में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद यह ग्रोथ देखने को मिली है। आरबीआई के सेक्टोरल डेटा के मुताबिक अगस्त 2024 में गोल्ड लोन पिछले साल के मुकाबले लगभग 41 प्रतिशत बढ़कर 1.4 लाख करोड़ रुपये हो गया। सोमवार को आरबीआई ने बैंकों और वित्त कंपनियों को अपनी स्वर्ण ऋण नीतियों और प्रक्रियाओं की समीक्षा करने और तीन महीने के भीतर किसी भी कमी को दूर करने का निर्देश दिया था।

### सबसे ज्यादा लोन

एक रिव्यू के बाद आरबीआई ने बैंकों को यह निर्देश दिया है। इस रिव्यू में पता चला कि बैंक अपने अकाउंट्स को साफ-सुथरा रखने के लिए कई तरह की अनियमित प्रैक्टिस अपना रहे हैं। इनमें बैड लोन छिपाना और उचित मूल्यांकन के बिना टॉप-अप और रोल-ओवर के जरिए ऋणों की एवरग्रीनिंग शामिल हैं। कोलेट्रल को देखते हुए गोल्ड लोन लेना आसान है। लेकिन अमूमन लोगों के पास जब उधार लेने के दूसरे रास्ते बंद हो जाते हैं तभी वे गोल्ड लोन का सहारा लेते हैं।

एनबीएफसी इंडस्ट्री की ग्रोथ के मुकाबले गोल्ड लोन में ग्रोथ दोगुनी से अधिक है। इंडस्ट्री को ग्रोथ में पिछले साल के मुकाबले 12 प्रतिशत तेजी आई है। नई और पुरानी कारों के लिए लोन में भी काफी बढ़ोतरी हुई है। इस दौरान पर्सनल लोन में भी काफी बढ़ोतरी हुई है जो एनबीएफसी ऋण का 14 प्रतिशत है। इसके बाद होम लोन का नंबर है जो इंडस्ट्री के लोन का 10 प्रतिशत है। प्रॉपर्टी लोन और अनसिक्योर्ड बिजनस लोन 8 प्रतिशत से थोड़ा अधिक है।

# सरकारी लैब भी नकली दवाओं के फेरे में पड़ गई?

**● अल्केम लेबोरेटरीज की बात सुन कर तो ऐसा ही लगता है ● अल्केम लैबोरेटरीज ने पैन-डी और क्लैवम 625 की गुणवत्ता पर किए गए दावों का खंडन किया है ● कंपनी का दावा है कि परीक्षण के लिए जिन दवाओं को उठाया गया था वे नकली थे**

**मुंबई, एजेंसी।** आपको याद होगा। पिछले दिनों ही सीडीएससीओ यानी सेंट्रल ड्रग स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गेनाइज़ेशन ने दवाओं पर अपनी एक मासिक रिपोर्ट जारी किया था। उसमें वैसी दवाओं की एक सूची जारी की गई थी, जो आवश्यक क्वालिटी स्टेंडर्ड को पूरा नहीं कर रहे थे। इस सूची में पेरासिटामोल, पेन-डी, और ग्लेसिमेट एसआर 500 जैसी 48 दवाएं शामिल थीं। इस सूची में अल्केम लेबोरेटरीज की भी दो दवाएं भी शामिल थीं। इस कंपनी का कहना है कि परीक्षण के लिए उठाई गई दवा उसकी फेक्ट्री में नहीं बनी थी। वह नकली दवा थी।

**कंपनी का यह है कहना-** मुंबई की दवा कंपनी अल्केम का कहना है कि उसके प्रोडक्ट्स Pan-D कैप्सूल (बैच नंबर ष्23444296) के एक बैच और Clavam 625 टैबलेट (बैच नंबर ष्23443940) के एक बैच को कथित तौर पर गुणवत्ता के मानकों के अनुरूप नहीं होने की जानकारी दी गई है। कंपनी ने सीडीएससीओ की ओर से



एकत्र किए गए नमूनों की तुलना अल्केम की ओर से निर्मित दोनों प्रोडक्ट्स के वास्तविक बैचों से की है। गहन जांच में यह पाया कि सीडीएससीओ ने जो नमूने चुने थे, वह नकली थे।

**अल्केम ने नहीं बनाई है यह दवा-** कंपनी की तरफ से आज यहां जारी एक बयान में बताया गया है कि सीडीएससीओ ने दवा के जो नमूने उठाए थे, उनका निर्माण अल्केम ने किया ही नहीं है। यह निष्कर्ष सीडीएससीओ के नमूनों और अल्केम द्वारा निर्मित वास्तविक बैचों के बीच भौतिक रूप, रंग और लेबलिंग में टेक्स्ट के संदर्भ में देखे गए अंतरों पर आधारित है।

**सीडीएससीओ को भेज दिया है जवाब-** अल्केम का कहना है कि उसने पहले ही सीडीएससीओ के सामने इस संबंध में विस्तृत जवाब भेज दिया है। साथ ही वह मूल्यांकन रिपोर्ट भी दी है, जिसमें पुष्टि की गई है कि सीडीएससीओ ने जो नमूने एकत्र किए थे।

### हाई क्वालिटी स्टेंडर्ड का होता है पालन

कंपनी का कहना है कि अल्केम अपने सभी प्रोडक्ट्स के लिए उच्चतम गुणवत्ता मानकों और करंट गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिसेस का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध है। नकली दवाओं के मुद्दों से निपटने के लिए अल्केम ने पैन-डी और क्लैवम 625 दोनों की पैकेजिंग में अनूठी विशेषताओं और क्यूआर कोड को शामिल किया है। यह विशेषता वास्तविक प्रोडक्ट्स को नकली प्रोडक्ट्स से अलग करता है।

### क्या कहना था सीडीएसओ ने

सीडीएसओ की रिपोर्ट में बताया गया था कि कुछ अन्य दवाओं के साथ साथ अल्केम के पैन-डी और क्लैवम 625 के बैच गुणवत्ता के मानकों पर खरे नहीं उतरते। मतलब कि ये दवाएं नॉट-ऑफ-स्टैंडर्ड क्वालिटी की श्रेणी में आते हैं। इस रिपोर्ट में सीडीएससीओ ईस्ट जोन, कोलकाता का अपडेट था।

## बॉलीवुड में रियल्टी के भी शहंशाह हैं अमिताभ बच्चन, मुंबई में खरीदी है सबसे ज्यादा प्रॉपर्टी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन रियल्टी बिजनस में निवेश के मामले में भी बॉलीवुड के शहंशाह हैं। साल 2020 से सितंबर 2024 के बीच अमिताभ और उनके बेटे अभिषेक बच्चन ने मुंबई में 180,000 स्क्वायर फुट रेजिडेंशियल और कमर्शियल प्रॉपर्टी खरीदी है। इस पर उन्होंने 194 करोड़ रुपये का निवेश किया है।



इंटिग्रेटेड रियल एस्टेट मार्केट प्लेस के आंकड़ों में यह बात सामने आई है। दूर-दूर तक इस मामले में कोई बच्चन परिवार के आसपास नहीं है। साल 2020 से सितंबर 2024 के बीच बॉलीवुड की हस्तियों ने जितनी प्रॉपर्टी खरीदी है, उसमें बच्चन परिवार की हिस्सेदारी एक तिहाई है।

दूसरे नंबर पर अभिनेत्री जान्हवी कपूर है। उन्होंने 18,550 वर्ग फीट की प्रॉपर्टी के लिए 170 करोड़ रुपये चुकाए हैं। अजय देवगन और उनकी पत्नी काजोल तथा रणवीर सिंह और उनकी पत्नी दीपिका पादुकोण ने भी मुंबई की प्रॉपर्टीज में 100 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है। महाराष्ट्र सरकार के रजिस्ट्रेशन और स्टांप विभाग के पास रजिस्टर्ड प्रॉपर्टीज पर आधारित है। मिंट की एक खबर के मुताबिक शाहरुख खान, शिल्पा शेट्टी, अक्षय कुमार और ऐश्वर्य राय ने भी मुंबई में रियल एस्टेट में निवेश किया है। इसके अलावा अभिनेता ऋतिक रोशन, रानी मुखर्जी, आलिया भट्ट और दिशा पाटनी ने भी लग्जरी प्रॉपर्टीज में पैसा लगाया है।

### कहां खरीदी सबसे ज्यादा जमीन

जानकारों का कहना है कि बॉलीवुड के सितारों ने ज्यादातर ओशीवाड़ा, बांद्रा और जुहू में निवेश किया है। इसकी वजह यह है कि ज्यादातर स्टूडियो और कास्टिंग लोकेशन बांद्रा और जुहू में ही स्थित हैं। लेकिन बच्चन परिवार ने बोरीवली ईस्ट जैसे इलाकों में भी निवेश किया है। परिवार ने इसी साल वहां ओबेरॉय के प्रोजेक्ट स्काई सिटी में कम से कम आठ फ्लैट खरीदे थे। हाल ही में खबर आई थी कि अभिषेक बच्चन ने अपने पिता अमिताभ बच्चन के घर जलसा के करीब भी प्रॉपर्टी में निवेश किया है।

# भारतीय महिलाओं को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बहुत सावधान रहने की जरूरत: हरभजन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** गुरुवार को यूएई में आईसीसी महिला टी20 विश्व कप शुरू होने के साथ ही पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने ग्रुप चरण में भारत की विरोधियों के बारे में अपने विचार साझा किए और कहा कि हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बहुत सावधान रहने की जरूरत है क्योंकि वे उनके लिए सबसे बड़ी चुनौती बन सकती हैं। भारत छह बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ ग्रुप ए में है, जबकि ग्रुप बी में बांग्लादेश, 2009 के चैंपियन इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, 2016 के विजेता वेस्टइंडीज और स्कॉटलैंड शामिल हैं। भारत शुक्रवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा और अगला मैच 6 अक्टूबर को पाकिस्तान से खेलेगा। वे 9 अक्टूबर को श्रीलंका से खेलेंगे और फिर 13 अक्टूबर को अपने आखिरी ग्रुप मैच में रिकॉर्ड छह बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेंगे। हरभजन ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, मुझे लगता है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलते समय भारत को बहुत सावधान रहने की जरूरत है। इस ग्रुप को देखते हुए, भारत के साथ ग्रुप में ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका हैं। ये सभी मैच निश्चित रूप से महत्वपूर्ण होंगे। लेकिन एक मैच जो मुझे लगता है कि थोड़ा कठिन होगा, वह है भारत-ऑस्ट्रेलिया मैच। ऑस्ट्रेलिया एक अच्छी टीम है, भले ही ये मैच दुबई में खेले जा रहे हों, उपमहाद्वीप की पिचों पर जो शायद उनके घरेलू परिस्थितियों जितनी अनुकूल न हों। उन्होंने कहा, लेकिन ऑस्ट्रेलिया, चाहे वे कहीं भी खेलें, उन्हें हराना मुश्किल है। इसलिए, भारत के लिए सबसे बड़ी चुनौती ऑस्ट्रेलिया हो सकती है। श्रीलंका भी, भारत के खिलाफ अपनी हालिया श्रृंखला जीत के बाद, आत्मविश्वास से भरा होगा। इसलिए, यह भी एक अच्छा मुकाबला होगा।

मेगा इवेंट में भारत की संभावनाओं के बारे में बोलते हुए, हरभजन ने कहा, टीम इंडिया इस टूर्नामेंट में हराने वाली टीम होगी। मुझे लगता है कि भारत की टीम बहुत मजबूत है। उनके पास अनुभव और युवा दोनों हैं। हरमन अच्छी फॉर्म में हैं, स्मृति अच्छी फॉर्म में हैं और दीप्ति एक अविश्वसनीय स्पिनर हैं। वे एक बहुत ही सक्षम टीम हैं और बहुत अच्छा क्रिकेट खेल रही हैं। टीम मजबूत दिखती है। अगर टीम इंडिया कुल मिलाकर अच्छा क्रिकेट खेलती है, तो मुझे विश्वास है कि वे इस टूर्नामेंट को जीतेंगे। भारत दुनिया में तीसरे स्थान पर है और पिछले तीन महिला टी20 विश्व कप के कम से कम सेमीफाइनल में पहुंच चुका है।

## दक्षिण अफ्रीका के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से हटे तबरेज शम्सी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्पिनर तबरेज शम्सी ने अपने सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से बाहर होने का फैसला किया है। 2016 में दक्षिण अफ्रीका की टीम में अंतरराष्ट्रीय डेब्यू के बाद से उन्होंने सभी प्रारूपों में कुल 167 विकेट लिए हैं। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने एक संयुक्त बयान में बताया कि इस कदम से 34 वर्षीय शम्सी को दुनिया भर की अलग-अलग लीगों में भाग लेने के लिए स्वतंत्रता मिलेगी, जबकि वह सफेद बाल के दोनों प्रारूपों में दक्षिण अफ्रीका का प्रतिनिधित्व करने के लिए उपलब्ध रहेंगे। शम्सी ने बयान में कहा, मैंने अपने सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से हटने का फैसला किया है, ताकि घरेलू सत्र के दौरान मैं फ्री रह सकूं, जिससे मुझे सभी उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाने और अपने परिवार के लिए भी समय मिल सके। इससे प्रोटियाज के लिए खेलने की मेरी क्षमता या प्रेरणा पर किसी भी तरह से असर नहीं पड़ेगा और जब भी मेरी जरूरत होगी मैं अपने देश के लिए खेलने के लिए हमेशा उपलब्ध रहूंगा। टीम के लिए विश्व कप जीतना हमेशा से मेरा सपना रहा है और कोई भी फ्रेंचाइजी लीग मेरे देश के लिए खेलने से ज्यादा महत्वपूर्ण नहीं होगी। शम्सी से पहले केन विलियमसन, डेवोन कॉन्वे और फिन एलन जैसे अन्य देशों के खिलाड़ियों ने भी यह फैसला लिया था। सीएसए ने कहा, हम शम्सी के फैसले का सम्मान करते हैं और अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनों और अपनी घरेलू टीम टाइटन्स के माध्यम से दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट के प्रति उनके निरंतर समर्पण पर हमें पूरा भरोसा है।

## शार्दुल ठाकुर ईरानी कप मैच के बीच अस्पताल में हुए भर्ती



**नईदिल्ली, एजेंसी।** लखनऊ के इकाना स्टेडियम में मुंबई और शेष भारत के बीच ईरानी कप 2024 का मुकाबला जारी है। इस मैच में मुंबई के बल्लेबाज सरफारज खान ने दोहरा शतक जड़ महफिल लूटी और टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। मगर इस दौरान मुंबई की मुश्किलें तब बढ़ी जब तेज बुखार के चलते टीम के हरफनमौला शार्दुल ठाकुर को अस्पताल में भर्ती कराया गया। शार्दुल ठाकुर मलेरिया और डेंगू के टेस्ट हो गए हैं जिनकी रिपोर्ट आना बाकी है। उन्होंने बुधवार की रात अस्पताल में ही गुजारी, वह गुरुवार को मैच खेलने मैदान पर उतरेंगे या नहीं इसका फैसला डॉक्टर रिपोर्ट आने के बाद ही करेंगे।ईरानी कप का आगाज 1 अक्टूबर से हुआ था और शार्दुल ठाकुर को मैच के पहले दिन से ही हल्का बुखार था। बताया जा रहा है कि दूसरे दिन सरफराज खान के साथ उन्होंने दूसरे दिन तकरीबन दो घंटे बल्लेबाजी की और 9वें विकेट के लिए 73 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की। इस दौरान उनका बुखार बढ़ गया और मैच के बाद उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# भारत में संघर्ष कर रहे विदेश के 'शेर' सिराज, न्यूजीलैंड के खिलाफ होगी 'अग्निपरीक्षा'

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पिछले कुछ सीजन में दाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज भारत के सबसे व्यस्त गेंदबाजों में से एक रहे हैं। वह टेस्ट और वनडे सेट-अप में एक महत्वपूर्ण सदस्य के रूप में उभरे हैं। जनवरी 2022 से सिराज ने सभी प्रारूपों में 728 ओवर फेंके हैं, जो सभी भारतीय तेज गेंदबाजों में सबसे अधिक है, उनसे आगे केवल स्पिनर रविचंद्रन अश्विन (786.3) और रविंद्र जडेजा (771.2) ही हैं। यहां तक कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने भी 582 ओवर ही फेंके हैं और 128 विकेट हासिल किए हैं, जो इस अवधि में मोहम्मद सिराज से पांच ज्यादा हैं।



### विदेशी पिचों पर बरपा चुके हैं कहर

हैदराबाद के इस तेज गेंदबाज ने लगभग हर दौरे और हर परिस्थिति में विपक्षी टीमों को परेशान किया है। वह सीमित ओवरों में श्रीलंका के लिए एक दुश्मन की तरह हैं। ऑस्ट्रेलिया में अपनी पहली टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। इस साल जनवरी में केपटाउन में टेस्ट के दौरान दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ (6/15) शानदार प्रदर्शन किया और हराया। साल 2021 में इंग्लैंड में भी गेंद का अच्छा इस्तेमाल किया।

हालांकि, जब जब लाल एसजी गेंद और घरेलू टेस्ट की बात आती है, तो सिराज अपने साथियों के साथ बने रहने के लिए संघर्ष करते हुए दिखाये देते हैं। मोहम्मद सिराज ने 29 में से 12 टेस्ट मैच घरेलू मैदान पर खेले हैं। इसमें उनके कुल 78 में से केवल 17 विकेट ही घरेलू मैदान पर आए हैं।

### सिराज पूर्ण स्विंग बॉलर नहीं : पारस म्हाम्ब्रे

भारत के पूर्व गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे ने को बताया, 'यह कहना गलत होगा कि सिराज भारतीय परिस्थितियों में बुमराह और शमी जितने प्रभावी नहीं हैं। हां, वह पिच की स्पीड पर निर्भर रहते हैं। एक बात जो लोगों को समझनी चाहिए वह यह है कि सिराज कभी भी पूरी तरह से स्विंग गेंदबाज नहीं थे। अगर आप उनके रिलीज पॉइंट को देखें, तो वह बाएं हाथ के बल्लेबाजों से गेंद को दूर ले जाते हैं और दाएं हाथ के बल्लेबाजों को निप-बैकर गेंदबाजी करते हैं।'

म्हाम्ब्रे बताते हैं, 'इसमें कोई संदेह नहीं है कि सिराज का कौशल स्तर बहुत ऊंचा है। भारतीय परिस्थितियों में, उन्हें उतने विकेट नहीं मिल रहे हैं क्योंकि उनकी भूमिका अलग है। अगर बुमराह एक छोर से गेंदबाजी कर रहे हैं, तो सिराज दूसरे छोर पर कसी हुई गेंदबाजी करने की कोशिश करते हैं (भारतीय पिचों पर)। कप्तान उनसे यही उम्मीद करते हैं। म्हाम्ब्रे का मानना है कि दाएं हाथ के गेंदबाज का स्वाभाविक एक्शन और मिडिल और लेग स्टंप लाइन पर गेंद डालने की प्रवृत्ति उनकी कमियों को बढ़ाती है। पारस म्हाम्ब्रे ने कहा, 'उनकी रिवर्स स्विंग शमी या उमेश यादव की तरह प्रभावी नहीं है। उस एक्शन से रिवर्स स्विंग गेंदबाजी करना बहुत मुश्किल है। शमी के मामले में, उनके पास वह त्रुटिहीन सीम बॉलर हैं। वह बल्लेबाजों (दाएं और बाएं दोनों) को हवा में चकमा देते हैं। उमेश के साथ यह है कि वह अपने स्लिंगी एक्शन के कारण रिवर्स स्विंग से हासिल करते थे। इसके अलावा, वे दोनों सिराज से तेज (स्पीड) भी हैं।'

पारस म्हाम्ब्रे इस बात से सहमत हैं कि 30 साल के सिराज अब भी घरेलू मैदान पर लाल गेंद से बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश कर रहा है। पारंपरिक स्विंग की कमी और लगातार अंदर की ओर सीम मूवमेंट की तलाश ने सिराज के घरेलू मैदान पर शुरुआती नंबरों को प्रभावित किया है, जिससे उन्हें गेंद के साथ रक्षात्मक भूमिका की ओर जाना पड़ा है।

### बांग्लादेश के खिलाफ 2 पारियों में लिये थे 4 विकेट

चोटों और वर्कलोड मैनेजमेंट के कारण अक्सर मुख्य खिलाड़ी प्रभावित होते हैं। सिराज ने पिछले तीन साल में घरेलू मैदान पर किसी भी अन्य तेज गेंदबाज की तुलना में अधिक टेस्ट मैच खेले हैं। चेन्नई में बांग्लादेश के खिलाफ पहला टेस्ट सामान्य से अलग था। वहां भारत ने 2019 के बाद पहली बार घरेलू मैदान पर तीन तेज गेंदबाजों (जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और आकाशदीप) को शामिल किया था। भारत ने दूसरे टेस्ट में भी क्रम बनाए रखा। हालांकि, मोहम्मद सिराज ने दो पारियों में केवल 4 विकेट लिए, जो तेज गेंदबाजों में सबसे कम है।

### घरेलू मैदान पर सिराज का प्रदर्शन

2010 से लेकर अब तक घरेलू मैदान पर कम से कम 10 टेस्ट खेलने वाले सात भारतीय तेज गेंदबाजों में से सिराज सबसे कम प्रभावी रहे हैं। उनका 34.52 का औसत सबसे खराब है, जबकि 59.9 का स्ट्राइक रेट इशांत शर्मा (71.4) से थोड़ा ही ज्यादा है। जसप्रीत बुमराह ने 10 टेस्ट मैच में 15.47 के शानदार औसत और 32.4 की स्ट्राइक रेट के साथ 44 विकेट लिए हैं, जो सिराज से लगभग दोगुना है।

## श्रीलंकाई क्रिकेटर के खिलाफ आईसीसी की सख्त कार्रवाई



**कोलंबों, एजेंसी।** श्रीलंका के बाएं हाथ के स्पिनर प्रवीण जयविक्रमा पर आईसीसी ने एंटी करप्शन कोड का उल्लंघन करने के चलते एक साल का बैन लगाया है। इस दौरान वह 6 महीने के लिए सस्पेंड रहेंगे। जयविक्रमा पर यह प्रतिबंध आईसीसी की भ्रष्टाचार निरोधक संहिता के उल्लंघन की बात स्वीकार करने के बाद लगाया गया है। जयविक्रमा ने संहिता के अनुच्छेद 2.4.7 के उल्लंघन की बात स्वीकार की है। जयविक्रमा ने आखिरी बार 2022 में श्रीलंका का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने पांच टेस्ट, पांच वनडे और इतने ही टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। इन 15 मैचों में उन्होंने कुल 32 विकेट चयकाए हैं। बता दें, जयविक्रमा पर लगे आरोप अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और लंका प्रीमियर लीग से संबंधित हैं। आईसीसी ने श्रीलंका क्रिकेट के साथ समझौते में भ्रष्टाचार निरोधक संहिता के अनुच्छेद 1.7.4.1 और 1.8.1 के अनुसार काम किया।



## एलएलसी 2024: मार्टिन गुप्टिल ने 54 गेंदों पर जड़े 131 रन, 1 ओवर में 6 छक्के लगाने से चूके

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लीजेंड्स लीग क्रिकेट 2024 में सदर्न सुपर स्टार्स के सलामी बल्लेबाज मार्टिन गुप्टिल ने नवीन स्टीवर्ट के एक ओवर में 34 रन जड़ दिए। उनका एक शॉट 4 रन के लिए चला गया नहीं तो उनका नाम भी एक ओवर में 6 छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों में होता। बहरहाल, कोणार्क सूर्या ओडिशा के खिलाफ उक्त मैच सूरत के लालाभाई कॉन्ट्रैक्टर स्टेडियम में खेला गया। बल्लेबाजी पावरप्ले के अंतिम ओवर के दौरान न्यूजीलैंड के क्रिकेटर ने डीप मिडविकेट, डीप स्क्वायर लेग, स्वीपर कवर पर छक्का लगाया। चौथी गेंद पर चौका लगा। इसके बाद अगली दोनों गेंदों पर भी गुप्टिल ने छक्के जड़ दिए।

### ओडिशा ने बनाए थे 192 रन

पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर ओडिशा के सलामी बल्लेबाज लेवी और जेसी राइडर ने महज 30 गेंदों पर 76 रनों की साझेदारी की। लेवी ने 21 गेंदों में नौ चौकों और चार छक्कों की मदद से विस्फोटक 63 रन बनाए, जबकि राइडर 18 रन बनाने में सफल रहे। यूसुफ पठान ने 22 गेंदों पर तेजी से 33 रन जोड़े, जिसमें दो चौके और तीन छक्के शामिल थे। बाद में पारी में, विनय कुमार ने 18 रन बनाए, जिससे ओडिशा को 20 ओवरों में नौ विकेट पर 192 रन बनाने में मदद मिली। साउदर्न सुपर स्टार्स के लिए सुबोथ भाटी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे, जिन्होंने तीन विकेट लिए।

### 16 ओवर में जीती दक्षिणी सुपर स्टार्स

दक्षिणी सुपर स्टार्स की शुरूआत सधी हुई रही। ओपनर गोस्वामी ने 15 गेंदों पर 18 तो मस्कादजा ने 17 गेंदों पर 20 रन बनाए। इस दौरान 38 वर्षीय मार्टिन गुप्टिल ने एक छोर संभालते हुए आक्रमक शॉट लगाने जारी रखे। गुप्टिल ने 48 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। गुप्टिल ने अपने दूसरे ओवर में नवीन पर हमला करना जारी रखा और चार छक्के और एक चौका लगाया। 193 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए साउदर्न सुपर स्टार्स के लिए गुप्टिल 54 गेंदों में नौ चौकों और 11 छक्कों की मदद से 131 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने चार ओवर शेष रहते सात विकेट से मैच जीत लिया।

## विश्व कप क्वालीफायर के लिए अर्जेंटीना की टीम में मेसी की वापसी, टखने की चोट से जूझ रहे थे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्टार फुटबॉल खिलाड़ियों लियोनल मेसी की वेनेजुएला और बोलीविया के खिलाफ होने वाले दक्षिण अमेरिकी विश्व कप क्वालीफाइंग मैचों के लिए अर्जेंटीना की राष्ट्रीय टीम में वापसी हुई है। 37 वर्षीय मेसी टखने की चोट के कारण हाल ही में हुए मुकाबलों से बाहर रहे थे।



अर्जेंटीना के कोच लियोनल स्कालोनी ने 10 अक्टूबर को वेनेजुएला और उसके पांच दिन बाद ब्यूनस आयर्स में बोलीविया से होने वाले मैचों के लिए बुधवार को टीम की घोषणा की। कोलंबिया के खिलाफ कोपा अमेरिका फाइनल में चोटिल होने के बाद मेसी पिछले दो दौर के मुकाबले नहीं खेल पाए थे। अर्जेंटीना 18 अंकों के साथ दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग में सबसे आगे है। उसके बाद कोलंबिया के 16 और उरुग्वे के 15 अंक हैं। यहां से शीर्ष छह टीमें 2026 फीफा विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी जबकि सातवें स्थान पर रहने वाली टीम एक स्थान के लिए अंतरराष्ट्रीय प्लेऑफ खेलेगी।

# वेस्टइंडीज के सफेद गेंद दौरे के लिए जोस बटलर की इंग्लैंड टीम में वापसी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के सफेद गेंद के कप्तान जोस बटलर ने वेस्टइंडीज के आगामी सफेद गेंद के दौरे के लिए टीम में वापसी कर ली है। ईसीबी (इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड) ने बुधवार को टीम की घोषणा कर दी है। बटलर हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज में नहीं खेले थे। पिंडली की चोट के कारण बटलर बाहर थे। उनकी जगह युवा हैरी ब्रूक को इंग्लैंड का कप्तान बनया गया था। इंग्लैंड ने यह सीरीज 2-3 से गंवादी थी। बटलर के अलावा लेग स्पिनर जाफ़र चौहान को टीम में रखा गया है। 22 वर्षीय जाफ़र चौहान ने अब तक अपने छोटे से करियर में 23 मैचों में 22 विकेट लिए हैं। तेज गेंदबाज जॉन टर्नर और स्पिन ऑलराउंडर डैन मूसली टीम में एकमात्र अन्य



अनकैप्ड खिलाड़ी हैं।

टर्नर, जो पिछले दिसंबर में कैरेबियाई दौरे का भी हिस्सा थे, ने अपने लिस्ट ए और टी20 करियर में अब तक 35 और 42 विकेट लिए हैं। दूसरी ओर, मूसली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हालिया वनडे सीरीज का हिस्सा थे और उन्होंने अपने छोटे से टी20 करियर में अब तक 1100 रन बनाए हैं और 63 मैचों में 50 विकेट भी लिए हैं।

ईसीबी ने अब तक दौरे के लिए 14 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। इंग्लैंड तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए वेस्टइंडीज का दौरा करेगा और उसके बाद 5 टी20 मैच खेलेगा। वनडे सीरीज 31 अक्टूबर से शुरू होगी, जिसके पहले 2 वनडे मैच सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम, नॉर्थ साउंड, एंटीगुआ में खेले जाएंगे, जबकि तीसरा टी20 मैच केंसिंग्टन ओवल, ब्रिजटाउन, बारबाडोस में होगा। टी20 श्रृंखला 09 नवंबर से शुरू होगी, जिसके पहले 2 मैच बारबाडोस में खेले जाएंगे, जबकि शेष 3 मैच ब्यूजजोर स्टेडियम, ग्रोस आइलेट, सेंट लूसिया में आयोजित किए जाएंगे।

### वेस्टइंडीज दौरे के लिए इंग्लैंड टीम

जोस बटलर (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, जैकब बेथेल, जाफर चौहान, सैम कुरेन, विल जैक, लियाम लिविंगस्टोन, साकिब महमूद, डैन मूसली, जेमी ओवरटन, आदिल राशिद, फिल साल्ट, रीस टॉपले, जॉन टर्नर।

# आलिया भट्ट फिल्मों की सफलता को लेकर रखती हैं अलग राय

आलिया भट्ट की गिनती बॉलीवुड की बेहतरीन अभिनेत्रियों में होती है। उन्होंने अपने अब तक के करियर में कई हिट फिल्में दी हैं। इन दिनों वह अपनी आगामी फिल्म 'जिगरा' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। हाल ही में अभिनेत्री ने साझा किया कि प्रचार किसी फिल्म की सफलता को कितना प्रभावित कर सकता है। आलिया की राय इसे लेकर अन्य लोगों से अलग है। उन्होंने हाल ही में स्वीकार किया कि किसी भी तरह का पीआर किसी खराब फिल्म को नहीं बचा सकता।



अभिनेत्री ने यह भी कहा कि अगर कोई फिल्म अच्छा प्रदर्शन करती है तो इसका श्रेय सिर्फ प्रचार को नहीं दिया जा सकता। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हाल ही में अभिनेत्री ने अपनी आगामी फिल्म का प्रचार करते हुए उन्होंने प्रचार के बारे में बात की और कहा, 'आप पीआर के जरिए किसी खराब फिल्म को नहीं बचा सकते। आप ऐसी फिल्म को नहीं बचा सकते जो पीआर के जरिए कामयाब न हुई हो। इसलिए, अगर यह कामयाब होती है, तो आप यह नहीं कह सकते कि यह पीआर की वजह से है। यही अंतर है सीमा तय करें और समझने की कोशिश करें।'

# अर्चना ने लाइफ की सबसे मुश्किल सिचुएशन का जिक्र किया



द' ग्रेट इंडियन कपिल शो' में जज बनकर नजर आने वालीं अर्चना पूरन सिंह ने हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में अपनी लाइफ की सबसे मुश्किल सिचुएशन का जिक्र किया। इंस्टैंट बॉलीवुड को दिए इंटरव्यू में अर्चना ने कहा, 'मैं एक कॉमेडी शो की शूटिंग कर रही थी। टीम ने ज्यादातर एपिसोड शूट कर लिए थे, पर कुछ सीन्स बाकी रह गए थे। इस शूटिंग के दौरान ही मुझे खबर मिली कि मेरी सास का निधन हो गया है।' अर्चना ने बताया, 'इंडस्ट्री में 20-30 साल बिताने के बाद आप इतने सेंसिटिव तो हो जाते हैं कि प्रोफेशनल कमिटमेंट समझ सकें। मेरे पति भी उस वक्त मेरी सिचुएशन समझ गए। हालांकि, उनको 15 मिनट लगे पर वो समझ गए। इसके बाद मेकर्स ने क्या किया मुझे कुछ समझ नहीं आया मैं बस एक्शन सुनते ही ठहाके लगाकर जोर-जोर से हंसती रही।' 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के हालिया एपिसोड में 'देवरा' की स्टार कास्ट से जान्हवी कपूर, जूनियर एनटीआर और सैफ अली खान बतौर गेस्ट शामिल हुए थे। यह एपिसोड नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रहा है।

# हेम्सवर्थ के साथ 'क्राइम 101' में दिख सकती हैं ऑस्कर विजेता हैली बेरी

## जल्द शुरू होगी शूटिंग



ऑस्कर विजेता अभिनेत्री हैली बेरी, डॉन विंसलो की शॉर्ट स्टोरी फिल्म 'क्राइम 101' का हिस्सा बन सकती हैं। इस सिलसिले में अभिनेत्री से बातचीत चल रही है। इस फिल्म में वह अभिनेता क्रिस हेम्सवर्थ के विपरीत लीड फीमेल अभिनेत्री का किरदार निभाएंगी। यह फिल्म अगले साल सिनेमाघरों में दस्तक दे सकती है। हालांकि, फिल्म के प्लाट को अभी गुप्त रखा गया है। हालांकि, कहा जा रहा है कि फिल्म में 'हीट' की झलक देखने को मिल सकती है, जो प्रशांत तट पर एक बहुत बड़ी चोरी को दिखाएगी। डेडलाइन के मुताबिक फिल्म की शूटिंग इस महीने से शुरू होगी।

**बार्ट लेटन कर रहे फिल्म का निर्देशन**

इस फिल्म का निर्देशन बार्ट लेटन कर रहे हैं और पीटर स्ट्रॉघन के साथ मिलकर इसकी पटकथा लिखी है। निर्माताओं में स्टोरी फैक्ट्री के शेन सालेर्नो, वर्किंग टाइटल के एरिक फेलनर और टिम बेवन, 'रॉ' के लेटन और दिमित्री डोगानिस और डेरिन स्लेसिंगर शामिल हैं। वहीं, 'रॉ' के जोली फेदर कार्यकारी निर्माता होंगे।

**हेम्सवर्थ फिल्म निर्माण में भी हैं शामिल**

डेडलाइन के मुताबिक पिछले साल हेम्सवर्थ के साथ अभिनय करने के लिए अभिनेता पेड्रो पास्कल को इस प्रोजेक्ट से जोड़ा गया था, लेकिन शेड्यूलिंग की दिक्कतों के चलते उन्होंने प्रोजेक्ट छोड़ दिया। हेम्सवर्थ अपने प्रोडक्शन पार्टनर बेन ग्रेसन के साथ मिलकर फिल्म का निर्माण भी करेंगे।

**हैली बेरी को इस फिल्म के लिए मिला था ऑस्कर**

अभिनेत्री हैली बेरी के शानदार अभिनय करियर में 2002 की ऐतिहासिक जीत शामिल है, जब वह 'मॉन्स्टर बॉल' में अपनी भूमिका के लिए 'सर्वश्रेष्ठ अभिनेता' का 'अकादमी पुरस्कार' पाने वाली पहली और एकमात्र अफ्रीकी अमेरिकी महिला बनीं।

# पुष्पा 2 के टीज़र ने तोड़े रिकॉर्ड

## फिल्म की रिलीज से पहले ही दर्शकों में दिखा अद्भुत जोश!



जब से देश भर ने मच अवेटेड फिल्म पुष्पा 2: द रूल का जबरदस्त टीजर देखा है, तब से इसकी रिलीज के लिए उत्साह बढ़ता ही जा रहा है। टीजर ने रिलीज होते ही रिकॉर्ड तोड़ दिए। इतना ही नहीं, जब इसे बड़ी स्क्रीन पर दिखाया गया, तब दर्शकों के बीच उत्साह स्पष्ट रूप से देखने को मिला। दर्शक एक साथ खुशी से तालियाँ बजाते हुए अपनी खुशी को रोक नहीं पाए। मेकर्स ने अपने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें दर्शक सिनेमा हॉल में जोर-जोर से चीयर करते नजर आ रहे हैं, जबकि स्क्रीन पर पुष्पा 2: द रूल का टीजर चल रहा है।

**जयपुर में एक इवेंट में शामिल होने के कारण विवादों में आई अभिनेत्री तृप्ति डिमरी का इस मामले पर एक बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि वह किसी भी निजी कार्यक्रम में शामिल नहीं हुई और न ही उन्होंने इसके लिए पैसा लिया है।**

बताया जा रहा है कि अभिनेत्री को फिक्की एफएलओ कार्यक्रम में महिला उद्यमियों की ओर से बुलाया जा रहा था, जिन्होंने अब उनका और उनकी आगामी फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो का बहिष्कार करने का मन बना लिया है। इसके अलावा, कार्यक्रम में तृप्ति डिमरी के लगाए गए पोस्टर को भी हटा दिया गया है।

## तृप्ति डिमरी विवाद

# अभिनेत्री की टीम का आधिकारिक बयान आया सामने



अभिनेत्री की टीम की ओर से आए एक बयान में कहा गया, अपनी फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो के लिए चल रहे प्रचार अभियान के दौरान अभिनेत्री तृप्ति डिमरी ने फिल्म से संबंधित सभी निर्धारित कार्यक्रमों और सत्रों में भाग लेते हुए अपने पेशेवर दायित्वों का पूरा सम्मान किया है।

तृप्ति डिमरी के प्रवक्ता ने कहा, उन्होंने अपने प्रचार कार्यक्रम से अलग किसी भी व्यक्तिगत उपस्थिति या कार्यक्रम में भाग नहीं लिया और न ही भाग लेने को कहा। यह स्पष्ट करना महत्वपूर्ण है कि तृप्ति डिमरी ने इसके लिए कोई पैसा नहीं लिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 30 वर्षीय स्टार को जयपुर में नारी शक्ति पर फिक्की एफएलओ द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेना था। मगर वह इस कार्यक्रम में भाग नहीं ले सकी। ऐसी खबरें भी सामने आई थी कि अभिनेत्री ने इस कार्यक्रम के लिए 5.5 लाख रुपये लिए थे। फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो में तृप्ति डिमरी के साथ बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव भी हैं। यह 11 अक्टूबर को रिलीज होने वाली है, जिसमें विजय राज, मल्लिका शेरावत, अर्चना पूरन सिंह और राकेश बेदी जैसे कलाकार भी हैं।

# रणवीर सिंह पर मुकेश खन्ना ने फिर साधा निशाना

रणवीर सिंह 'शक्तिमान' पर बन रही फिल्म में लीड रोल निभाना चाहते हैं। फिल्म के मेकर्स सोनी पिक्चर्स भी उन्हें यह रोल ऑफर करने के लिए तैयार हैं पर मुकेश खन्ना लंबे समय से इसका विरोध कर रहे हैं। हाल ही में उन्होंने एक इंटरव्यू में एक बार फिर यही बात कही है। इस बार उन्होंने दीपिका पादुकोण को भी मामले में घसीटा है। बातचीत में मुकेश ने कहा, लोग जानते हैं कि रणवीर सिंह मुझे मनाने आया था कि मैं उसे शक्तिमान का रोल कर दूं।



मेरा सोनी टीवी के साथ भी इस बात को लेकर विवाद हुआ था क्योंकि मैंने रणवीर को इसकी इजाजत नहीं दी थी कि वो ये रोल प्ले करे। रणवीर मेरे पास उस दिन 3 घंटे बैठा रहा लेकिन मैंने उसे बताया कि शक्तिमान के चेहरे पर जो चीज दिखनी चाहिए वो उसके पास नहीं है। मुकेश खन्ना ने इसी के साथ रणवीर सिंह के न्यूड फोटोशूट पर भी बात की।

उन्होंने कहा, उस फोटोशूट की वजह से मैं नहीं चाहता कि रणवीर शक्तिमान का किरदार निभाएं। हालांकि रणवीर ने मुझसे कहा था कि उन्होंने फोटोशूट में न्यूड पोज नहीं दिया था बल्कि अंडरवियर पहनी हुई थी। मगर मुझे उनका पुराना स्टेटमेंट याद आया जिसमें उन्होंने कहा था कि वो न्यूड पोज देने में कंफर्टेबल थे। बता दें कि रणवीर ने 2022 में पेपर मैगजीन के लिए फोटोशूट करवाया था जिसमें उनके न्यूड पोज से काफी विवाद हुआ था। 2022 में सोनी पिक्चर्स ने एक वीडियो के जरिए फिल्म शक्तिमान की अनाउंसमेंट की थी। रिपोर्ट्स की मानें तो ये एक मेगा बजट फिल्म होगी, जिसे 200-300 करोड़ के बजट में तैयार किया जाएगा। मेकर्स इसे इंटरनेशनल लेवल पर बनाने की प्लानिंग कर रहे हैं। ये फिल्म साल 1997 में पॉपुलर शो शक्तिमान के सुपरहीरो कैरेक्टर पर आधारित होगी।

# इंडिया वापस आने के लिए तड़प रही हैं राखी



टीवी की जानीमानी एक्ट्रेस राखी सावंत बीते काफी समय से मीडिया से गायब चल रही हैं. राखी सावंत का फैंस को कोई अतापता नहीं था. इसी बीच राखी सावंत ने एक वीडियो शेयर करके सनसनी मचा दी है. इस वीडियो के जरिए राखी सावंत ने फैंस को बताया है कि वो फिलहाल दुबई में फंसी हुई हैं. अपनी लेटेस्ट वीडियो में राखी सावंत जमकर रोती नजर आई. इतना ही नहीं राखी सावंत ने तो पीए मोदी से गुहार तक लगा दी है कि वो अब इंडिया वापस आना चाहती हैं. वीडियो में राखी सावंत कहती दिखीं, में मोदी जी, बीजेपी और देश में जितने भी कानून के रखवाले हैं, सबसे गुहार लगाना चाहती हूं. मैं इंडिया वापस आना चाहती हूं.

मैं चाहती हूं कि मेरी बेल हो जाए ताकि मैं वापस लौट सकूं. आगे राखी सावंत ने कहा, अब तक मैंने अपनी मां की अस्थियां श्मशान घास से नहीं ली हैं. मैं बेकसूर हूं. मुझे फंसाया जा रहा है. मेरे साथ गलत हुआ है. मैं अपने देश में फिर से कदम रखना चाहती हूं. 2 साल से किसी और देश में रह रही हूं. अब मुझसे नहीं रहा जा रहा है. मुझे रोज शष्मशान घाट से फोन आते हैं लेकिन मैं नहीं जा सकती. मुझे धमकी मिल रही है कि इंडिया आते ही मुझे जेल भेज दिया जाएगा. मुझे बेल नहीं दी जाएगी. गौरतलब है कि कुछ समय पहले ही राखी सावंत ने दुबई में अपनी एक प्रॉपर्टी खरीदी थी. जिसके बाद राखी सावंत के पति आदिल दुर्रानी ने उन पर धोखाधड़ी का केस दर्ज करवाया था. गिरफ्तारी के डर से राखी सावंत ने देश ही छोड़ दिया था. इस घटना के बाद से ही राखी सावंत दुबई में रह रही हैं. अब राखी सावंत ने ये वीडियो शेयर करके जमाने को अपना दर्द सुनाया है.

# धूम:4 में हुई अयान मुखर्जी की एंट्री



यशराज फिल्म्स की हिट फ्रेंचाइजी फिल्म धूम 4 इन दिनों लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। धूम 4 को लेकर लगातार तरह तरह के अपडेट सामने आ रहे हैं. कुछ समय पहले ही खबर आई थी कि धूम 4 को विजय कृष्ण आचार्य यानी विक्टर प्रोड्यूस करने वाले हैं. रिपोर्ट्स में तो ये तक कहा गया था कि फिल्म धूम 4 में इस बार रणबीर कपूर की एंट्री होने वाली है.


झ इसी बीच फिल्म धूम 4 को लेकर एक और बड़ा अपडेट सामने आ रहा है. खबरों की मानें तो फिल्म धूम 4 में जल्द ही बॉलीवुड के जानेमाने डायरेक्टर अयान मुखर्जी की एंट्री होने वाली है. इस खबर ने फिल्म धूम 4 के फैंस का उत्साह सातवें आसमान पर पहुंचा दिया है. हालांकि फिल्म धूम 4 के मेकर्स ने अब तक भी इस खबर पर मुहर नहीं लगाई है. बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि विजय कृष्ण आचार्य ने फिल्म धूम 4 की स्क्रिप्ट लिखी है। कहा तो ये भी जा रहा है कि फिल्म धूम 4 में रणबीर कपूर विलेन की भूमिका निभाने वाले हैं. ऐसे में मेकर्स फिल्म धूम 4 के लिए नए हीरो की तलाश कर रहे हैं. अब ये तो हर कोई जानता है कि रणबीर कपूर और अयान मुखर्जी की जोड़ी कितनी बड़ी हिट है. ये दोनों जब भी साथ काम करते हैं, तब तब बॉक्स ऑफिस पर भूचाल आ जाता है. फिल्म ब्रह्मास्त्र इस बात का सबूत है.

अब तक फिल्म धूम के 3 पार्ट बन चुके हैं. ऐसे में अब फैंस चौथे पार्ट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. हालांकि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स का तो ये भी दावा है कि धूम 4 में रणबीर कपूर की एंट्री नहीं होने वाली है. सच की तह तक पहुंचने के लिए अब फैंस को सही समय आने तक इंतजार करना होगा.

# द ट्रायल सीजन 2 में सना शेख के रूप में वापसी कर रहीं कुब्रा सैत, शुरू की शो की शूटिंग

कुब्रा सैत निश्चित रूप से करियर की ऊँचाई पर हैं। सेक्रेड गेम्स, जवानी जानेमन (2021), शहर लाखोट (2023), फर्जी (2023) जैसी प्रशंसित शो और फिल्मों में अपने शानदार किरदारों के लिए जानी जाने वाली इस प्रतिभाशाली अभिनेत्री ने अब द ट्रायल के दूसरे सीजन की शूटिंग शुरू कर दी है।

पहले सीजन में सना शेख का किरदार निभाने वाली सैत को उनके प्रदर्शन के लिए खूब सराहना मिली थी। आज, अपने सोशल मीडिया पर जाकर, कुब्रा सैत ने एक तस्वीर साझा की और खुलासा किया कि उन्होंने दूसरे सीजन की शूटिंग शुरू कर दी है। द ट्रायल के पहले सीजन में काजोल, शीबा चड्ढा, जिशु सेनगुप्ता और अन्य प्रमुख कलाकार शामिल थे। कुब्रा सैत के सीजन 2 में सना शेख के रूप में वापसी करने के साथ ही देखना दिलचस्प होगा कि इस बार उनके किरदार में क्या नई गतिशीलता देखने को मिलती है। द ट्रायल सीजन 2 के अलावा, कुब्रा सैत ने हाल ही में सन ऑफ सरदार 2 के प्रमुख हिस्से की शूटिंग पूरी की है, जिसमें अजय देवगन, मृणाल ठाकुर और रवि किशन भी हैं। कुब्रा डेविड धवन की अगली अनाम कॉमेडी एंटरटेनर में भी नजर आएंगी।



-साभार एजेंसी